e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 173

बुधवार

26.06.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

कल के मोर से आज का कबूतर भला अर्थात संतोष सब से बड़ा धन है।



# लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने पर पलामू, लातेहार व गढ़वा एसपी को मिला प्रशस्ति पत्र





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू दशकों बाद पलामू जोन में हिंसा मुक्त लोक सभा चुनाव हुआ है. पिछले तीन दशक से नक्सली संगठन चुनाव के दौरान हिंसक घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।लेकिन इस बार लोकसभा के चुनाव में पलामू, लातेहार और गढ़वा के इलाके में किसी भी तरह की हिंसा नहीं हुई है। लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने पलामू, लातेहार और गढ़वा एसपी को प्रशस्ति पत्र भेजा है।मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का पत्र पलामू एसपी रीष्मा रामेशन, लातेहार एसपी अंजनी अंजन और गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय को मिला है. पलामू और गढ़वा, पलामू लोकसभा क्षेत्र जबकि पलामू का पांकी विधानसभा एवं लातेहार, चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पलामू एसपी रीष्मा रामेशन, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने पत्र मिलने की पुष्टि की है।पलामू का इलाका नक्सल हिंसा के लिए पूरे देश भर में चर्चित रहा है और चुनाव के दौरान कई बड़ी घटनाएं हुई हैं. जबकि गढ़वा और लातेहार का सीमावर्ती क्षेत्र पर बूढ़ा पहाड़ मौजूद है, जो माओवादियों का ट्रेनिंग सेंटर रहा है. बूढ़ा पहाड़ के कई इलाकों में तीन दशक के बाद मतदान केंद्र बनाया गया था. जहां बंपर वोटिंग हुई है. वहीं पलामू के कई इलाकों में केंद्रों तक पोलिंग पार्टी सड़क मार्ग से मतदान केंद्र तक गई है. पलामू के चक के इलाके में पहली बार मतदान कर्मी सड़क मार्ग से गए थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने तीनों एसपी को पत्र लिखकर चुनाव के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की है।

# केतार पुलिस ने की वाहन जांच, सात का हुआ चलान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने मंगलवार को उक्त थाना के समीप संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया वाहन के कागज, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, शू, इंश्योरेंस आदी की जांच की गई। तत्पश्चात सात वाहन को जप्त कर थाना लाया गया और चालान के लिए डीटीओ ऑफिस गढ़वा भेज दिया गया। उक्त वाहन जांच से बिना हेलमेट और बिना कागजात के चला रहे वाहन चालकों में हड़कंप है।

## संस्कार के बिना संस्कृति की स्थापना नही हो सकता : स्वामी जी महाराज



**पड़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को पूज्य श्री जीयर स्वामी जी ने कहा की संस्कार के बिना संस्कृति की स्थापना नही हो सकती। व्याख्या करते हुए कहा की भारतीय संस्कृति व सभ्यता विश्व की सर्वाधिक प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति व सभ्यता है। आज भी यह अपने परंपरागत अस्तित्व के साथ अजर-अमर बनी हुई है. संस्कृति किसी भी देश, जाति और समुदाय की आत्मा होती है. संस्कृति से ही देश, जाति या समुदाय के उन समस्त संस्कारों का बोध होता है जिनके सहारे वह अपने आदर्शों, जीवन मूल्यों, आदि का निर्धारण करता है. अतः संस्कृति का साधारण अर्थ होता है-संस्कार, सुधार, परिष्कार, शुद्धि. संस्कृति का क्षेत्र सभ्यता से कहीं अधिक व्यापक और गहन होता है. सभ्यता का अनुकरण किया जा सकता है लेकिन संस्कृति का अनुकरण नहीं किया जा सकता है. सभ्यता वह है जो हम बनाते हैं तथा संस्कृति वह है जो हम हैं। भारतीय संस्कृति का सर्वाधिक व्यवस्थित रूप वैदिक युग में प्राप्त होता है. वेद विश्व के प्राचीनतम ग्रंथ माने जाते हैं. प्रारंभ से ही भारतीय संस्कृति अत्यंत उदात्त, समन्वयवादी, सशक्त एवं जीवंत रही हैं, जिसमें जीवन के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा आध्यात्मिक प्रवृत्ति का अद्भुत समन्वय पाया जाता है। भारतीय विचारक आदिकाल से ही संपूर्ण विश्व को एक परिवार के रूप में मानते रहे हैं इसका कारण उनका उदार दृष्टिकोण है। हमारे विचारकों की 'उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत में गहरी आस्था रही है। ववस्तुतः शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शक्तियों का विकास ही संस्कृति की कसौटी है।

## ग्रामीणों ने डीलर पर करवाई की मांग की



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कुंबा खुर्द गांव के सैकड़ो ग्रामीण महिलाओं ने जन वितरण प्रणाली दुकानदार मां गायत्री महिला समूह की डीलर गीता लकड़ा पर राशन का कालाबजारी करने के खिलाफ प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। घेराव करने वाली महिलाओं ने अंचल अधिकारी सह प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी बिकास कुमार सिंह को आवेदन सौप कर कालाबजारी करने वाले डीलर रीता लकड़ा पर कारवाई करने की मांग किया। आपूर्ति पदाधिकारी ने घेराव करने वाले महिलाओं को जांचोपरांत कारवाई करने का आश्वासन दिया। सौपे गए आवेदन के माध्यम से महिलाओं ने बताया की डीलर रीता लकड़ा कोरोना काल में केंद्र सरकार से मिलने वाले राशन का कालाबजारी किया था। लोगो ने बताया की दो वर्षो में सिर्फ दो माह का राशन डीलर द्वारा वितरण किया गया था। महिलाओं ने बताया कि डीलर ने अगस्त 2023 का राशन नहीं वितरण किया था। 2024 के अप्रैल माह में भी डीलर द्वारा पूरा राशन नहीं दिया गया। लोगो ने बताया की मई माह में राशन नहीं देकर डीलर ने राशन का कालाबजारी कर दिया गया।महिलाओं ने आपूर्ति पदाधिकारी से बताया की इससे पूर्व भी कई बार डीलर के विरुद्ध शिकायत किया था लेकिन कोई कारवाई नही किया गया। घेराव करने वालो में अनिता मिंज, सुमन टोपो, धनवंती टोपो, शांति बाखला, विमला कुजूर, शुरजी देवी,गिरधारी उरांव, चन्देश्वर उरांव, श्यामा सिंह, कृष्णा उरांव, बबलू चौधरी, मदन अगरिया, रामनाथ उरांव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड प्रमुख ने एसडीएम छतरपुर को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** नौडीहा बाजार प्रखंड के प्रमुख रेशम कुमारी व पंचायत समिति सदस्यों ने संयुक्त रूप से अनुमंडल पदाधिकारी श्री हीरा कुमार को ज्ञापन दिया। माँग पत्र देते हुए कहा कि नौडीहा बाजार प्रखंड के प्रखंड विकास समिति की बैठक की मुद्दे की निष्पादन प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा नहीं करने, बीडीसी की बैठक के मुद्दे पर कोई करवाई नही किया जाता है। बीडीसी की बैठक की प्रस्ताव 15 दिन पहले प्रत्येक पंचायत समिति के प्राप्त होना चाहिए। बीडीसी की बैठक नियमित और समय पर होना चाहिए। जमीन से सबंधित कार्यो की निष्पादन समय पर होना चाहिए। मनरेंगा योजना की अनुमोदन प्रखंड कार्यकारणी से होना चाहिए सहित अन्य मांग रखी है। गोदाम छतरपुर से अलग करने की आग्रह किया है,क्योंकि नौडीहा बाजार करीब 18 किमी दुरी तय करता है इसलिए ससमय खाद्य जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर नहीं पहुँच पाता है जिसके कारण लाभुको का राशन की वितरण नहीं मिलता है। अगर नौडीहा बाजार प्रखंड से चावल की उठाव होने के तत्पश्चात भोले भाले गरीब गरूबे की जनहित का कार्य होगा। प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने कहा है कि पंचायत समिति की मान सम्मान पदाधिकारी व कर्मियों के द्वारा नहीं दिया जाता है। अनुमंडल पदाधिकारी श्री हीरा कुमार से आग्रह किया है कि समस्या की गंभीरता से लेते हुए तत्वरित करवाई करने के लिए आग्रह किया है। मौके पर शत्रुधन साव, सुनीता देवी, गायत्री देवी, अनरवा देवी, कमला देवी, बसंत देवी, मंजीत कुमार व कमला देवी सहित अन्य पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

# लोस चुनाव में बेहतर करने वाले बीएलओ व पर्यवेक्षक को किया गया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के सभागार में सोमवार को एक सादे समारोह के दौरान लोस चुनाव में बेहतर करने वाले बीएलओ व पर्यवेक्षक को सम्मानित किया गया.प्रभारी बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने उन्हे प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो दे कर सम्मानित किया। उत्कृष्ठ कार्य करने वाली बूथ संख्या 194 की बीएलओ प्रियंका देवी व पर्वेक्षक राजस्व उप निरीक्षक विजय कुमार चौबे को विशेष सम्मान दिया गया. बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि यह सम्मान आगे और भी बेहतर करने की प्रेरणा देगा। इसके बाद बीडीओ ने बीएलओ के साथ एक बैठक भी किया.बीडीओ सह उप निर्वाचन पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने 25 जून मंगलवार से प्रारम्भ होने वाली कार्ययोजना के बारे में जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। पिछले पुनरीक्षण कार्यक्रम व सतत् अद्यतनीकरण के दौरान किए गए विलोपन संबंधी प्रविष्टि की जांच व त्रुटिपूर्ण विलोपन के मामलों में आवश्यक सुधार कराने के संबंध में सभी को जानकारी दी गई.ऐसे युवक व युवतियां जो 18-19 वर्ष की हो चुके हो उनका मतदाता सूची में नाम शामिल करें। पूर्व से ब्लैक एंड वाइट या स्पष्ट रुप से नहीं दिखाई देने वाले मतदाताओं का फोटो में बदलाव को ले रंगीन फोटो संग्रह करें। इसके अलावा उन्होंने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 60 प्रतिशत से कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों पर कम मतदान होने का कारणों की समीक्षा की गई। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बीएलओ को कई और भी जरूरी दिशा निर्देश दिया।

## आंगनबाड़ी सेविका चयन में अनियमितता का आरोप, जांच की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी (पलामू) :** प्रखण्ड के नौडीहा-02 पंचायत के सीरम में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सेविका के चयन में सीडीपीओ व सुपरवाइजर पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। आरोप है की कई बिंदुओं की अनदेखी कर ग्रामसभा में सबसे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाली महिला को प्राथमिकता नहीं दी गई। ग्रामीणों ने सीडीपीओ कुंवर सिंह पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है।वही आवेदिका रिमझिम कुमारी सुपरवाइजर पर रिश्वत लेकर सेविका चयन करने का गंभीर आरोप लगाई है। जबकी आमसभा में ग्रामीणों की एक भी बात नहीं सुनी गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने उपायुक्त से जाँच कर कार्रवाई करने की मांग की है।वही आवेदक रिमझिम कुमारी का आरोप है की सुपरवाइजर गीता कुमारी के द्वारा रिश्वत के रूप में मोटी रकम की मांग की गई थी। देने में समर्थ नहीं होने के कारण मेरा चयन नहीं किया गया। बतादें की तीन आवेदिका ने अपना प्रपत्र भरा जिसमें स्नातक पास रिमझिम कुमारी का 18 अंक, इंटरमीडिएट पास संगीता कुमारी का 18 अंक जबकी पूनम कुमारी को 11 अंक प्राप्त हुवी। हालांकि पूनम कुमारी का अंक कम होने के कारण प्रपत्र रद्द् कर दिया गया था।

# बलचौरा में उच्चस्तरीय पूल का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** धुरकी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कनहर नदी में स्थित झारखंड और छत्तीसगढ़ के सीमा पर अवस्थित बालचौरा में उच्च स्तरीय पूल का निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इस पुल बनाने के लिए दोनों राज्यों में निवास करने वाले लोग बिगत कई वर्षो से मांग कर रहे थे। लेकिन अब जल्द दोनो राज्यों के लोगों का सपना पूरा होने वाला है। बालचौरा में पुल निर्माण नही होने से अभी भी लोग जान जोखिम में डालकर नाव पर सवार हो कर नदी को पार करते है।जिससे खतरा का आशंका बनी रहती है। अब इस पुल के निर्माण से दोनों राज्यों के बीच एक नया कोरिडोर स्थापित होगा। मालूम हो की इस पुल की लोगों के मांग पर इससे आवश्यक समझकर रामानुगंज (छत्तीसगढ़) के विधायक वृहस्पत सिंह के पहल से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा लोक निर्माण विभाग के द्वारा स्वीकृति दिलाई, और विधायक वृहस्पत सिंह ने जून 2023 में मंत्री ताम्रध्वज साहू के साथ शिलान्यास कर कार्य को शुरू करा दिया है। इधर इस पुल के निर्माण से धुरकी से अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) के लिए शॉट कोर्ट मार्ग स्थापित होगा। जिससे 50 किमी के दूरी कम होगी। उधर छत्तीसगढ़ के सनावल क्षेत्र के लोगों को गढ़वा जाने के लिए 50 किमी की दूरी की बचत होगी। वही इस पुल से दोनो राज्यों के लोगों को आवागमन तेज होगा, और सामाजिक व व्यापारिक सरोकार का बढ़ावा मिलेगा, तथा रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इस प्रकार दोनो क्षेत्रो के लिए यह पुल वरदान साबित होगा। दोनो राज्य के दर्जनों गांव के लाखों लोग इस पुल से लाभवान्वित होंगे, यह पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग (छत्तीसगढ़) के द्वारा लगभग 15 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। विदित हो की इस बालचौरा पुल के लिए भवनाथपुर के क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने पहल कर 2018 में पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा स्वीकृति दिलाई थी और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने नवंबर 2018 में बंशीधर महोत्सव में शिलान्यास किया था। इसके बाद विधायक भानू ने मई 2019 में बालचौरा पुल के लिए विधिवत भूमि पूजन कर कार्य निर्माण को शुरू करा दिया था।लेकिन वन विभाग के आपत्ति के बाद ठिकेदार के द्वारा कार्य को बंद करा दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल




**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंशीधर नगर गढ़वा राष्टीय राज मार्ग 75 पर पाल्हे कला ग्राम के समीप मंगलवार को अहले सुबह दो मोटरसाइकल के आमने सामने टक्कर में दोनो मोटरसाइकल पर सवार एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगो के सहयोग से सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के द्वारा अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा चिकित्सक ने तीन घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया घटना में घायल होने वालो में उतर प्रदेश के कोण थाना क्षेत्र निवासी रामलेख मेहता के 32 वर्षीय पुत्र रामाशिष मौर्या, अरुण कुशवाहा के 26 वर्षीय पुत्र जयशंकर मेहता, मेराल थाना क्षेत्र के मेराल ग्राम निवासी अनिल मेहता के पुत्र मुन्ना कुमार तथा धुरकी थाना क्षेत्र के शारदा ग्राम निवासी बिकास मेहता के 28 वर्षीय पत्नी पूजा कुमारी का नाम शामिल है इलाज के बाद चिकित्सक ने घायल रामाशिष मौर्या,जयशंकर मेहता और मुन्ना मेहता की स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया. घटना के बारे में बताया जाता है की मेराल निवासी मुन्ना मेहता अपनी बहन पूजा को पहुंचाने शारदा आ रहे थे वही विपरीत दिशा से कोण निवासी दोनो रामानुज गंज जा रहे थे पाल्हे कला ग्राम के समीप दोनो मोटर सायकल में आमने सामने टक्कर हो गया जिससे सवार सभी गिर कर घायल हो गए।

### अदरा के महीना में पानी के एक बूंद के लिए तरस रहे पलामूवासी

## किसानों के मुद्दे पर सांसद विधायक बेखबर : रुचिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया के भावी विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात का महीना वह भी अदरा का महीना आकाश की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं पलामू के किसान लेकिन बारिश की एक बूंद पलामू को नसीब नहीं। पलामू जिला में बहुत सारे प्रतिष्ठित नेता मंत्री और स्पीकर भी रहे जैसे इंदर सिंह नामधारी,के एन त्रिपाठी त्रिपाठी, भाजपा के दो बार के बिधायक एवं तीन बार के सांसद रहने के बावजूद वैकल्पिक कृषि हेतु नदी- नालों को बांधकर किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने की कोशिश कभी नहीं किया। केवल नाम बड़े और दर्शन छोटे का कहावत चरितार्थ होता है जब स्व विदेश सिंह विधायक थे तो पांकी में बराज का काम पूरा हुआ लेकिन नाहर पूरा नहीं हुआ जिसके कारण फाटक नहीं लग पाया वही मलय डैम योजना के तहत बना नहर तो बन गया लेकिन आज तक उसमें पानी नहीं आया प्रधानमंत्री मोदी का दो-दो बार का मंडल डैम का घोषणा अधूरे काम का पूरा करने के लिए काम शुरू नहीं हुआ। दूसरी और निगम क्षेत्र में तो आम नागरिकों को पीने का पानी मिलना भी मुश्किल हो गया। पेयजल योजना के तहत पूर्व मंत्री केंद्र त्रिपाठी ने चियांकी पहाड़ पर टंकी भी बनवाया लेकिन उसका लाभ आम जनता को नहीं मिला बल्कि लाभार्थी केवल ठेकेदार हुए। इस तरह देखा जाए तो पूरे पलामू जिला में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का एक भी सिंचाई परियोजना पूर्व के किसी सरकार और मंत्री ने पूरा नहीं किया बल्कि बड़े रसूखदारों के द्वारा तालाब नदी नालों का अतिक्रमण भी कर लिया गया लेकिन इन मंत्रियों विधायक को एवं सांसदों को उनके खिलाफ एक्शन तो दूर एक शब्द बोली भी नहीं निकलती है जिसके चलते आज पलामू के किसान भगवान भरोसे पानी पर निर्भर है। वहीं दूसरी सबसे बड़ी समस्या किसानों के समीप नीलगाय की समस्या आज नीलगाय पलामू जिला के सभी गांव में झुंड के झुंड पाए जाते हैं लेकिन इससे निदान अभी तक फॉरेस्ट विभाग के पास और न हीं किसी नेता मंत्री के पास है चुनावी मौसम आ रहा है ऐसे नेताओं से जनता सावधान रहे। और ऐसे नेताओं और उनके बारिशानो से पूछे कि आपने पलामू को पानी देने के लिए क्या किया और क्या करेंगे।

# केतात कला पंचायत में जल नल योजना पूरी तरह फेल, पेयजल के लिए तरस रहे लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** प्रधानमंत्री मोदी का हर घर पानी पहुंचाने का अति महत्वाकांक्षी जल नल योजना को सरकारी तंत्र ही फेल करने में लगा है। इतना ही नहीं सही आंकड़ा भी सरकार से छुपाया जा रहा है। इसकी बानगी विश्रामपुर प्रखंड का केतात कला पंचायत है। जहां जल नल योजना से पंचायत के दस प्रतिशत घरों में भी पानी नहीं पहुंचा है, वहां सरकार को भेजे गए आंकड़ों में 90 प्रतिशत घरों में पानी पहुंचाने का दावा किया गया है। धरातल पर बमुश्किल 20 घरों में भी पानी नहीं पहुंचा होगा,जबकि जल शक्ति के पोर्टल पर 447 घरों को जल नल योजना से लाभान्वित दिखाया जा रहा है। केतात कला पंचायत में जल नल योजना पूरी तरह फेल हो चुका है। धरातल पर इस योजना का कोई लाभ लोगों को नहीं मिल रहा। करोड़ों खर्च के बावजूद भी लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इसका मुख्य कारण ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों का मिलीभगत है। इन दोनो के गठजोड़ ने जल नल योजना को लूट योजना में परिवर्तित कर दिया है.पंचायत समिति सदस्य रीना चौबे और सामाजिक कार्यकर्ता नवीन चौबे ने इस संबंध में पीएमओ को पत्र लिख कर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है।

**जलमिनर अधिष्ठापन में घोर अनियमितता**

केतात कला पंचायत में जल मीनार अधिस्थापन में भी घोर अनियमितता बरती गई है.पंचायत के वार्ड नंबर 2 में त्रिपुरारी चौबे के घर के पास कंक्रीट का जलमिनार बनाया गया है.जिसकी लागत लगभग बीस लाख रुपए बताया जा रहा है.कंक्रीट से बने टंकी को ऊपर से ढका भी नही गया है। वार्ड नंबर नौ मे एजाजुल अहमद के घर के पास कामता गांव में लगभग 4 माह पहले जलमीनार अधिष्ठापित किया गया है.जिसमे फटा हुआ टंकी लगाया गया है.ग्रामीणों के शिकायत के बावजूद भी उसे बदला नहीं गया। फलस्वरूप यह दोनो जलमीन सिर्फ अस्तित्व का बोध मात्र करा रहा है। नवीन चौबे ने बताया कि अगर ईमानदारी से इस योजना की जांच हो तो लाखों रुपए के गबन का मामला प्रकाश में आयेगा। इधर इस बाबत पूछे जाने पर प्रभारी बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है.अग्रतर कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को लिखा जायेगा।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 11, अंक 173

**सुविचार**
कल के मोर से आज का कबूतर भला अर्थात संतोष सब से बड़ा धन है।

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
बुधवार
26.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### सीमा विवाद, आतंकवाद और साइबर खतरों पर वायु सेना प्रमुख ने चिंता जताई

**नई दिल्ली** : वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने समकालीन सुरक्षा परिदृश्य में सीमा विवादों और आतंकवाद तथा साइबर खतरों और क्षेत्रीय अस्थिरता तक कई तरह की चुनौतियां पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में निवेश करने के साथ ही रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर देना चाहिए। वायु सेना प्रमुख ने सुझाव दिया है कि आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी मंगलवार को सुब्रतो पार्क, नई दिल्ली के वायु सेना सभागार में भारतीय वायु सेना, कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर और सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज की ओर से आयोजित एक सेमिनार के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी रणनीतिक संस्कृति ऐतिहासिक अनुभवों और लगातार विकसित हो रहे भू-राजनीतिक वातावरण से आकार लेती है।

### वित्त मंत्री ने व्यापार और सेवाओं के प्रतिनिधियों के साथ की बजट पूर्व बैठक

**नई दिल्ली** : केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर व्यापार और सेवाओं के प्रतिनिधियों के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठक की।वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर कहा कि आगामी आम बजट 2024-25 के लिए व्यापार और सेवाओं के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री सीतारमण को अपने सुझाव दिए। बजट पूर्व इस परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, व्यय विभाग के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव तथा केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री सीतारमण ने आम चुनाव से पहले चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। चुनाव के बाद उन्हें फिर से वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने अब पूर्ण बजट पेश करने के पहले उसकी तैयारी शुरू कर दी है।

### सरकार ने 96,238 करोड़ रुपये मूल्य की 10वीं स्पेक्ट्रम नीलामी शुरू की

**नई दिल्ली** : देश में 5जी सेवाओं को बढ़ाने के लिए 10वीं स्पेक्ट्रम की नीलामी शुरू हो गई है। सरकार ने मंगलवार को स्पेक्ट्रम की 96,238 करोड़ रुपये मूल्य की नीलामी शुरू की। इसमें एयरटेल और रिलायंस जियो जैसी कंपनियों के बोली लगाने की उम्मीद है। संचार मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी शुरू की है। इसके लिए आठ मार्च को आवेदन आमंत्रण नोटिस जारी किया गया था। मंत्रालय ने बताया कि इस बार नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज, 2300 मेगाहर्ट्ज, 2500 मेगाहर्ट्ज, 3300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बैंड के लिए बोली लगाए जाएंगे।मंत्रालय के मुताबिक 10वीं नीलामी में स्पेक्ट्रम की कुल मात्रा विभिन्न बैंडों में 10,522.35 मेगाहर्ट्ज है, जिसका मूल्य आरक्षित मूल्य पर 96,238.45 करोड़ रुपये है।

### राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त रिश्वत लेते गिरफ़्तार

**देहरादून** : राज्य की धामी सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ लगातार शिकंजा कस रही है। मंगलवार को विजिलेंस ने राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त को 75 हजार रुपये की घूस लेते गिरफ़्तार किया है। धामी सरकार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ एक के बाद एक कार्रवाई कर रही है। पिछले कुछ दिन में ही राज्य कर समेत लघु सिंचाई विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के घूसखोर अधिकारी- कर्मचारियों को गिरफ़्तार किया गया है। भ्रष्टाचार की रोकथाम को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश पर टोल फ्री 1064 नंबर भी जारी किया गया है। इस मुहिम के तहत यदि किसी भी सरकारी विभाग में कोई कर्मचारी, अधिकारी आम जनता से किसी भी तरह की रिश्वत मांगता है तो 1064 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर शिकायत कर सकता है।

### रांची का तापमान

अधिकतम $38^0$
न्युनतम $27^0$

# आजादी के बाद पहली बार होगा लोकसभा स्पीकर का चुनाव

**17 वीं लोस में भी अध्यक्ष रह चुके हैं ओम बिरला**

एजेंसी

**नई दिल्ली** : 18वीं लोकसभा के लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन में रार मच गई है। आजादी के बाद पहली बार लोकसभा स्पीकर का चुनाव होने जा रहा है। विपक्षी गठबंधन ने भी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार दिया है। केरल से कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने इंडिया गठबंधन उम्मीदवार बनाए गए हैं। के. सुरेश का मुकाबला एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार ओम बिरला से होगा। बिरला 17वीं लोकसभा में भी अध्यक्ष रह चुके हैं। संसद में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा।

मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए आम सहमति बनाने को लेकर विपक्षी नेताओं की केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संसद में मुलाकात हुई। लेकिन इस बैठक में भी आम सहमति नहीं बन सकी। विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने राजनाथ सिंह से कहा कि हम एनडीए उम्मीदवार के समर्थन के लिए तैयार हैं, लेकिन उपसभापति के पद का क्या होगा? विपक्षी गठबंधन की मांग पर राजनाथ सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया।विपक्षी गठबंधन की बैठक में राजनाथ सिंह ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को बताया कि स्पीकर के लिए हम ओम बिरला के नाम पर आप सभी का समर्थन चाहते हैं। इस पर विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने कहा कि हम समर्थन के लिए तैयार हैं, लेकिन उपसभापति के पद का क्या होगा? वह पद विपक्षी गठबंधन को मिलना चाहिए। लेकिन विपक्षी गठबंधन की मांग पर राजनाथ सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया।

## लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर नहीं बनी आम सहमति




## एनडीए की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष के लिए ओम बिरला होंगे उम्मीदवार

एनडीए की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष के लिए ओम बिरला उम्मीदवार होंगे। बिरला राजस्थान के कोटा से लगातार तीसरी बार के सांसद हैं। 2019 में पहली बार इन्हें स्पीकर बनाया गया। एनडीए ने दूसरी बार उन्हें लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनाया है। ओम बिरला की सदन में कड़े प्रशासक की छवि रही हैं। मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए दोनों नेताओं ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

### कौन है इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के. सुरेश ?

कोडिकुन्निल सुरेश यानी के. सुरेश केरल की मावेलिकारा लोकसभा सीट से सांसद हैं। साल 1989 से उनका इस सीट पर कब्जा है। उन्हें लोकसभा में सबसे ज्यादा अनुभव हैं। वे अब तक सात बार लोकसभा के सांसद बन चुके हैं। साथ ही के सुरेश कांग्रेस की सरकार में 2012 से 2014 तक राज्य मंत्री थे। साल 2018 में उन्हें केरल कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया गया था। जाने माने दलित नेता के. सुरेश एआईसीसी के सचिव भी रह चुके हैं। जानकारी के अनुसार, के. सुरेश के नामांकन पत्र में इंडिया ब्लॉक के सहयोगी डीएमके, शिवसेना (उद्धव), शरद पवार (एनसीपी) और अन्य प्रमुख दलों ने हस्ताक्षर किए हैं।

### विपक्षी गठबंधन के साझा उम्मीदवार के बारे में कोई चर्चा नहीं की गई : टीएमसी

टीएमसी के सांसद अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के साझा उम्मीदवार के तौर पर के. सुरेश को नामांकित करने से पहले उससे कोई चर्चा नहीं की गई. सुरेश ने मंगलवार की सुबह लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया. उनके नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले 'इंडिया' गठबंधन के घटकों में तृणमूल कांग्रेस शामिल नहीं थी.

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की, दिया निर्देश

# आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों के इलाज के लिए होगी नई योजना शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राज्य का कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे। इसके लिए सरकार एक नई योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित वैसे सभी व्यक्ति, जिनका राशन कार्ड होगा, उन्हें 15 लाख रुपए तक की इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे में इस योजना को जल्द से जल्द शुरू करने की सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने का निर्देश मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को दिया। सीएम ने स्वास्थ्य,चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक किया।

**स्वास्थ्य उप केंद्रों को सुविधायुक्त बनाएं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों को बेहतर बनाया जाए। ताकि ग्रामीणों को यहां प्राइमरी इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि यहां स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति होनी चाहिए। इसके साथ स्वास्थ्य उप केंद्र के बाहर नोटिस बोर्ड लगाया जाए, जिसमें संबंधित स्वास्थ्य कर्मी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित हो, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी ग्रामीण उससे संपर्क कर सके।

**नर्सिंग स्कूलों और कॉलेज की कैपेसिटी बढ़ाई जाए:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी नर्सिंग स्कूल और कॉलेज में विद्यार्थियों की जो वर्तमान क्षमता है, उसे बढ़ाया जाए। इसके साथ इन नर्सिंग स्कूल और कॉलेजों में जो विद्यार्थी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके साथ इन विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है । इस दिशा में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग कदम उठाए।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति:** बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन के एमडी अबू इमरान, एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉ सीके साही और निदेशक औषधि ऋतु सहाय समेत स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# रिश्वत लेते रातू थाना के सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार



प्रभाम मंत्र संवाददाता

**रांची:** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रांची के रातू थाने में पदस्थापित एक सब इंस्पेक्टर को 35 हजार रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. सब इंस्पेक्टर एक 307 के केस को हल्का करने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था. रांची के रातू थाना में पोस्टेड सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. रातू थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला बबीता देवी ने एंटी करप्शन ब्यूरो में सत्येंद्र सिंह को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी. जांच के दौरान मामला सत्य पाया गया. जिसके बाद मंगलवार की दोपहर सत्येंद्र सिंह को महिला से 35000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है. एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा जारी किए गए जानकारी के अनुसार महिला बबीता देवी के पति एक मामले में आरोपी हैं. केस का आईओ सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह ही था.

महिला ने सत्येंद्र सिंह से यह फरियाद लगाई थी कि उसके पति के केस की जांच में जो सही है उसे शामिल किया जाय, ताकि उसे इंसाफ मिल सके. दारोगा सत्येंद्र सिंह के द्वारा बबीता देवी से केस डायरी मैनेज करने के लिए रिश्वत की मांग की जाने लगी. कई बार गुहार लगाने के बावजूद सत्येंद्र सिंह ने बिना रिश्वत लिए किसी भी तरह का मदद करने से साफ इनकार कर दिया.

# पूर्व सीएम हेमंत से जेल में मिले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी व कल्पना सोरेन

**इस मुलाकात को बेहद खास बताया जा रहा है. दरअसल, झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष समेत तमाम बड़े पदाधिकारी दिल्ली में हैं. वहां राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक भी हुई थी.**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर मंगलवार को अचानक पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मिलने दिल्ली से रांची एयरपोर्ट पहुंचे और सीधे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा चले गये. वहां वे सीएम हेमंत से मिले. इस मुलाकात को बिल्कुल सिक्रेट रखा गया था. क्योंकि मुकालात के बाद गुलाम अहमद मीर अगली फ्लाइट से सीधे वापस दिल्ली लौट गये. इससे साफ है कि वह विशेष रूप से सिर्फ हेमंत सोरेन से मिलने आए थे. इस मुलाकात को बेहद खास बताया जा रहा है. दरअसल, झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष समेत तमाम बड़े पदाधिकारी दिल्ली में हैं. वहां राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक भी हुई थी. इसी बीच कांग्रेस प्रभारी का रांची आकर हेमंत से मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं. सूत्रों ने बताया कि आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद से खाली 11वें मंत्री पद को भरने के लिए भी चर्चा हुई है. नाम भी तय हो चुका है. हालांकि दिल्ली लौटते वक्त गुलाम अहमद मीर ने सिर्फ इतना कहा कि बहुत जल्द मंत्री के नाम की घोषणा होगी. इस मुलाकात के दौरान सीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा हुई है. सूत्रों के मुताबिक इस बात पर भी चर्चा हुई है कि आगामी विस चुनाव में इंडिया गठबंधन किन मुद्दों को लेकर मैदान में उतरेगा. गौर करने वाली बात यह है कि 2019 के चुनाव के वक्त महागठबंधन में झामुमो, कांग्रेस और राजद शामिल थे. लेकिन इस बार भाकपा माले को भी जगह दिया जाना है. लिहाजा, इस विषय पर भी चर्चा हुई है. जानकारी के अनुसार इस मुलाकात के वक्त गांडेय से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थी.

# एमपी में अब सरकार नहीं भरेगी मंत्रियों का इनकम टैक्स



एजेंसी

**भोपाल** : मध्य प्रदेश में अब मंत्री खुद अपना इनकम टैक्स भरेंगे। राजधानी भोपाल में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह फैसला लिया। अब तक मंत्रियों का इनकम टैक्स प्रदेश सरकार ही जमा करते आई थी लेकिन सीएम मोहन यादव के इस फैसले के बाद अब इनकम टैक्स का भुगतान मंत्री खुद करेंगे। सरकार ने इसके लिए 1972 का निर्णय बदल दिया है।मोहन यादव ने कैबिनेट की मीटिंग के बाद बताते हुए कहा कि अब सभी मंत्री अपना इनकम टैक्स स्वयं वहन करेंगे और शासन को इससे कोई भार नहीं पड़ेगा।

उन्होंने कहा, अब तक 1972 के नियम के मुताबिक मंत्रियों और संसदीय सचिव तक का इनकम टैक्स को भरने का भार सरकार पर जाता था लेकिन अब तमाम मंत्री इनकम टैक्स खुद ही भरेंगे।दरअसल, हर साल मुख्यमंत्री और मंत्रियों के इनकम टैक्स भरने में सरकार के करोड़ों रुपये खर्च होते थे।

अब इस फैसले के बाद सरकारी खाते में राशि की बचत होगी। सीएम मोहन यादव ने फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि कैबिनेट की बैठक में कई सारे निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रगति को लेकर अहम फैसले हुए हैं। मोहन यादव ने कहा कि अब हमारे सारे मंत्रीगण अपने-अपने इनकम टैक्स खुद ही भरेंगे।

# केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने 71वें भारत अंतरराष्ट्रीय परिधान मेले का किया उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली** : केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में 71वें भारत अंतरराष्ट्रीय परिधान मेले का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन भाषण में केन्द्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आईआईजीएफ सूक्ष्म, लघु और मध्यम निर्यातकों के लिए एक अभिनव विपणन मंच प्रदान करता है, जो भारत के नवीनतम रुझानों और विविध पेशकशों को दुनिया के बाकी हिस्सों के सामने प्रदर्शित करता है। इस मौके पर अपने संबोधन में गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया के विजन को साकार करने के लिए विश्वस्तरीय विनिर्माण सुविधाओं का विकास करना आवश्यक है।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पिटल
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# मिल्क वाहन मे शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## 24 पेटी अवैध शराब एंव दो वाहन भी जब्त, दोनो आरोपी को भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे मिल्क वाहन मे अवैध शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपी को पिपरवार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है,साथ ही 24 पेटी अवैध शराब सहित मिल्क वैन एंव एक कार को जब्त किया है।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम को यह सफलता मिली है।गिरफ्तार आरोपियो मे मुकेश कुमार पिता रविन्द्र प्रसाद गुप्ता अरगोड़ा जिला रांची और संतोष सिंह पिता कृष्णा सिंह ग्राम नागर थाना हंटरगंज जिला चतरा का नाम शामिल है।इस मामले पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी पिपरवार थाना क्षेत्र से मिल्क वाहन से अवैध शराब की तस्करी की जा रही है।जिसके बाद पुलिस द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाकर बचरा झुला पुल के समीप मिल्क वाहन को पकड़ा।वाहन से करीब 24 पेटी शराब को बरामद किया गया,साथ ही दो आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया।वही मिल्क वैन सहित तस्करी मे शामिल एक कार को भी जब्त किया गया है।पुछताछ के दौरान दोनों आरोपी ने अपना जुर्म कबूला है।वही मिल्क वाहन मे दुध की जगह अवैध शराब को रांची ले जाने की योजना थी।बरामद शराब की कीमत लगभग एक लाख रूपये बतायी गई है।थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।इस मामले को लेकर एक अन्य आरोपी सुमन साहु सहित वाहन मालिक सहित अन्य लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।पिपरवार पुलिस ने थाना में मामला दर्ज कर दोनों आरोपी को चतरा जेल भेज दिया है।छापेमारी अभियान मे थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा, अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार, सहायक अवर निरीक्षक राजदेव पाण्डेय सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन ने लगाया हेल्थ कैंप




**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनगड़ा के राजकीय मध्य विद्यालय में शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के सौजन्य से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 90 बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया एवं दवा वितरित की गई। यह कैंप उषा मार्टिन फाउंडेशन के सौजन्य से सी एस आर कार्यक्रम के तहत लगाया गया, स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर मृदुला कच्छप ने मरीजों का इलाज किया। शिविर को सफल बनाने में शिशिर कुमार भगत, मोहर महतो, संपूर्णानंद महतो, दिलीप मुंडा विद्यालय की प्रभारी मनीष एक्का का सहयोग रहा। अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने बताया कि अस्पताल द्वारा आसपास के गांवों और विद्यालयों में करीब 3 वर्षो से स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से उचित स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वस्थ दिनचर्या की जानकारी दी जा रही है। अस्पताल द्वारा एनीमिया मुक्त अभियान एवं स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी विद्यालयों में चलाया जा रहा है जिससे अब तक हजारों बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं। यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा और हमारा उद्देश्य विद्यालय के बच्चों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता साथ ही उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। शालिनी अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत बीपीएल परिवारों के लिए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है जिसका अस्पताल के आसपास के ग्रामीण लाभ उठा रहे हैं शालिनी अस्पताल में उषा मार्टिन फाउंडेशन के सहयोग से आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराया गया है जिससे मरीजों की गुणवत्ता युक्त चिकित्सा सुविधा दी जा रही है।अस्पताल में महिला विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवा उपलब्ध कराई गई है, इस क्रम में डॉक्टर अमन सैंकी एवं डॉक्टर पी आर बाखला अपनी सेवा दे रही है।

# रोजगार की मांग को लेकर राय बस्ती के ग्रामीणो ने दो घंटे किया कोयला ढुलाई बन्द

## त्रिपक्षीय वार्ता मे सहमति बनने के बाद चालू हुआ कोयला ढुलाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के आरसीएम साईडिंग मे रोजगार की मांग को लेकर राय बस्ती के ग्रामीणो ने अशोका से आरसीएम साईडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई का काम बंद कर दिया।इस दौरान राय बस्ती के ग्रामीण राय छलटा पुल के समीप सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया।इस संबंध में राय बस्ती के ग्रामीणों ने बताया कि आरसीएम साइडिंग में रोजगार और राय सपही नदी छलटा पुल की सफाई की मांग को लेकर ग्रामीणों के द्वारा प्रबंधन को ज्ञापन सोपा गया था,जिसमें 15 जून से बंदी की घोषणा की गई थी,लेकिन अशोक परियोजना कार्यालय में 14 जून को प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई,जिसमें प्रबंधन द्वारा राय बस्ती के युवाओं को आरसीएम साईडिंग में रोजगार देने और राय सपही नदी की सफाई कराने का आश्वासन दिया था।लेकिन समय बीत जाने के बावजूद कोई पहल प्रबंधन के द्वारा नहीं की गई, जिसके बाद युवाओं ने कोयला ढुलाई का काम बंद करा दिया गया।कोयला ढुलाई का काम बंद होने के बाद ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।इधर सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी, सीआईएसएफ और खलारी पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और ग्रामीणों के साथ वार्ता किया। इस वार्ता में स्थानीय प्रबंधन के द्वारा ग्रामीणों की मांगों को जल्द पूरा करने का भरोसा दिया गया।वार्ता में प्रबंधन के द्वारा साकारात्मक आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीण शांत हुए और करीब दो घंटे के बाद कोयला ढुलाई का काम प्रारंभ किया गया।इस मौके पर खलारी थाना के अवर निरीक्षक देव कुमार दास,डिस्पैच ऑफिसर राजेंद्र कश्यप,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,साईडिंग मैनेजर अविनाश कुमार, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर संतोष नेगी सहित ग्रामीणो मे रूपेश महतों,हरीश महतो, तुलसी भुईयां, भूनेश्वर महतो, संतोष प्रजापति, लखन महतो,संतोष महतो, सरवन मद्रासी,संदीप कुमार, विजय महतो,बालेश्वर महतो सहित कई लोग मौजुद थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर डीएवी बचरा में पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।स्वच्छता विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के कई बच्चे शामिल हुए।जानकारी के अनुसार कक्षा तीन से लेकर कक्षा बारहवीं तक के बच्चे तीन ग्रुप में इस प्रतियोगिता में शामिल हुए,जिसमें ग्रुप ऐ मे कक्षा तीन से पांच,ग्रुप बी मे कक्षा छः से आठ और ग्रुप सी मे कक्षा नवम से बारहवीं तक के बच्चे शामिल हुए। स्वच्छता विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।स्कूल के शिक्षक एसके पांडेय की देख-रेख में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर रिशु चौधरी ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन होने से बच्चों को स्वच्छता के प्रति जानकारी मिलती है और बच्चों का भी मनोबल बढ़ता है।बच्चे उत्साह के साथ इस तरह के प्रतियोगिता में शामिल होते हैं।उन्होंने सभी बच्चों से इस तरह के प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।इधर एक अन्य कार्यक्रम मे सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के मैनेजर दिग्विजय सिंह ने सीसीएल के लाल एवं लाडली की परीक्षा के लिए स्कूल के कक्षा नवम एवं दसवीं के बच्चों को फॉर्म भरने की जानकारी दी।साथ ही बच्चों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि 28 जून तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि है।बच्चों से तय समय के अंदर फॉर्म भरने की अपील की गई।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे।

# अड़की थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटना में एक अधेड़ व्यक्ति की धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गई जबकि दूसरी घटना में युवती की लाश जंगल में पेड़ से लटकती मिली। पहली घटना सोमवार की रात की है।सोसोकुटी पंचायत के सोनपुर के एसी चंद्र मोहन पिता एसी सोहन उम्र लगभग 50 वर्ष की धारदार हथियार से मार कर हत्या की गई। मिली जानकारी के अनुसार एसी चंद्र मोहन अपने घर के आंगन में पत्नी एवं बच्चियों के साथ सोया था। आधी रात के करीब अज्ञात अपराधी ने सो रहे चंद्र मोहन के गर्दन में धारदार हथियार से वार किया। जिससे उसकी मौत हो गई। बगल में सो रहे पत्नी और बच्चे उसकी चीख सुनकर जाग गए। परिवार के लोग एक अपराधी को भागते हुए देखा पर अंधेरे में पहचान नहीं पाए। तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस रात में घटनास्थल पहुंचकर शव कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस के द्वारा जमीन विवाद सहित अन्य बिंदुओं पर तहकीकात कर रही है और पता लग रही है की हत्याकांड में कितने लोग शामिल थे। दूसरी घटना बीरबांकी पंचायत के घाघरा गांव के 18 वर्ष के लड़की की रुरुआंग जंगल से दुपट्टा के सहारे पेड़ से लटकती लाश पुलिस ने बरामद की। प्रथम दृष्टि या पुलिस आत्महत्या का मामला मान रही है। 18 वर्ष की लड़की अनीता समद पिता नियारण समद पिछले शनिवार रात से लापता थी। परिजन दो दिनों से उसकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार की सुबह गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल में डेलीसारजम के ग्रामीणों ने पेड़ से लटकती लाश देखी। ग्राम प्रधान बागा मुंडा एवं ग्रामीण मृतका के पिता नियारण समद को लेकर घटनास्थल पहुंचे। जहां उसने लाश की पहचान की। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर आत्महत्या के कारणो की जांच पड़ताल कर रही है

# मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक जुलाई 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए जिला में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम मंगलवार को शुरू हो गया। कार्यक्रम के तहत 24 जुलाई तक बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे। इस दौरान एक जुलाई 2024 को 18 वर्ष पूरा करने वाले युवा मतदाताओं का सूची में नाम शामिल करने, मृत अथवा स्थाई रूप से विस्थापित हो चुके मतदाताओं का सूची से नाम हटाने तथा पुराने मतदाता फोटो पहचान पत्र को अपडेट करने व फोटो में सुधार करने के संबंध में कार्य किए जाएंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला में 25 जून से 24 जुलाई तक मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्री-रिवीजन एक्टिविटीज की जा रही है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 25 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा, जिसके बाद नौ अगस्त तक मतदाता इसमें सुधार के लिए दावा और आपत्ति समर्पित कर सकेंगे। 19 अगस्त को प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा और 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि मतदाता सूची में कोई भी योग्य मतदाता का नाम ना छूटे इसे लेकर 27 व 28 जुलाई तथा तीन और चार अगस्त को विशेष अभियान दिवस चलाया जाएगा। इसके अलावा 29 जुलाई को दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाले जनसमूह को मतदाता सूची में निबंधन की कार्रवाई की जाएगी।

# सिंगपुर लोहरा टोला में पानी की किल्लत से परेशान हैं ग्रामीण



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सिंगपुर लोहरा टोला में एक एक बुंद पानी के लिए ग्रामीण काफी परेशान हैं। इस भीषण गर्मी से लोग परेशान हो गए हैं।जल नल योजना के तहत हर घर में नल लगाकर पानी सप्लाई किया गया है लेकिन सिंगपुर लोहरा टोला में आज तक उस नल से एक बुंद भी पानी का नसीब नहीं हुआ है। पानी की किल्लत की सुचना स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो को मिलते ही उन्होंने प्रखंड प्रमुख, मुखिया एवं पंचायत समिति को निर्देश दिए।और जल्द से जल्द पानी की समस्या का समाधान कर सभी गांव, टोला में पानी का टेंकर भेजवा कर पानी की सप्लाई दिया। पानी मिलते ही ग्रामीणों की चेहरे में काफी खुशी नजर आई। पानी लेने के लिए ग्रामीणों की काफी भीड़ जमी रही।

# 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण का समापन



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रुडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय मुर्गीपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया,मुख्य अतिथि डॉ0 संजय कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिये तथा इन योजनाओं का लाभ लेकर अपना स्व रोजगार शुरु करने के लिए प्रेरित किए तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिये। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने भी विभिन्न बैंक लोन की जानकारी देकर स्व रोजगार के लिए प्रेरित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो वरिष्ठ कार्यालय सहायक दशरथ महतो,कार्यालय सहायक महेश रुहीदास आदि उपस्थित थे।

# बिलारी मे तेज रफ्तार कोल वाहन से परेशान ग्रामीणो ने प्रशासन को सौपां ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव मे तेज रफतार कोल वाहनो से हो रही दुर्घटना के रोकथाम को लेकर स्थानीय ग्रामीण मंगलवार को पिपरवार थाना पहुंचकर पिपरवार पुलिस को ज्ञापन सौंपकर कोल वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग की है।बिलारी गांव के दर्जनों महिला और पुरुष पिपरवार थाना पहुंचकर पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि टंडवा, केरेडारी,चट्टी बरियातु एंव एनटीपीसी से सैकड़ो हाईवा पिपरवार तक कोयला धुलाई का काम करती है,ऐसे में कोल वाहनों की रफ्तार काफी तेज होती है और आए दिन यहां दुर्घटना होती रहती है।पिछले दो दिनों में दो मवेशी को कोल वाहनों ने कुचल डाला,जबकि इससे पूर्व भी कई बार यहां दुर्घटना हो चुकी है।बिलारी और इसके आस पास कई स्कूल संचालित हैं।

ऐसे में कोल वाहनों के परिचालन से बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी डर लगा रहता है।ग्रामीणों ने बिलारी सहित घनी बादी वाले इलाकों से कोल वाहनो के परिचालन बन्द करा कर दुसरे मार्ग से कोल वाहनो का परिचालन कराने की मांग की है।इस मौके पर वार्ड सदस्य पंकज कुमार,जितेन्द्र कुमार, रतिया गंझु,संजय कुमार महतो,श्रवण कुमार महतो, पूनम देवी,संगीता देवी, कोशिला देवी,जमुना देवी, राजो देवी,कमली देवी,शांति देवी,सुषमा देवी,रीना देवी, जमनी देवी,पेरो देवी,उमेश राम,ईश्वर राम,सुगिया देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# बचरा अस्पताल में निश्शुल्क श्रवण क्षति जांच एवं स्वस्थ शिविर का हुआ आयोजन




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में मंगलवार को निःशुल्क श्रवण क्षति (बहरापन) जांच एवं स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर के विशेषज्ञ डॉ. सत्य प्रकाश रंजन के द्वारा लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया।शिविर मे आधुनिक मशीन से लोगों के कान की जांच की गई।इस दौरान लोगों को कई महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।इस संबंध में डॉक्टर सत्य प्रकाश रंजन ने बताया कि इस शिविर मे मुख्य रूप से कोयला खदान के अगल-बगल निवास करने वाले लोगों को ब्लास्टिंग से कानों को पहुंच रहे नुकसान का इलाज करना है।कोयला खदान के अगल-बगल रहने वाले लोगों को ब्लास्टिंग से हो रही कानों के नुकसान की जांच एवं उसके बचाव के बारे मे जानकारी दी जा रही है। इस शिविर में कुल 38 लोगों के कानों की जांच की गई। शिविर में मुख्य रूप से डॉक्टर सत्य प्रकाश रंजन, डॉ. सायन मेहती,बचरा क्षेत्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एफआर शाह सहित कई चिकित्सक और कर्मचारी मौजूद थे।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।**
(जिला पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद युवाकार्य शाखा)

दूरभाष : 06553–261555(O) | Email ID : dc-ramgarh@gov.in

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, पर्यटन निदेशालय झारखण्ड रॉंची के ज्ञापांक 579 दिनांक 10.06.2024 के निदेशानुसार **"झारखण्ड मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना"** अन्तर्गत ईसाई धर्मावलम्बियों के लिए BPL श्रेणी के कुल 29 लाभुकों को माह जून, 2024 के अंतिम सप्ताह से जुलाई, 2024 तक गोवा तिर्थ दर्शन कराया जाना है। उक्त तिर्थ दर्शन हेतु रामगढ़ जिला के निवासियों से **दिनांक 30.06.2024 के अपराह्ण 5:00** बजे तक जिला खेल कार्यालय, रामगढ़/संबंधित प्रखण्ड कार्यालय, रामगढ़ जिला में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जायेगा। अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

**झारखण्ड गजट "साधारण" 21 सितम्बर, 2016 के अनुसार आवेदन प्रकिया एवं चयन हेतु पात्रता के सर्शे निम्नवत् है:–**

**1. पात्रता की शर्ते :–**

a) तीर्थयात्री की उम्र 60 वर्ष से अधिक और झारखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
b) तीर्थयात्री बी0पी0एल0 श्रेणी के अन्तर्गत आना चाहिए (करदाता नहीं होना चाहिए)।
c) तीर्थयात्री द्वारा पहले इस प्रकार के तीर्थदर्शन योजना का लाभ नही लिया गया हो।
d) मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के लाभार्थियों (स्वयं/पति/पत्नी एवं परिवार के सदस्यों) सहयोग हेतु एक परिवारिक सदस्य भी सह यात्री के रूप में सम्मिलित रहेंगे। इस क्रम में अपने सहयात्री का आवेदन, अपने आवेदन के साथ जमा करना होगा।
e) तीर्थयात्रा शुरू करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। किसी तरह का संक्रामक रोग (यथा टी0बी0, सांस लेने में कठिनाई, ह्रदय रोग, कुष्ट रोग आदि) से पीडित नहीं होना चाहिए।
f) मूल चिकित्सा प्रमाण पत्र Fit for Travel Certificate की अभ्युक्ति होना चाहिए।
g) आवेदक द्वारा झुठी जानकारी देने और तथ्यों को छिपाने पर योजना के तहत् मिलने वाले लाभ से कभी भी वंचित किया जा सकता है।

**2. आवेदन प्रक्रिया :–**

a) गरीब वरिष्ट नागरीक (नागरिकों) तीर्थ दर्शन योजना का लाभ के लिए इच्छुक व्यक्ति दो प्रतियों में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन को भरकर संबंधित प्रखण्ड/जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय में निर्धारित समय सीमा के पहले जमा करेंगे।
b) आवेदन पत्र में एक फोटो चिपकाया हुआ एवं एक संलग्न होना चाहिए। निवास प्रमाण पत्र के रूप में आधार कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, बिजली बिल, मतदाता पहचान पत्र या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी एक प्रमाण पत्र के रूप में स्वीकार किया जायेगा।
c) मूल चिकित्सा प्रमाण पत्र Fit for Travel Certificate की अभ्युक्ति के साथ आवेदन मान्य होगा।
d) यदि गरीब वरिष्ट नागरीकगण एक साथ समूह में आवेदन जमा करते है, तो चयन हेतु पूरे समूह के आवेदन को एक आवेदन माना जाएगा। एक समूह में अटेंडेंट सहित अधिकतम सदस्यों की संख्या–25 होगी, इससे अधिक मान्य नहीं होगा।

**3. चयन प्रक्रिया :–**

a) तीर्थ यात्रियों का चयन संबंधित जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। सबसे पहले सभी आवेदन स्थानानुसार क्रम में बांट लिया जाएगा। तीर्थ यात्रियों का चयन पहले आओं पहले पाओं के आधार पर किया जाएगा, यदि तीर्थ यात्रियों की संख्या निर्धारित अंश (Ouata) से अधिक बढ़ जाती है तो इसके अतिरिक्त एक प्रक्रिया सूची (निर्धारित अंश की 10 प्रतिशत) भी तैयार की जाएगी।
b) राज्य एवं जिलों के कुल यात्रियों की संख्या झारखण्ड पर्यटन विकास निगम द्वारा सूचित किया जाएगा। यदि इस आयोजन में किसी जिले से पर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं होते है तो शेष आवेदन आवश्यकतानुसार अन्य जिला (दो जिलों) से झारखण्ड पर्यटन विकास निगम के निर्णय के आधार पर किया जाएगा।
c) जिला स्तरीय प्रबंधन समिति आवेदनों को चयनित सूचि के साथ झारखण्ड पर्यटन विकास निगम को समर्पित करेंगे।
d) इस आयोजन में चयनित आवेदकों की कुल संख्या किसी भी तीर्थ यात्रा के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता से कम होने पर झारखण्ड पर्यटन विकास निगम अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए पैकेज को रद्द करने में सक्षम होगा।
e) किसी भी गंतव्य स्थान के लिए तीर्थ दर्शन योजना के संचालन हेतु न्यूनतम वांछित आवेदन प्राप्त होना आवश्यक है अथवा झारखण्ड पर्यटन विकास निगम अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए उचित कार्रवाई को करने में सक्षम होगा।

**नोटः– आवेदन पर जिला के अधिकारिक वेबसाईट https://ramgarh.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ के कार्यालय, से प्राप्त किया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु जिला पर्यटन विशेषज्ञ, रामगढ़ श्री सत्यम, मो0– 7488474122 से सम्पर्क किया जा सकता है।**

विश्वासभाजन
ह0/–
**जिला खेल पदाधिकारी,**
–सह–जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 327596 (District) 24-25 (D)



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## डीडीसी ने की पंचायती राज विभाग संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बर्दियार की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। उप विकास आयुक्त ने 15वें वित्त आयोग अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में संचालित योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की। लंबित योजनाओं में गुणवत्तापूर्ण तेजी लाने, ऑनगोइंग स्कीम को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने,गाँव/ पंचायतों को मॉडल गाँव/ पंचायत के रुप विकसित करने हेतू विभिन्न योजनाओं का चयन करने तथा योजनाओं को निश्चित समयावधी में पूर्ण करनें के निर्देश दिए। कई अन्य बिंदुओं पर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में जिला भु-अर्जन पदाधिकारी चांडिल-सह- जिला पंचायती राज पदाधिकारी विकास राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी खरसावां, प्रखंड विकास पदाधिकारी सरायकेला एवं सभी सम्बन्धित क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कुकडु प्रखण्ड परिसर में मना स्व सुधीर महतो का 68 वां जन्म दिवस

**तिरलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडु प्रखण्ड क्षेत्र के जेएमएम कार्यकर्ताओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुधीर महतो के फोटो पर पुष्पांजलि कर उनका 68वां जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर लड्डू बांटा गया।मौके पर उपस्थित जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता आज सुधीर दा को बहुत ज्यादा याद कर रहे है, भले ही आज हमारे बीच नही है, परंतु हमारे दिलो में उनके द्वारा दिया गया मार्गदर्शन हमेशा बना रहेगा। मौके पर स्वपन चंद्र महतो, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष युवा मोर्चा, कित्तिवास महतो, रसीद अंसारी,अंसार अली,सुर्यनारायण महतो, अरुण महतो आदि उपस्थित थे।



## गम्हरिया अंचल कार्यालय में भूमाफिया और बिचौलिया गिरोह सक्रिय

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया प्रखंड और अंचल कार्यालय में भूमाफिया और बिचौलिया गिरोह सक्रिय है। ये सक्रिय बिचौलिए अंचलकर्मियों का मनोबल गिराने और राज्य में महागठबंधन सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। यह बातें युवा राजद जिला अध्यक्ष उदित यादव ने एक बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि राजद, झामुमो और कांग्रेस गठबंधन वाली राज्य सरकार चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में योजनाओं पर बेहतरीन कार्य कर रही है। इससे घबरा कर भाजपाई मानसिकता के लोग सरकार और सरकार की योजनाओं को कार्यान्वित करने वाले ईमानदार अधिकारियों पर मनगढ़ंत एवं झूठे लगा कर उन्हें बदनाम कर रहे हैं। इससे महागठबंधन की सरकार घबराने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी मजबूती से गरीबों और जरूरतमन्दों का काम करती रहेगी।

## अज्ञानी करेंगे विभिन्न योगासन और नमाज की तुलना : कुलबिंदर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान एवं राष्ट्रीय सनातन सिख सभा के संयोजक अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने कहा कि योगासन एवं नमाज की तुलना अज्ञानी ही कर सकते हैं। योग में केवल भक्ति योग अर्थात समाधि की अवस्था की तुलना नमाज तो क्या विभिन्न पूजा पद्धतियों के साथ की जा सकती है। जहां भक्ति भाव में व्यक्ति अंतरध्यान, होकर अपने ईस्ट परमात्मा अल्लह वाहेगुरु के साथ आत्मा का साक्षात्कार करता है। श्रद्धा, भक्ति और ध्यान के द्वारा ही आत्मा को परमात्मा के साथ जोड़ा जा सकता है।जहां शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम के नजरिए से विभिन्न योगासन की प्रक्रिया पूरी की जाती है उसे कोई भी धर्माचार्य पूजा उपासना पद्धति की संज्ञा नहीं दे सकता है।फिर किस तरह से स्वर्ण मंदिर परिसर के सरोवर परिक्रमा में अर्चना मकवाना के योगासन को धार्मिक नजरिया से सही ठहराया जा सकता है। उसे सही बताने वाले एवं उसकी तुलना सामूहिक नमाज से करने वाले शरारती तत्व क्या इजाजत देंगे कि वह विभिन्न पीठ, धाम और देवालय के गर्भ गृह के परिक्रमा में योगासन की विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रदर्शन करे।फिर जो यह कह रहे हैं कि अर्चना मकवाना दलित है, तो भेदभाव हुआ है। यह तर्क देने वाले सिख पंथ के बारे में अध्ययन करें, पंथ में दलित को बहुत ऊंचा स्थान मिला है। संत रविदास की वाणी श्री गुरु ग्रंथ साहिब में समाहित है और दलितों को गुरु गोविंद सिंह जी ने गुरु का बेटा जैसे प्रियतम शब्द से संबोधित किया। सिख पंथ में जाति धर्म भाषा वर्ण को लेकर कहीं भी विभेद नहीं है।कुलविंदर सिंह के अनुसार सोशल मीडिया में दिखाया जा रहा है कि नमाज हो रही है। नमाज वास्तव में स्वर्ण मंदिर परिसर के बाहरी हिस्से में हो हुई थी। स्वर्ण मंदिर में विभिन्न धर्मावलंबी दर्शन को जाते हैं और सरोवर किनारे समाधि अवस्था के दृश्य आम हैं। हिंदू, मुस्लिम, बौद्ध, जैन, इसाई हो या सिख, श्रद्धालु समाधि अवस्था में ध्यान में लीन होकर अपने इष्ट परमात्मा का साक्षात्कार करते हैं। किसी को ऐसा करने से रोक नहीं है लेकिन कोई सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर इस व्यवस्था का गलत फायदा उठाने की कोशिश करें तो उसे इसकी इजाज़त नहीं होनी चाहिए। अर्चना ने वहां समाधि योग नहीं बल्कि शारीरिक योग के आसन किए हैं। यदि वहां किसी सिख धर्म के व्यक्ति ने भी इस तरह का योगासन किया होता तो उसके साथ भी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी वही कानूनी रास्ता अपनाती जो अर्चना मकवाना के मामले में हुआ है। कुलविंदर सिंह के अनुसार देश में कुछ स्वार्थी तत्व हैं जो सिख धर्म के प्रति गलत धारणाएं देश में स्थापित करना चाहते हैं, वे अपने कोशिश में कभी कामयाब नहीं होंगे। हां यदि कोई शरारती तत्व अर्चना मकवाना को धमकी दे रहा है तो उस मामले में कानूनसम्मत कार्रवाई अवश्य होनी चाहिए।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की दी जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता को जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने संबोधित किया । उन्होने बताया स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटिरहित निर्वाचक सूची के निर्माण के लिए सभी पात्र नागरिकों का निबंधन एवं मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जाना आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01.07.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त निर्वाचक सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम में दो चरण प्री रिवीजन एक्टिविटी के लिए 25.06.2024 से 24. 07.2024 तक की अवधि निर्धारित है। रिवीजन एक्टिविटी के लिए 25.07.2024 से 20.08.2024 तक की अवधि निर्धारित है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दिनांक 25.07.2024 को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन एवं दिनांक 20.08.2024 को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 01 जुलाई 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया जाना है । साथ ही शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं का सत्यापन करते हुए मतदाता सूची से उनके नाम का विलोपन नियमानुसार सुनिश्चित करना है । मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन 25 जुलाई, दावा और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 25 जुलाई से 09 अगस्त तथा दावों और आपत्तियों का निपटारा 19 अगस्त को किया जायेगा। साथ ही सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जायेगा । विशेष कैंपेन दिनांक 27 एवं 28 जुलाई तथा 03 एवं 04 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विशेषकर थर्ड जेंडर, पार्टिकुलर्ली वल्नरेबल ट्राइबल ग्रुप, सेक्स वर्कर्स, 85+ आयु वर्ग, दिव्यांगजन, आश्रय गृहों में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों का निर्वाचक सूची में शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निम्नवत् समावेशी सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, एसडीएम धालभूम पारूल सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव उपस्थित रहे।

## पटमदा में बारिश होने से किसानों में खुशी, सुख रहे धान की बिचड़ा को मिली नई जिंदगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पिछ्ले कई दिनों से चिलचिलाती धूप और बेहतशा गर्मी से परेशान लोगों ने मंगलवार की दोपहर में हुई बारिश के बाद राहत की सांस ली है। करीब आधा घंटा तक बारिश होने से मौसम को खुशनूमा बना दिया है। पिछ्ले कई दिनों से बारिश की आस लगाए बैठे किसानो के भी चेहरा खिल उठा है। बारिश होने के साथ ही किसान खेतिकार्य में जुटने की तैयारी में लग गए है। दोपहर में हुई बारिश से सबसे ज्यादा फायदा खेतों में सुख रहे धान की बिचड़ा, विभिन्न प्रकार सब्जियों को हुआ है। बारिश के अभाव में क्षेत्र के कई किसानों का लौकी, भिंडी, बरबटी, करेला, बैगन, मूली समेत अन्य कई प्रकार सब्जियों की खेती प्रभावित हुई है। जोड़सा गांव के किसान नवीन कुंभकार, हरेकृष्ण सिंह, बैद्धनाथ माझी ने बताया कि बारिश के अभाव में जिन किसानों ने अबतक धान का बिचड़ा नही डाले है। वैसे किसानो ने कल से ही धान बीज डालने लग जायेंगे। इसके साथ ही किसान ट्रैक्टर या हल जोतकर जमीन की तैयार करने में जुट जाएंगे। इधर बारिश के बाद कई सड़कों पर जल जमाव होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है।

## पूर्व मुख्यमंत्री स्व सुधीर महतो की मनाई गई जन्म जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व सुधीर महतो का जन्म जयंती मनाई गई। बिस्टाटांढ़ राम नगर स्थित स्वर्गीय सुधीर महतो मेमोरियल स्कूल परिसर में समाज सेवियों, बुद्धिजीवी व झामुमो कार्यकर्ताओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व सुधीर महतो के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं राम प्रसाद महतो के नेतृत्व में समाजसेवी व बुद्धिजीवियों ने एक मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं उपस्थित समाजिक कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर स्वर्गीय सुधीर महतो द्वारा किए गए प्रयासों को पूरा करने का संकल्प लिया। मौके पर राम प्रसाद महतो,माधव चन्द्र साहू, तंत्रजीत महतो, राधेश्याम महतो,राश बिहारी महतो कैलाश मींज आदि ने स्वर्गीय सुधीर महतो के जीवनी पर प्रकाश डाला।

## दिव्यंग बच्चों को सहायक उपकरण वितरण सह चिन्हीकरण शिविर कल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** आगामी 27 जून प्रखंड शिक्षा प्रसार केंद्र राजनगर में झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत एकदिवसीय दिव्यांग बच्चों का सहायक उपकरण वितरण सह चिन्हीकरण शिविर का आयोजन किया गया है।जो सुबह 9 बजे से 4 बजे तक कार्यक्रम चलेगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए रिसोर्स टीचर प्रशंजित नाथ ने कहा इस शिविर में 3 से 18 वर्ष के दिव्यांग बालक बालिका को अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र,पासपोर्ट साईज दो फ़ोटो,तथा अन्य कोई दस्तावेज लाना है।दिव्यांगता के अनुसार दिव्यांगो को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण किया जाएगा।उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों को इस शिविर में भाग लेकर लाभ उठाने का आग्रह किया है।इस मौके पर बीईईओ वसुंधरा दास,बीपीओ ममता दुबे,रिसोर्स टीचर प्रशंजित नाथ समेत कई शिक्षकगण उपस्थित थे।

## जेबीकेएसएस का प्रस्तावित धरना प्रदर्शन स्थगित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**तिरुलडीह :** अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच एवं झारखंडी भाषा ख़तियानी संघर्ष समिति के तत्वाधान में आगामी 26 जून को विभिन्न मांगो को लेकर चांडिल डैम कार्यालय परिसर पर धरना प्रदर्शन निर्धारित किया गया था, जिसे स्थगित किया गया। संगठन महासचिव राकेश रंजन महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए आगामी 26 जून के धरना प्रदर्शन को स्थगित किया गया। जिसका लिखित सूचना चांडिल अनुमंडल अधिकारी को दिया गया। आगामी तिथि बैठक के बाद निर्धारित किया जाएगा।

## करीम सिटी कॉलेज में उर्दू कविता प्रतियोगिता बैत बाजी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** आज करीम सिटी कॉलेज के ऑडिटोरियम में सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर (स्पार्क) के द्वारा बैत बाजी (उर्दू कविता प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कथाकार और लेखक डॉ अख्तर आज़ाद थे। कार्यक्रम के निर्णायक सैयद बद्र अहमद और अनवर अदीब थे। कार्यक्रम का आगाज कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रेयाज द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। बैत बाजी में 7 टीमों ने भाग लिया। गौहर अज़ीज़ (प्रोफ़ेसर, उर्दू विभाग) ने प्रतियोगिता का संचालन किया। बैत बाजी के विजेता का खिताब इंजमाम अज़ीज़ और सदाफ़ अत्तारया की टीम दाग़ और उपविजेता का खिताब सफ़दर हारून और शानिया खानम की टीम फ़ैज़ ने जीता। उत्कृष्ट प्रदर्शन का पुरस्कार इंजमाम अज़ीज़ को दिया गया।मंच का संचालन सना वकील ने किया। पुरस्कार वितरण डॉ एस एम याहिया इब्राहिम द्वारा किया गया। डॉ मोहम्मद ज़कारिया ने मुख्य अतिथि को एक मोमेंटो और धन्यवाद पत्र भेंट किया।

## प्राइमरी और अपर प्राइमरी सहायक आचार्य रिजल्ट एक साथ जारी हो : कुणाल दास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ईचागढ़ :** मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद ही जेटेट पास अभ्यर्थियों में उबाल शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा सहायक आचार्य परीक्षा के तहत प्राइमरी एवं अपर प्राइमरी कैटेगरी का रिजल्ट अलग-अलग जारी किए जाने की घोषणा का जेटेट पास अभ्यर्थियों ने विरोध किया है। विदित हो कि झारखण्ड के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में जेएसएससी के माध्यम से 26001 सहायक आचार्यों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। इसे लेकर कई चरण में परीक्षा ली जा चुकी है और आगे और भी कई चरणों में परीक्षा लिया जाना बाकी है। सोमवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा 15 अगस्त तक प्राइमरी लेवल का एवं 5 सितंबर तक अपर प्राइमरी लेवल का रिजल्ट अलग-अलग जारी करने की घोषणा के बाद पारा शिक्षक-गैर पारा जेटेट सफल अभ्यर्थी संघ झारखण्ड प्रदेश ने इसका विरोध किया है। मंगलवार को इस संदर्भ में एक प्रेस वार्ता के दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुणाल दास ने कहा कि राज्य में काफ़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थी हैं जो दोनों कैटेगरी में पात्रता रखने की वजह से दोनों ही कैटेगरी के एग्जाम में शामिल हो रहे हैं। दास ने आगे कहा कि अगर मुख्यमंत्री के मुताबिक प्राइमरी का रिजल्ट पहले जारी होता है तो न केवल अनावश्यक रूप से प्राइमरी के सीट रिक्त रह जाएंगे बल्कि काफ़ी संख्या में प्राइमरी के अभ्यर्थी वंचित रह जाएंगे। बहुत जल्द संघ का प्रतिनिधिमंडल इस समस्या से सरकार को भौतिक रूप से अवगत कराने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा।

## पटमदा के बामनी में वज्रपात से किशोर की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत बामनी टोला घोषडीह निवासी करीब 12 वर्षीय किशोर मास्टर कोलेन टुडू की वज्रपात से मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे उस वक्त हुई जब कोलेन अपने घर के बरामदे (पुआल चाली) में खेल रहा था। घटना के वक्त उसकी मां घर पर थी जबकि उसके पिता उत्तम टुडू मजदूरी करने दूसरे गांव में गए हुए थे। इस संबंध में मृतक की मां ने बताया कि अचानक घर की छत पर तेज धमाके के साथ वज्रपात होने से उनका एकमात्र पुत्र कोलेन मूर्छित होकर गिर गया। आनन- फानन में इसकी सूचना पड़ोसियों के माध्यम से उसके पिता को देने के बाद एम्बुलेंस को कॉल किया गया लेकिन करीब डेढ़ घंटे के बाद एम्बुलेंस पहुंचने पर अस्पताल पहुंचाने में देर हुई और रास्ते में ही कोलेन ने दम तोड़ दिया। एमजीएम अस्पताल में चिकित्सकों ने इलाज के क्रम में मृत घोषित कर दिया। एकमात्र पुत्र की अकाल मृत्यु से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर एमजीएम अस्पताल पहुंचे भाजपा नेता विमल बैठा ने पीड़ित परिवार की मदद करते हुए कागजी प्रक्रिया पूरी कराई और शव को शीतगृह में रखवा दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। विमल बैठा ने बताया कि समय पर एम्बुलेंस सेवा नहीं मिलने एवं 108 की लचर व्यवस्था के कारण ही एक मां से उनका एकमात्र पुत्र छिन गया। कोलेन दो भाई बहनों में बड़ा था।

## शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** कदमा के शहीद निर्मल महतो स्टेडियम, कदमा में आयोजित शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट का आज सुधीर महतो के जन्मदिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। इस अवसर पर विजेता टीम जेसीए येलो, रनर्स अप लियो क्रिकेट अकादमी को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया । टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज (फरहान) कवर ड्राइव क्रिकेट अकादमी , सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज (ऋषि कुमार) लियो क्रिकेट अकादमी, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक आरव सोनी (जेसीए ब्लू), सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर ऋषि कुमार (सीएजे) को भी सम्मानित किया। अंडर -12 टूर्नामेंट के इमर्जिंग प्लेयर विराट सिंह (लियो क्रिकेट अकादमी), अभिनव झा (जेसीए येलो), अंशुमान रॉय (जेसीए ब्लू) और आरव रंजन (कवर ड्राइव) रहे। मौक़े पर मौजूद रामदास सोरेन (विधायक घटशीला ) सविता महतो ( विधायक ईचागढ़ ) मोहन कर्माकर , दिनेश उपधायाय सेक्रेटरी जेसीए , देबब्रतों मुखर्जी ऐडमिनिस्टेटर जेसीए, स्नेहा महतो ने सभी बच्चों को पुरस्कृत किया।

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गम्हरिया के अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी कमल किशोर तथा बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रवीण कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों तथा प्रेस प्रतिनिधियों के साथ मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग से प्राप्त निर्देश के अनुसार मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण द्वितीय 2024 कार्यक्रम को दो चरणों में संपन्न कराया जाएगा। पहले चरण की प्रक्रिया आगामी 25 जून से 24 जुलाई तक होगी। इस दौरान प्री रिवीजन एक्टिविटिज होंगे। उसके बाद आगामी 25 जुलाई से 20 अगस्त तक रिविजन एक्टिविटी किए जाएंगे। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन एवं 20 जुलाई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद इसमें कोई त्रुटि का सुधार नहीं होगा। उन्होंने बताया कि इस अवधि में शनिवार एवं रविवार को चार चरणों में विशेष अभियान दिवस चला कर नए मतदाताओं को जोड़ने, स्थल परिवर्तन करने, मतदाता सूची से नाम हटाने आदि प्रक्रिया संपादित होगी। इसके तहत 27-28 जुलाई और 3-4 अगस्त को हर बूथ पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। बैठक में सीओ ने जानकारी देते हुए कहा कि आगामी एक जुलाई को या इससे पूर्व 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में निबंधन सुनिश्चित करना है। बैठक में कई मतदान केंद्रों को बदलने पर भी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से सुझाव लिए गए। बैठक में बताया गया कि एक हजार से अधिक मतदाताओं पर अलग बूथ का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत मंगलम सिटी, विनायक एवं मोक्ष को जोड़कर उसी अपारमेंट में बूथ बनाया जाएगा। अन्य अपार्टमेंटों में भी बूथ बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में राजद के पुरेंद्र नारायण सिंह, संजय कुमार सिंह, श्याम सुंदर मालाकार, झामुमो के जगदीश महतो, राजेश गोप, संजय दास, आजसू पार्टी के दिनेश हांसदा, विमल कुमार महतो, राजेश महतो, भाजपा के वीरेंद्र कुमार सिंह, कांग्रेस के गौरी शंकर प्रसाद, सीपीआई के आरएस राय आदि उपस्थित थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के फुफेरे भाई अनूप टुडू के अंतिम संस्कार में शामिल हुए मंत्री बसंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के चाकुलिया निवासी अनूप टुडू का सोमवार की रात को निधन हो गया। मंगलवार सुबह अनूप टुडू के निधन की खबर से पूरे चांडिल क्षेत्र में शोक की लहर चल रही है। आज पैतृक गांव चाकुलिया में उनका पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार गया। दिवंगत अनूप टुडू कुछ महीनों से किडनी की बीमारियों से जूझ रहा था। सोमवार शाम को अचानक तबियत बिगड़ने लगी तो उन्हें जमशेदपुर के ब्रह्मानंद हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। दिवंगत अनूप टुडू झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के छोटे भांजा एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के फुफेरे भाई थे।अंतिम संस्कार में झारखंड सरकार के मंत्री बसंत सोरेन, ईचागढ़ विधायक सविता महतो, झामुमो के केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, चारु चांद किस्कु, वरिष्ठ झामुमो नेता सुखराम हेम्ब्रम, झामुमो जिला अध्यक्ष शुबेन महतो, सचिव बुद्धेश्वर मार्डी,भाजपा के रमेश हांसदा समेत अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी।

संपादकीय

# अस्थिर राजनीति की ओर

जिस प्रदेश में बार-बार उपचुनाव होने लगें और जहां विधानसभा की सदस्यता अदालत से विधानसभा अध्यक्ष की कचहरी तक नाच करे, वहां सामान्य परिस्थितियां नहीं हैं। हिमाचल अब तक अपनी सियासत की मजबूती, सहनशीलता, जवाबदेही, वचनबद्धता तथा दलगत संस्कृति के उच्च आयाम स्थापित करता रहा है, लेकिन अब जुबान, जिरह और जमीन बदल रही है। विधानसभा बार-बार बंट रही है और जनादेश भी सियासी बही खाते की अपंगता में शरीक हो रहा है। आप ऐसे तो न थे, आप यह कैसे हो गए, यह हिमाचल का मतदाता पूछ रहा है। वह कब तक सियासी जोर आजमाइश का मोहरा बना रहेगा। मात्र 68 सदस्यीय विधानसभा से नौ विधायकों की सदस्यता का खारिज होना, न प्रेरक है और न ही पूरक, बल्कि यह अस्थिरता रोग की निशानी दे गया। अब पुनः यही दस्तूर निर्दलीय विधायकों के कारण उपचुनाव की धौंकनी से अस्थिरता के अंगारों को हवा देगा। ये तमाम उपचुनाव दो पार्टियों के बीच का फासला नहीं, बल्कि सियासत का तियापांचा है जो सिर्फ अहंकार और स्वार्थ की मिट्टी से खेल रहा है। जब टुकड़े बंटने लगते हैं, तो क्या छोटा और क्या बड़ा, यहां सारा तमाशा, घात-प्रतिघात का है। कौन नेता, किसकी मुहर और किसकी बिकवाली से किसकी खता, सभी इस हमाम में नंगे हैं। लोगबाग पार्टियां बदल रहे हैं, क्योंकि पार्टियों में कब्जाधारी बदल रहे हैं। हिमाचल में सत्ता के जनक अपनी फौज और अपने युद्ध के मोर्चे तय कर रहे हैं। चुनावी राजनीति के फलक को तिरोहित करके जब सत्ता के लाभार्थी किसी भी गली-कूचे से सीधे सरकार के अलंकार बन जाएं, तो ये सीढ़ियां भी खेल तमाशा है। सियासत अब अनूठी कचहरी की तरह हमारे सामने सरकारें और सरकारों के तख्त परोसने लगी है। यहां जीत के प्रमाण से कहीं अधिक हार के तर्क हैं और इसलिए शक्तिशाली को हार कर भी जीत का ढिंढोरा पीट दे। चार लोकसभा की सीटों से कहीं अधिक जोश उस जीत का है जो कांग्रेस के कुल छह विधायक गंवा कर चार नए चेहरे हासिल करने से पैदा हुआ। अब पुनः तीन उपचुनाव किसी के लिए बरसात-किसी के लिए सौगात, लेकिन इसके पीछे के हालात राजनीति में अस्थिरता का माहौल ही तो पैदा कर रहे हैं। अस्थिर राजनीति की परेशानी में जनता यह कैसे तय करे कि वह किसी को जीत दिला कर हार जाएगी या हरा कर परास्त होगी। क्या फर्क पड़ता कि कल के निर्दलीय आज के भाजपाई होकर चुनाव का शंखनाद करें या टोह लेती कांग्रेस कहीं आगे निकलकर भाजपा के किसी विक्षुब्ध नेता को हथिया ले। यही परिस्थितियां अचानक कुछ गुमशुदा नेताओं को सामने ले आती हैं, जबकि आम कार्यकर्ता चुनाव के मूड को पढ़ते-पढ़ते अपने मूड को कुर्बान कर देता है। देहरा उपचुनाव की बाहों में हथियार बना पहले ही निर्दलीय होशियार सिंह की संगत में भाजपा को देख रहा है, जबकि रमेश धवाला का पारा इतिहास की गवाही में सियासत को कसूरवार बना रहा है। कुछ बयान फरमाइश करते हुए या कांग्रेस के खालीपन को साधते हुए रमेश धवाला के आए, तो भाजपा के हाकिम उनका नाड़ी परीक्षण करने जुट गए। अब ज्वालाजी-ज्वालाजी रहेगी या ज्वालाजी से निकलकर कोई ज्वाला देहरा पहुंच जाएगी। विपिन सिंह परमार की मान मनोव्वल में दिल पिघल जाए तो भी गनीमत है वरना एक उपचुनाव की हस्ती में कई कुरुक्षेत्र हो जाएंगे। जरा सोचें जीवित नेताओं के स्वाभिमान के कारण बढ़ते उपचुनाव, हिमाचल की हस्ती में कितने विराम और कितने अनिश्चय लेकर आ रहे हैं। उपचुनावों के नाखून गंजे लोकतंत्र को लहूलुहान करके हमारे भविष्य को अस्थिर ही करेंगे, जबकि सुरक्षा कवच पहनकर भी सत्ता और विपक्ष, निहायत कमजोर और अमर्यादित होकर सिर्फ लुकाछिपी करते रहेंगे।

हिमाचल अब तक अपनी सियासत की मजबूती, सहनशीलता, जवाबदेही, वचनबद्धता तथा दलगत संस्कृति के उच्च आयाम स्थापित करता रहा है, लेकिन अब जुबान, जिरह और जमीन बदल रही है। विधानसभा बार-बार बंट रही है और जनादेश भी सियासी बही खाते की अपंगता में शरीक हो रहा है। आप ऐसे तो न थे, आप यह कैसे हो गए, यह हिमाचल का मतदाता पूछ रहा है। वह कब तक सियासी जोर आजमाइश का मोहरा बना रहेगा। मात्र 68 सदस्यीय विधानसभा से नौ विधायकों की सदस्यता का खारिज होना, न प्रेरक है और न ही पूरक, बल्कि यह अस्थिरता रोग की निशानी दे गया। अब पुनः यही दस्तूर निर्दलीय विधायकों के कारण उपचुनाव की धौंकनी से अस्थिरता के अंगारों को हवा देगा। ये तमाम उपचुनाव दो पार्टियों के बीच का फासला नहीं, बल्कि सियासत का तियापांचा है जो सिर्फ अहंकार और स्वार्थ की मिट्टी से खेल रहा है। जब टुकड़े बंटने लगते हैं, तो क्या छोटा और क्या बड़ा, यहां सारा तमाशा, घात-प्रतिघात का है। कौन नेता, किसकी मुहर और किसकी बिकवाली से किसकी खता, सभी इस हमाम में नंगे हैं। लोगबाग पार्टियां बदल रहे हैं, क्योंकि पार्टियों में कब्जाधारी बदल रहे हैं। हिमाचल में सत्ता के जनक अपनी फौज और अपने युद्ध के मोर्चे तय कर रहे हैं।

केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है

# फिर आतंकी हमलें, कायम हो शांति का उजाला

ललित गर्ग

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी।

यह आशंका सच साबित हो रही है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है। इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे। मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर हाल के आतंकी हमले केंद्र सरकार व राज्य प्रशासन को भी आत्ममंथन का मौका देते हैं। तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है।



लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। गठबंधन की केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ आतंक से अमन-चैन तक लाने के चले आ रहे मिशन को सफल करने का, लोकतंत्र को सशक्त बनाने का, विकास के कार्यक्रमों को गति देने का एवं कश्मीर के लोगों पर आयी मुस्कान को कायम रखने का। बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। अब गठबंधन सरकार में भी वे अपने इस जादू को दिखाये। इन आतंकी हमलों ने अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि कश्मीर की जनता क्यों राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पा रही है? क्या कश्मीरी लोगों में नई व्यवस्था में अपने अधिकारों की सुरक्षा व संपत्ति के अधिकारों को लेकर मन में संशय की स्थिति में वृद्धि हुई है? हमें यह तथ्य स्वीकारना चाहिए कि किसी भी राज्य में आतंकवाद का उभरना स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकता। वहीं यह भी हकीकत है कि कश्मीरी जनमानस का दिल जीतना शक्ति से नहीं बल्कि उनके अनुकूल नीतियां बनाने व लोकतंत्र की बहाली से ही संभव है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं। माना कि रोग पुराना है, लेकिन ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज होना ही चाहिए। कश्मीरियों में अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार एवं सक्षम किया जाये। घाटी में हालात सुधरने के केंद्र सरकार के दावों की सत्यता इसी से परखी जाएगी कि घाटी में अल्पसंख्यक पंडित और प्रवासी कामगार खुद को कितना सुरक्षित महसूस करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो असली लड़ाई कश्मीर में बन्दूक और सन्दूक की है, आतंकवाद और लोकतंत्र की है, अलगाववाद और एकता की है, पाकिस्तान और भारत की है। शांति का अग्रदूत बन रहा भारत एक बार फिर युद्ध के जंग की बजाय शांति प्रयासों एवं कूटनीति से पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाये, यह अपेक्षित है। पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति 'कश्मीर' पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है।

दृष्टि कोण

# खाद्य पदार्थों की सुरक्षा एवं गुणवत्ता जरूरी

खाद्य सुरक्षा की स्थिति तब बनती है जब सभी लोगों के पास हर समय पर्याप्त, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन के लिए भौतिक एवं आर्थिक पहुंच उपलब्ध होती है, ताकि एक सक्रिय एवं स्वस्थ जीवन के लिए उनकी आहार संबंधी आवश्यकताओं एवं खाद्य वरीयताओं की पूर्ति हो सके। खाद्य सुरक्षा इस बात का बहुत महत्वपूर्ण निर्धारक है कि लोग सक्रिय और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं या नहीं, क्योंकि यह पोषक तत्वों की जरूरत को पूरा करने के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों तक उनकी पहुंच निर्धारित करता है। खराब खाने से पनपने वाले खतरे को पहचानने और समझने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से इस वर्ष 7 जून को नए थीम के साथ खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2024 का विषय था- 'खाद्य सुरक्षा : अप्रत्याशित के लिए तैयारी करें।' इस वर्ष का थीम खाद्य सुरक्षा, घटनाओं के लिए तैयार रहने के महत्व को रेखांकित करता है, चाहे वे कितनी भी हल्की या गंभीर क्यों नहीं हों। खाद्य सुरक्षा दिवस को मनाने के लक्ष्य हैं : खाद्य सुरक्षा, मानव स्वास्थ्य, आर्थिक समृद्धि, कृषि बाजार पहुंच, सतत विकास में योगदान करने, खाद्य जनित जोखिमों का पता लगाने एवं रोकने तथा प्रबंधित करने में मदद हेतु ध्यान आकर्षित करने और कार्रवाई को प्रेरित करने हेतु। एक अनुमान के अनुसार हर साल वायरस, बैक्टीरिया, रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से लगभग 600 मिलियन लोग बीमार पड़ते हैं और 420000 लोग मारे जाते हैं। इनमें ज्यादातर औरतें और बच्चे होते हैं। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की हर साल 125000 मौतें होती हैं। सयुंक्त राष्ट्र ने खाद्य सुरक्षा में चुनौतियां चिन्हित की हैं जो हैं : जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान, मौसम की परिवर्तनशीलता, आक्रामक फसल कीट और लगातार चरम मौसमी घटनाओं का खेती कार्यों पर हानिकारक प्रभाव आदि। इससे ऊपज में कमी, पोषण गुणवत्ता की गिरावट और किसान आय में हानि हो रही है। हरित क्रांति से भारतवर्ष में खाद्य असुरक्षा और गरीबी दोनों के स्तरों में कमी आई है। साथ में जनसंख्या की वृद्धि के दबाव को भी सहन किया है। परंतु अभी भी खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने में बहुत सी चुनौतियां हैं जिनमें बढ़ते भूमि क्षरण, मृदा उर्वरता की हानि, जल जमाव, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान (रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण), खाद्य प्रबंधन नीति का अभाव, खाद्यान्नों में लीकेज एवं डायवर्सन, अनाज का सडना, बारिश में भीगने से अनाज का खराब होना, फल/सब्जियों का प्रबंधन, नकली राशन कार्ड आदि। इसके लिए सरकार को गोदामों और कोल्ड स्टोरेज, फार्म टू फैक्टरी की सुविधा देनी होगी। भारत में वार्षिक भंडारण हानि 14 मिलियन टन खाद्यान्न है। भारत में आज भी अनाज को तिरपॉलिन के नीचे खुले में रखा जाता है जिससे अनाज में नमी के साथ कवक तथा फफूंद आता है। भारत में खाद्य सुरक्षा इसलिए आवश्यक है क्योंकि किसी भी वर्ष देश को राष्ट्रीय आपदा या आपदा जैसे भूकंप, सूखा, बाढ़, सुनामी आदि का सामना करना पड़ सकता है। वस्तुओं की कीमतों को बढने से रोकने के लिए भी खाद्य सुरक्षा आवश्यक है। इसके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार खाद्यान्न खरीदती है तथा इसका बफर स्टॉक रखा जाता है, जिसको जन वितरण प्रणाली के द्वारा जरूरतमंद लोगों को सस्ती दर पर दिया जाता है। भारतीय संसद ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 पारित करके राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की शुरुआत की। बाजार कीमत से कम कीमत पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से लक्षित वर्ग को चावल, गेहूं और मोटा अनाज सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता है जिससे नागरिकों को सुरक्षा मिल सके। पूरे संसार में 78.3 करोड़ लोग क्रानिकल भूख से पीड़ित हैं, उधर 19 प्रतिशत खाना बर्बाद किया जाता है। इस बर्बादी को रोकना आवश्यक है। उच्चतम न्यायालय ने खाने के अधिकार के साथ-साथ स्वास्थ्य का अधिकार तथा सुरक्षित भोजन के अधिकार का भी करार दिया है। इस अधिकार की सुरक्षा के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण को जिम्मेदारी दी है और वह इस जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकता है। हाल ही में सिंगापुर, हांगकांग, मालदीव, ऑस्ट्रेलिया और नेपाल ने भारतीय लोकप्रिय ब्रांड एमडीएच एवं एवरेस्ट मसाले में इथिलीन ऑक्साइड की मिलावट होने के परिणामस्वरूप इनके आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। इस रसायन की अधिक मात्रा होने से कैंसर तथा अन्य बीमारियां हो सकती हैं। एफएसएसएआई ने परीक्षण के बाद इसका खंडन भी किया। एमडीएच/एवरेस्ट मसालों के अतिरिक्त पतंजलि स्वास्थ्य उत्पाद, कुछ बेबी फूड, जैनेटिक मॉडिफाई फसलें आदि के ऊपर भी उंगलियां उठी हैं जो उपभोक्ताओं की सुरक्षा के ऊपर गंभीर प्रश्न है। नियंत्रक महालेखा परीक्षक और लोक लेखा समिति ने 2017 में आडिट में पाया कि विनियमन के कार्यान्वयन में लापरवाही थी। उद्योगों द्वारा अनुपालना भी कम थी। कर्मचारियों की भी बहुत कमी थी। लोक लेखा समिति ने पाया कि मानकों के उल्लंघन करने वालों को अपराधी ठहराने की दर भी बहुत ही कम है, हालांकि उनके बहुत से नमूने फेल हुए हैं। खाद्य सुरक्षा भारत में नाममात्र की है जो लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है। राष्ट्रीय पोषण संस्थान हैदराबाद जो भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अंतर्गत आता है, वो भारतीयों के लिए आहार के दिशा-निर्देश जारी करता है। भारत में इस समय जो चुनौतियां हैं, उनमें कुपोषण तथा हृदय, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां और मोटापा हैं। एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में मधुमेह और उच्च रक्तचाप के प्रारंभिक संकेत मिल रहे हैं। इसके लिए अत्यधिक प्रसंस्कृत भोजन जिसमें नमक, वसा और चीनी की मात्रा अधिक है, जिम्मेदार है। इनके विज्ञापन तथा विपणन इतने आक्रामक तरीके से हो रहे हैं कि युवा पीढ़ी इस ओर आकर्षित हो रही है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में 1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण कार्यक्रम के दौरान किए जाने वाले विभिन्न कार्यो, आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर विभिन्न कारणों से मतदान केंद्रों के भवन में परिवर्तन आदि को लेकर सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर सभी राजनीतिक दलों को जानकारी दी गई की वैसे मतदान केंद्र जहां 1400 से अधिक मतदाता है उन मतदान केन्द्रों को दो भागों में विभाजित किया जाएगा साथ ही जर्जर हुए मतदान केन्द्रों को परिवर्तन किया जाएगा । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के साथ मतदान केंद्रों भवन को परिवर्तित करने संबंधित मामलों में चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। गौरतलब होकि द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जून 2024 से 27 अगस्त 2024 तक बीएलओ द्वारा हाउस टू हाउस सर्वे का कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ आशीष गंगवार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी प्रभात शंकर, भारतीय जनता पार्टी से रंजन फौजी, जेएमएम से अरुण बैनर्जी, सीपीआई से लोविंद महतो, आजसू से अनुष तिवारी, आरजेडी सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कटिया में पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** कटिया पंचायत अंतर्गत 15वें वित आयोग योजना के तहत फेवर ब्लॉक और पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास पंचायत मुखिया किशोर कुमार महतो और ग्रामीणों द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया गया। योजना के तहत पतरातू-रांची मुख्य पथ डीएवी स्कूल खटाल से सुखराम के घर तक फेवर ब्लॉक और पीसीसी पथ निर्माण किया जाएगा। जिसकी लागत लगभग ? 249000 और न्यू मार्केट दिनेश साहू के दुकान से लेकर गणेश ठाकुर के दुकान तक नाली सफाई एवं सिलाप निर्माण करना है। जिसकी लागत लगभग 154200 है। वहीं कटिया मुखिया ने आगे बताया कि फेवर ब्लॉक और पीसीसी पथ निर्माण होने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। नाली बनने से जो पानी सड़क पर बहता था, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती थी। उससे अब लोगों को निजात मिलेगी। मौके पर पंसस अनीता जैन, उप मुखिया नंदकिशोर महतो, पंचायत सेवक शब्या कुमारी, वार्ड सदस्य तेरूष देवी, किरण देवी, रणधीर कपूर, अवधेश चौरसिया, अरुण शर्मा, विवेक आनंद और संजय यादव, अजय यादव, मनोज यादव और गुड्डू यादव सहित दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ ,झारखंड द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम के सातवें दिन वाणिज्य ,कृषि विज्ञान ,अंग्रेजी ,हिंदी ,समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र , भौतिकी , पुस्तकालय विज्ञान , फार्मेसी, प्राणी विज्ञान, विधि एवं प्रबंधन विभाग द्वारा मादक पदार्थों को रोकने हेतु जागरूकता रैली एवं विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्परिणाम से लोगो को जोड़ना है नशा मुक्त भारत के लिए हमारी जिम्मेदारी नशा रोकना है । कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सचिव महोदया प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो.( डॉ) समरेंद्र नाथ साहा, प्रति कुलपति प्रो.(डॉ) रश्मि , कुलसचिव प्रो. (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ) अशोक कुमार एवं प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सफल कार्यक्रम की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।सभी कार्यक्रम ,डॉ रंजन कुमार वाणिज्य विभाग, डॉ कारलूस टोप्पो अंग्रेजी विभाग, डॉ प्रियंका कुमारी कृषि विभाग , डॉ मनमीत कौर हिंदी विभाग, नवीन कुमार अर्थशास्त्र विभाग , डॉ रविन्द्र कुमार भौतिकी विभाग, श्वेता कुमारी पुस्तकालय विज्ञान विभाग साई प्रकाश पाणिग्राही फार्मेसी विभाग , डॉ सत्य प्रकाश प्राणी विज्ञान एवम रुचिका कौशल कानून विभाग, डॉ राजू महतो प्रबंधन विभाग के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। मौके पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मादक पदार्थों का प्रयोग और उससे होनेवाले दुष्परिणाम पर कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट -1 और यूनिट -2 के तहत मादक पदार्थों का प्रयोग और उससे होने वाले दुष्परिणामों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ . रत्ना पांडे ने किया और मादक पदार्थों से होने वाले खतरनाक दुष्परिणामों की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया और कहा कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए यह एक श्राप की तरह हैद्य यूनिट -1 की प्रोग्राम पदाधिकारी डा.कामना राय ने कहा कि एक बड़ी जनसंख्या मादक पदार्थों के सेवन से ग्रसित है और अपनी कमाई का बहुत बड़ा हिस्सा अपने इलाज पर खर्च कर रही है। जिससे उनकी आने वाली पीढ़ी काभविष्य अंधकारमय होता जा रहा है । इतिहास विभाग की प्रो. रोज उरांव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही हमें संकल्प लेना होगा कि हम इसके चपेटे में ना आए और ना ही अपने परिवार के अन्य सदस्यों को आने दे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया इसमें राजा,आशीष ,पूनम ,निशा ,अंजलि ,आरती ,मंजू ,विभा, खुशी ,खुशबू आदि ने भाग लिया।



## डॉ आर के उपाध्याय को अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार में मिला मेडल

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के जंतु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ आर के उपाध्याय को बिलासपुर के अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार में पी सी जोशी मेडल मिला। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के विलासपुर में पांच-सात जून 2024 को तीन दिवसीय पैंतीसवीं ऑल इंडिया कांग्रेस ऑफ जूलॉजी इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑफ इंपैक्ट ऑफ क्लाइमेट चेंज विथ स्पेशल रिफरेंस टू चैलेंज एंड एप्रोचेस इन एप्लाइड जूलॉजी, बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन, फूड एंड हेल्दी सिक्योरिटी विषय पर आयोजित की गई थी। इसका अयोजन गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर छत्तीसगढ़ के डिपार्टमेंट ऑफ जूलॉजी, स्कूल ऑफ स्टडीज ऑफ लाइफ साइंस ने किया था जबकि जी जी वी, डी एस टी, एस इ सी एल, सी सी ओ एस टी प्रायोजक और जूलॉजीकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहभागिता से किया गया था। डॉ आर के उपाध्याय के अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार, बिलासपुर छत्तीसगढ़ से लौटने पर रामगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रत्ना पांडेय, डॉ आर बी पी देव, डॉ बक्शी ओम प्रकाश सिन्हा, पूर्व प्राचार्य डॉ शारदा प्रसाद, डॉ सतीश कुमार सिंह, डॉ सुनील कुमार अग्रवाल, डॉ रोज उरांव, डॉ राहुल गुप्ता, डॉ शाहनवाज खान साजिद हुसैन, किशुन महतो, सरजू महतो, योगेंद्र राम, बिरेंद्र उरांव, शिवानंद आदि ने बधाइयां दी है।



# अतिक्रमण को लेकर जिला परिषद ने चलाया अभियान, आवंटित दुकान तक रहें सीमित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के सिमरिया चौक पर नित्य प्रतिदिन अतिक्रमण की चर्चाओं का बाजार गर्म है। इसी मामले को लेकर जिला परिषद के पदाधिकारियों से लेकर अंचलाधिकारी सिमरिया एव पुलिस दल ने मिल कर अतिक्रमण को लेकर पूर्व आवंटित दुकानदारों को एक बार अंतिम चेतावनी दी गई है। चेतावनी में कहा गया है की यह अंतिम चेतावनी है। वर्ना 30 जुन को किसी भी हालत में सिमरिया चौक को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। इसके लिए सभी तरह की प्रशासनिक व्यवस्था कर ली गई है। दुकानदार लोग स्वतः अपने अपने दुकानों के सामने किया गया अतिक्रमण हटा लें। एक तरफ जिला परिषद द्वारा आवंटित रूम दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण को हटाया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ इसी जिला परिषद के द्वारा आवंटित दुकानों के ऊपर धड़ल्ले से दुकान निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण खुद दुकानदार लोग कर रहे है। जबकि इसका सरकारी प्रक्रिया के तहत टेंडर के माध्यम से बनाया जाता है। वैसे में जिला परिषद का यह दोहरी नीति दुकानदारों समझना बाहर है। वहीं इस तरह के मामले को लेकर जिला परिषद सदस्य देवनन्दन साहू से पूछे जाने कहा की जिस दुकानदार को नीचे का दुकान आवंटित है वह ऊपर भी दुकान बना सकता है। वैसे में दुकानदारों और ग्रामीणों का कहना हैं की क्या जिनका रोजगार के लिए दुकान मुहैया किया जा चुका है और उसी को पुनः ऊपर रूम बनाने का इजाजत कौन और कैसे दे रहें हैं। बाकी बेरोजगार लोग कहां जाएंगे। इस तरह के दोहरी नीति से लोग परेशान हैं।

# प्रखंड परिसर में लोक अदालत के तहत लगा शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय परिसर सभागार में विधिक सेवा प्राधिकार के तहत स्थाई लोक अदालत शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। जहां लोक अदालत में स्थाई लोक अदालत के प्रथम सदस्य अरुण कुमार द्वितीय सदस्य संजय कुमार सिन्हा व बीडीओ सह सीओ राहुल देव मुख्य रूप से उपस्थित थे। उपस्थित लोगों के बीच बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तहत एवं झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वाधान में स्थाई लोक अदालत का आयोजन किया गया है। लोक अदालत में दाखिल खारिज, शुद्धिकरण, जमीन अधिग्रहण, मुआवजा सहित राजस्व संबंधी को लेकर विस्तृत जानकारी दिया गया। लोक अदालत एका दुक्का ही मामला आया।शिविर में मुखिया जगदीश यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव, दिनेश भारती समेत अन्य मौजूद थे।

## डीसी के निर्देश पर अपर समाहर्ता ने जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर अपर समाहर्त्ता अरविंद कुमार ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी।जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, पेंशन, राशन, भूमि विवाद समेत अन्य मामला शामिल है। अपर समाहर्ता ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

## मानव तस्करी करना महिला को पड़ा महंगा

**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के डोकवा गांव की एक महिला कविता देवी पति अजित रविदास को शादी का झांसा देकर यूपी के शाहजहांपुर में बेच दी गई।महिला के परिजनों के आवेदन के आधार पर कुंदा थाना में दो लोगो पर मानव तस्करी एंव बाहला फुसलाकर शादी के नियत से मामला दर्ज की गई है।कुंदा थाना पुलिस ने इसी थाना क्षेत्र के खुटेर गांव निवासी कविता देवी पति उमेश रविदास को मंगलवार को जेल भेज दिया।एंव एक अन्य आरोपी यूपी के शाहजहांपुर के रामदास रविदास पर मामला दर्ज किया गया है।ये दोनों आरोपी पर कुंदा थाना में महिला के पति के आवेदन पर शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है।थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने कहा कि आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दूसरे की गिरफ्तारी के सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। कांड संख्या के 363, 366, 370, 34 के तहत मामला दर्ज की गई है।

## नहीं बख्से जाएंगे खनिजों के अवैध कारोबारीः डीएमओ

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर अवैध बालू भंडारण को लेकर लातेहार डीएमओ आनंद कुमार ने कार्रवाई की है। एवं बालूमाथ में रेलवे निर्माण कार्य कर रहे उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड एवं संलिप्त व्यक्त्यिों पर बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। साथ ही अवैध बालू भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं श्री कुमार ने बताया कि 20 जून को छापेमारी के दौरान खान निरीक्षक पदमलोचन ओहदार एवं पुलिस बल के द्वारा मकईयाटांड के रेलवे कैंप में अवैध रूप से 1 लाख 50 हजार घनफूट बालू पाया गया जिसे जप्त कर लिया गया एवं जांच में पाया गया कि रेलवे निर्माण कार्य में लगे उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी की संलिप्तता उजागर हुई। जांच के दौरान पाया गया कि कंपनी द्वारा किसी प्रकार के बालू भंडारित संबंधित लाईसेंस नहीं लिया गया।ना ही आवेदन दिया गया है। जिसके बाद कंपनी से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण करते हुए अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया। कंपनी के द्वारा 1 लाख 8 हजार घनफुट का ही कागजात उपलब्ध कराए गये एवं बालू भंडारण में भिन्नता पाई गयी।वहीं बालू भंडारण लाईसेंस या डीलर संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद अवैध बालू भंडारण को लेकर उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ बालूमाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। आगे उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनिज कारोबारियों को बख्सा नहीं जाएगा। अवैध खनिज संपदा के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत कर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।

# लावालौंग प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा कुंआ योजना बना लूट का छूट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/लावालौंग :** लावालौंग प्रखंड के सभी पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत कुंआ निर्माण में जम कर लूट का छूट किया जा रहा है। आपको बता दें की वर्तमान में प्रखंड के सोहावन में लाभुक राजू यादव के जमीन में मनरेगा का कुआं निर्माण किया जा रहा है जहां मात्र केवल पत्थर से कुआं का बंधाई किया जा रहा है साथ हीं कम गहराई किया गया है। हालांकि इस खेल में जेई सिकंदर दास, पंचायत सेवक के अलावे मुखिया का मिलीभगत शामिल रहता है। इस तरह प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा के सभी योजनाओं में लूट का छूट बना हुआ है। चाहे टीसीबी हो या डोभा हो या कुआं सभी में बंदरबांट कर योजना को वारे न्यारे कर दिया जाता है। जबकि झारखंड सरकार हो या केंद्र सरकार हो सभी के द्वारा विकास के लिए योजनाएं पारित की जाती है। किंतु धरातल पर कुछ और हीं नजारा देखने को मिलता है।

# शिवसागर तालाब गहरीकरण कार्य में अनियमितता का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत पंचायत केचकी के ग्राम सरईडीह में शिव सागर तालाब का जिर्णोद्धार भूमि संरक्षण विभाग से कराया जा रहा है जिसमें भारी अनियमित देखी जा रही है। सोमवार को ग्रामीणों की शिकायत पर कार्य स्थल का खबर संकलन के दौरान पाया गया कि तालाब के मजबूत बांध का मिट्टी काटकर उस मिट्टी से बांध का ड्रेसिंग किया गया है साथ ही पुराना कल्वर्ट को स्थापित कर दिया गया है।जहां अनियमितता पर ग्रामीण बताते हैं कि शिव सागर तालाब में दो तीन साल पहले भी इसी तरह जेसीबी मशीन से काम करवाया गया था। उन्होंने बताया कि बांध के एक तरफ से मिट्टी उठाकर दुसरे तरफ़ बांध में चिपका दिया गया है जो पहली बारिश में वह मिट्टी निचे गिर जाएगा। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि तालाब से एक भी मिट्टी नहीं निकाला गया है और इसका फायदा उठाने की बाट जोह रहे काम कराने वाले बारिश होने के इंतजार में हैं जैसे ही बारिश होगी खेला हो जाएगा हालांकि योजना कार्य रनिंग में है पर देखना है कि बारिश के पहले तालाब गहरी करण होता है या नहीं। वहीं इस संबंध में जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्र ने बताया कि योजना विभागीय अभियंता की देखरेख में मानक अनुरूप क्रियान्वित है, योजना कार्य रनिंग में है अगर मानक अनुरूप कार्य नहीं किया जाता है तो उनके भुगतान नहीं किए जाएंगे।

## पेड़ से लटका मिला अज्ञात युवक का शव

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगरू पंचायत के हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन से 100 मीटर की दूरी पर सोमवार की शाम छिपादोहर पुलिस ने पेड़ से लटका एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया। इस संबंध में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने बताया की हेहेगड़ा के कुछ ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली की रेलवे स्टेशन के कुछ दूरी पर पेड़ से एक शव लटका हुआ है। उन्होंने बताया कि जानकारी मिलते ही सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को बरामद कर लिया।उन्होंने कहा कि शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव के पास से कुछ कपड़ा मिला है। किसी प्रकार का कोई आईडी प्रूफ नहीं है। जिसके कारण शव की पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि शव को छिपादोहर थाना लाया गया है। मंगलवार को लातेहार सदर अस्पताल में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था परन्तु सदर अस्पताल से शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया गया।थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह आत्महत्या है या हत्या।

# बस्तानिया फोकानिया परीक्षा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय परिसर में मंगलवार को वस्तानिया फोकानिया परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में वस्तानिया के कुल 51 परीक्षार्थी को भाग लेना था जिसमें 46 परीक्षार्थी ही भाग लिया शेष पांचपरीक्षार्थि अनुपस्थित रहे। वही फोकानिया में 50 छात्रों को परीक्षा देनी थी जिसमें सभी लोग शत प्रतिशत उपस्थित रहे। केन्द्रा अधीक्षक अनीता बाड़ा ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष मदरसा परीक्षा के तहत बस्तानिया एवं फोकानिया परीक्षा आयोजित की जाती है। यह परीक्षा कदाचारमुक्त कराया गया है। इस परीक्षा को सफल बनाने में वीक्षक चंदन दास, विमल कश्यप, संजय कुमार, प्रयाग कुमार, निर्मल कुमार, सतीश कुमार , दुपद कुमार, वसी इमाम, मोतिउर रहमान, एवं संध्या गुप्ता समेत कई लोगो ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# एसडीएम ने बिजली व पेयजल विभाग के लिखित आश्वासन के बाद किए गए कार्यों की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड में बिजली विभाग एवं पेयजल विभाग की लचर व्यवस्था से परेशान आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा 40 घंटे तक लगातार प्रखंड बंद एवं धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसके बाद बिजली विभाग एवं पेयजल विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को लिखित आश्वासन देते हुए जल्द सुधार करने की बात कही थी।तेराह दिन गुजर जानें के बाद पेयजल एवं बिजली विभाग के द्वारा कितना कार्य किया गया है, इसकी समीक्षा को लेकर महुआडांड़ जिला परिषद सभागार में लातेहार एसडीएम कौशल कुमार एवं महुआडांड़ एसडीएम रतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान पेयजल विभाग के एई दीपक कुमार एवं बिजली विभाग के एसडीओ दुर्गा शंकर सिंह बैठक में उपस्थित रहे। जिनसे ग्रामीण की समस्या पर सुधार में किए गए कार्यों की समीक्षा की। साथ ही इस पर रिपोर्ट बनाकर जमा करने का निर्देश दिया। साथ ही ग्रामीणों ने ग्राउंड पर चलकर अधिकारियों से जांच करने की अपील की। जिसके बाद एसडीएम कौशल कुमार, एसडीएम रतन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, बिजली विभाग के एसडीओ दुर्गा शंकर सिंह पेयजल विभाग एई दीपक कुमार ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों के साथ प्रखंड स्थित अम्बवाटोली, रिगरीटाड़ का निरीक्षण किया जहां लोगों की समस्या को देखते हुए कई दिशा निर्देश दिया। वही इस पर जल सुधार कार्य नहीं करने पर मुख्यमंत्री तक रिपोर्ट करने की बात कही। इस दौरान मुख्य रूप से युवा नेता अजीत पाल कुजूर, मुखिया सुषमा तिर्की, रेनू तिग्गा, परवेज आलम, मंटू बृजिया, राकेश कुमार, इश्तियाक अहमद, रानू खान, समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## दलदली सड़क होने के कारण हाइवा अनियंत्रित होकर ट्रेलर से टकराया, चालक घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के 9 नंबर बैरियर के पास दलदली सड़क होने की वजह से एक हाइवा अनियंत्रित होकर ट्रेलर से जा टकराया। जिसमें हाईवा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राकेश सिंह 30वर्ष पिता सुरेंद्र सिंह ग्राम मंगरा, डीही मुरुप थाना लातेहार निवासी बालूमाथ के मगध कोलियरी में श्याम ट्रांसपोर्ट कम्पनी का हाइवा जेएच 10 सीजे 2821 चलाता है। मंगलवार को मगध कोलियरी से कोयला लोड कर वह बालूमाथ साइडिंग जा रहा था। इसी दौरान 9 नम्बर बैरियर के पास सड़क दलदल होने के कारण हाइवा अनियंत्रित होकर ट्रेलर से जा टकराया। जिसमे हाइवा चालक राकेश सिंह हाइवा में दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे मौके पर मौजूद अन्य ड्राइवर की सहायता से कड़ी मशक्क्क्त के बाद बाहर निकाला जा सका। और उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

# भाजपाइयों ने काला दिवस पर गोष्ठी एवं काला बिल्ला लगाकर पैदल विरोध मार्च निकाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के अध्यक्षता में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के विरोध में काला दिवस पर गोष्ठी एवं काला बिल्ला लगाकर पैदल विरोध मार्च किया गया। तत्पश्चात आपातकाल के समय में बंदी बनाए गए मनबहाल सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के महामंत्री मनोज सिंह उपस्थित थे।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस के द्वारा आपातकाल लागू कर आम नागरिकों का मौलिक अधिकार को छीना गया, प्रेस मीडिया के बंधुओं का स्वतंत्रता छीनी गई, कांग्रेस के द्वारा देश में चुनी गई सरकार को 90 बार हटाया गया। आपातकाल के समय 140000 लोगों को जेल में डाला गया।जिनमें लगभग 22 लोगों की मृत्यु हो गई।आपातकाल के दौरान 42 वां संविधान संशोधन संसद को संविधान के नष्ट करने, जोड़ने बदलने या निरस्त की निरंकुश शक्ति प्रदान की गई। न्यायपालिका की शक्तियों में कटौती न्यायपालिका किसी भी आधार पर संविधान में संशोधन पर सवाल नहीं उठा सकती मौलिक अधिकारों में संशोधन को न्यायिक समीक्षा से परे रखा गया। न्यायपालिका भ्रष्ट चुनाव प्रथाओं में दोषी पाए गए किसी भी संसद को आयोग के नहीं ठहरा सकती इस तरह की कायत संविधान में आपातकाल के दौरान संविधान में संशोधन किया गया। उसे समय की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के द्वारा सट्टा प्रकार रखने के लिए इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को आधी रात में मंत्री परिषद को सूचित किए बिना राष्ट्रपति को आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया। आपातकाल के दौरान प्रमुख नेताओं जैसे अटल बिहारी वाजपेई राजनाथ सिंह जेपी नारायण जैसे विपक्षी नेताओं को तुरंत जेल में डाल दिया गया।कांग्रेस सरकार के द्वारा विगत चुनाव में जनता तक झूठ और झूठ फैलाना हमारी चुनावी मशीनरी के खिलाफ निराधार आरोपों के माध्यम से जनता के जनादेश पर सवाल उठाना जबरदस्त अल्पसंख्यक तुष्टिकरण और वोट बैंक की विभाजन की राजनीति चुनावी हिंसा और मतदाताओं को डराना संविधान और उसके सिद्धांतों के प्रति लोगों को भड़काना ही कांग्रेस का कार्य रह गया है। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि प्रदेश के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम 23 जून श्रद्धेय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को जो बलिदान दिवस के रूप में हम लोग मानते हैं उसे पखवाड़ा के रूप में 23जून से 6 जुलाई तक अनवरत चलेगा, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम जिला से लेकर बुथ स्तर पर चलाया जाएगा।5 जून को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा घोषित पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम के तहत पार्टी के सभी नेताओं को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलाना है। एवं सरल एवं सोशल मीडिया पर अपलोड करना है। तथा 30 जून को प्रधानमंत्री का मन की बात भूत स्तर पर सुनने और सुनने का कार्य करना है एवं सरल पर अपलोड करना है। मंच संचालन जिला के महामंत्री बंसी यादव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष उषा देवी ने किया। मौके पर उपस्थित थे। प्रदेश कर समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव,पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, पूर्व विधायक प्रकाश राम, अवधेश सिंह चेरो, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे,जिला परिषद की अध्यक्षा सह कार्यक्रम संयोजक पूनम देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य जिला कर समिति सदस्य रामदेव सिंह, आपातकाल के समय में मिस्सा एक्ट के तहत बंदी मनबहाल सिंह, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, प्रियंका देवी, बलवंत सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश का समिति, सदस्य मुकेश पांडेय, लातेहार प्रमुख परशुराम लोहारा, मनिका प्रमुख प्रतिमा देवी, जिला मंत्री रेनू देवी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजू रंजन पांडे,कुलामान साहू, मोर्चा के अध्यक्ष गण उमेश सिंह,बबन पासवान, शीला देवी त्रिवेणी साहू, महताब आलम, जिला कर समिति सदस्य लव दुबे, मनोज प्रसाद, आशा देवी उषा देवी, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री अर्पणा सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य शिल्पा भगत, जिला कार्य समिति सदस्य अमलेश सिंह, अनिल सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार,रानी देवी, मंडल अध्यक्ष गण प्रमोद कुमार, लक्ष्मण कुशवाहा, रितेश कुमार, मुंद्रिका सिंह, अमित कुमार, बरवाडीह मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, बालूमाथ मंडल महामंत्री रामकुमार प्रसाद, कन्हाई पासवान, दुर्गा प्रसाद, विवेक चंद्रवंशी, उत्तम कुमार, गुंजन कुमार, विवेक कुमार, सत्येंद्र यादव, बरवाडी सोशल मीडिया प्रभारी संतोष सिंह, अनूप कश्यप ओमप्रकाश कुमार, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सर्पदंश से दो बच्चे अचेत, रिम्स रेफर



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड में दो अगल-अलग घटना में सर्पदंश से दो बच्चे अचेत हो गए ।जिन्हें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया ।पहली घटना में रामकुमार गंझु 7 वर्ष पिता स्व.नागेश्वर गंझु ग्राम जोगियाडीह थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के बाहर खेल रहा था ।जहां बहेराजाड़ा सांप ने उसे काट लिया ।जिससे बच्चा अचेत हो गया ।घटना के बाद परिजनो द्वारा बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया ।वही दूसरी घटना में मो.अरमान 16 वर्ष पिता मो.नसीम ग्राम इटके थाना बारियातु निवासी अपने घर के दरवाजे के पास खड़ा था जहां एक विषैले सांप ने उसे काट लिया ।जिससे वह अचेत हो गया ।घटना के बाद परिजनों द्वारा अरमान को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर धुर्व कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त वेश्म में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों से सहयोग की अपील की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार 25 जून से 24 जुलाई तक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है । इसके तहत बीएलओ घर-घर जा कर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य करेंगे । इसी क्रम में राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें। साथ ही यदि उनके पास मतदाताओं से प्राप्त शिकायतें हैं तो उसकी सूची भी उपलब्ध कराएं, जिससे समय रहते उनका समाधान किया जा सके।

**अधिक वोटर वाले बूथ, जर्जर व दूरस्थ बूथों का भी किया जाएगा सर्वेक्षण**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र, जर्जर तथा दूरस्थ मतदान केंद्र तथा शहरी क्षेत्र की सोसाईटीज या हाइ राइज बिल्डिंग जिसमें मतदाताओ की संख्या 500



या इससे अधिक है उन स्थानों पर सर्वेक्षण करते हुए नए मतदान केंद्र का गठन किया जाना है द्य। इस बावत उन्होंने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि ऐसे क्षेत्रों में यदि कोई नए मतदान केंद्र निर्माण की आवश्यकता प्रतीत होती है तो वे उसकी सूची अविलंब जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 01 जुलाई 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया जाना है । साथ ही शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं का सत्यापन करते हुए मतदाता सूची से उनके नाम का विलोपन नियमानुसार सुनिश्चित करना है । मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन 25 जुलाई, दावा और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 25 जुलाई से 09 अगस्त तथा दावों और आपत्तियों का निपटारा 19 अगस्त को किया जायेगा। साथ ही सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जायेगा ।

# बरही थाना और आईलेक्स के संयुक्त तत्वावधान में आज अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना और आईलेक्स पब्लिक स्कूल के द्वारा संयुक्त रूप से आज यानी बुधवार को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिसको लेकर तैयारी की जा रही है। उक्त जानकारी विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने दिया। उन्होंने बताया की आजकल समाज में नशा का चलन काफ़ी बढ़ गया है। आज के युवा भी शराब, बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला, गुटखा, पान, खैनी जैसे नशे के गिरफ्त में फँसते हीं जा रहे हैं। इसी के तहत आईलेक्स पब्लिक स्कूल के द्वारा कल एक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान आईलेक्स के सभी ब्रांच, पंचमाधव, गोरिया करमा, बड़कागांव, गाड़िकला, बरकट्ठा, पाण्डेबारा में एक साथ चलाया जायेगा। इस जागरूकता




अभियान की तैयारी में सभी टीचर्स और बच्चे कई दिनों से लगे हुए हैं। बरही थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि आज के बदलते परिवेश को देखते हुए यह अतिआवश्यक है कि समय समय पर इस तरह के जागरूकता अभियान चलाये जाएँ। हमारा यह मौलिक कर्तव्य है कि हम समाज में बढ़ते नशे के लत को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाएं और इसके लिए पहले लोगों को जागरूक करना अति आवश्यक है।

# दरवाजा तोड़कर घर में घुसा हाथी, 8 से 10 क्विंटल खाया अनाज

**प्रभातमंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू प्रखंड अंतर्गत बड़वार गांव के निवासी लिलो यादव पिता बुधा गोप के घर सोमवार रात्रि में तकरीबन 1:30 बजे पूरा परिवार अपने छत पर सो रहे थे। अचानक घर के दरवाजा टूटने की आवाज घर के मुखिया लिलो यादव को सुनाई दी। जब मकान मालिक आवाज सुनकर उठे तो देखा कि उनके घर मे एक जंगली हाथी घुस गया है।उसके बाद पूरा परिवार एक लकड़ी का छोटा सा सीढ़ी से छत के पीछे से एक एक करके छत से उतरे ओर मैदान में पूरा परिवार चले गए। हो हल्ला करने के बाद देखते ही देखते गांव के बहुत ग्रामीण लोग जमा हो गए। लगभग एक घंटा के बाद ग्रामीणों के सहयोग से हाथी को घर से निकालने में कामयाबी मिली। घर



के मुखिया लिलो यादव के द्वारा बतलाया गया कि हमारे घर मे हाथी घुस जाने से हमारे घर का दरवाजा टूट गया और लगभग 7 लगभग 7 क्विंटल चावल और 1 क्विंटल गेंहू हाथी खा गया। हाथी के द्वारा घर मे रखे पूरा अनाज इधर से उधर बिखेर दिया गया।

# बरही आरएनआईएम कॉलेज में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभातमंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज के द्वारा (नशे) मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए एनएसएस एवं एनसीसी के सयुक्त तत्वाधान में जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच संचालन एनएसएस की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अरुणा रानी ने की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विमल किशोर थे। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकांश युवा पीढ़ी नशे के गिरफ्त में आकर पतनोन्मुख होती चली रही है। नशीली दवाइयां एवं नशीली मादक पदार्थों की पहुंच बड़े-बड़े




महानगरों से होते हुए छोटे शहरों कस्बों के गलियारों से होते हुए गांव तक पहुंच चुकी है। शराब, गांजा, सिगरेट, गुटखा तंबाकू अफीम स्मैक आदि नशीले पदार्थों की खेप बड़े स्तर से लेकर छोटे स्तर तक बड़ी सुगमता से पहुंच रही है। नशे कारण ही चोरी लूट पाट हिंसा में युवाओं की सर्वाधिक संलिप्ता इस बात की घोतक है कि नशे ने इस देश के भविष्य को पल्लवित होने से पहले ही उसके विनाश के द्वार खोल दिए हैं। गंभीरता के साथ इस पर विचार करिए कि जब देश की युवा पीढ़ी नशे के चलते बर्बाद हो जाएगी तब किसी भी तरक्की का स्वप्न सिर्फ और सिर्फ स्वप्न ही रह जाएगा। नशा रोक का एक मात्र उपाय है इसके प्रति लोगों को जागरूकता करना है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय कैडेट कोर के अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ अजय कुमार रंजन ने शपथ दिलाया गया। मौके पर डॉ संजय बरनवाल, डॉ कुमारी सुषमा, डॉ गिरधारी यादव, प्रो. हीरामन साव, डॉ नैयर इकबाल, डॉ=अजय प्रताप सिंह, डॉ सरिता सिन्हा, डॉ बद्री साव, डॉ अंजली कुसुम ओम, डॉ संगीता चौधरी , प्रो जोगेश्वर यादव, प्रो संजय बक्शी, प्रो अब्बास, प्रो तमन्ना, प्रो सीमा सिन्हा, निजाम , श्री दिनेश्वर यादव, राजू, गामा कपरदार, दिनेश आदि उपस्थित थे। इसके साथ-साथ छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# पहली बारिश ने खोली नगर निगम के दावों की पोल, सड़को पर जमा पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग मे हुई मौनसून कि पहली बारिश ने ही नगर निगम के दावों कि पोल खोलकर रख दी. शहर मे हुए लगभग 1 घंटे कि बारिश से शहर के कई सड़को पर पानी जम जम गया. इस संबंध मे समाजसेवी अशोक साव ने कहा कि एक ओर नगर निगम के टैक्स के बोझ के तले यहाँ के नागरिक दबे हुए हैं वहीं दूसरी ओर नगर निगम काम के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करती है. आम जनता कि मूलभूत सुविधाओ का भी ख्याल नही रखती है. आज एक घंटे कि हुई बारिश से ही जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया. सड़कों पर जल जमाव हो गया. अब जल कि निकासी नही होने से उससे विभिन्न प्रकार के रोग पनपने का भी खतरा है. अभी पूरी बरसात बाकी है अगर यही स्तिथि बनी रही तो फिर इस शहर का भगवान ही मालिक है.

# आकाशीय बिजली गिरने से विष्णुगढ़ में एक की मौत



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के प्रायः सभी पंचायतो में करीब एक घंटे की तेज बारिश और बिजली कड़कने आवाज चहुंओर गूँजी।इस तेज बारिश और बिजली की गरज से एहतियातन लोग अपने घरों या सुरक्षित ठिकानों पर जमे थे। परन्तु विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बकसपुरा के ग्राम भलुआ में फिर वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी देते हुए बकसपुरा मुखिया नन्हकू महतो ने बताया कि मंगर महतो,पिता जानकी महतो उम्र करीब 45 वर्ष अपने घर के पीछे से अपने मवेशियों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से उसे उनके गौशाला में लाने के प्रयास के क्रम में आकाशीय बिजली गिरी और वज्रपात से उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।स्थानीय प्रशासन घटना की जानकारी प्राप्त कर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हज़ारीबाग भेज दिया। इस घटना से मृतक का पूरा परिवार सदमे में है। मृतक अपने पीछे पत्नी संग एक बेटा और तीन बेटियों को अकेला छोड़कर चला गया।

# आमनारी में व्रजपात से मवेशी की मौत, किसान ने माँगा मुवाअजा



**टाटीझरिया :** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत अंतर्गत अमनारी गांव में व्रजपात से गुंजवा देवी पति दामोदर तुरी का मवेशी की मौत हो गई। गुंजवा देवी ने बताई कि मवेशी को मचान में बांध कर रखे थे अचानक व्रजपात होने से मौत हो गया जिसकी सुचना स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय को दी। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि व्रजपात से काडा का मौत पर हुआ है जिसका पोस्टमार्टम के लिए आवेदन पशुपालन पदाधिकारी नकुल मोदी को दिया है। वही मौत के मुवाअजा के लिए विभाग के अधिकारियों से बात किया गया है। विभाग से मुवावजा दिलवाने का प्रयास करूंगा। मवेशी के मौत से किसान के चेहरे में मायूसी देखी जा रही है। किसान ने कहा की काड़ा के सहारे ही हम कृषि कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे । यही हमारा एक मात्र परिवार का सहारा था।

# मादक पदार्थों के रोकथाम एवं जागरूकता हेतु निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**हजारीबाग :** जिला प्रशासन एवं पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निर्देश के आलोक में मंगलवार को कर्जन स्टेडियम अवस्थित जिला खेल कार्यालय हजारीबाग के सभागार में मादक पदार्थ के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु हजारीबाग जिला मे संचालित आवासीय बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र एवं डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों एवं अन्य खेल के खिलाड़ियों के साथ निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिम्मी कुमारी,द्वितीय स्थान राखी कुमारी, तृतीय स्थान कल्याणी कुमारी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ीयो को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल प्रशिक्षकों का मुख्य योगदान रहा ।

# अन्नदा महाविद्यालय में मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु कार्यशाला का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अन्नदा महाविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के साथ बीसीए, बीबीए एवं सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट विभाग ने मिलकर मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डा. के.के. गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, जूलॉजी विभाग, विनोबा भावे यूनिवर्सिटी थे। डा. सान्याल ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डा. गुप्ता ने मादक पदार्थों के उपयोग और रोकथाम के कई बिंदु पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि युवा इसके सबसे ज्यादा शिकार हैं, अगर वो जागरूक और सतर्क हो जाएं तो बहुत सारी जिंदगी बच सकती है। कार्यक्रम का संचालन बायोटेक विभाग की अनुष्का ने किया तथा प्रो. प्रेरणा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यशाला के आयोजन में बायोटेक विभाग की अनुभा, बीसीए विभाग की दीप्ति रश्मि, अनिकेत,बीबीए विभाग के डा विवेक, सॉफ्टवेयर विभाग के आलोक रवि की मुख्य भूमिका रही। डा. मीना श्रीवास्तव, डा. ललिता राणा, आकाश गोराई, अमित सिन्हा, संजीव चैटर्जी, शालिनी झा, अनिकेत कुमार और ढेरों विद्यार्थी इस कार्यशाला में उपस्थित थे।

# बिना दवाई के वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से हो रहे है हजारों लोग स्वस्थ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति से कई तरह के बीमारीयों का इलाज संभव है , परंतु जानकारी के अभाव में लोग इस पद्धति से इलाज नहीं करा पा रहे हैं । यह पद्धति कोई आम पद्धति नहीं बल्कि हमारे ऋषि-मुनियों को दिया गया अद्भुत ज्ञान है जो असाध्य से असाध्य रोगों को भी कुछ ही दिनों में ठीक करने की अद्भुत क्षमता रखती है। उक्त बातें शहर के जाने माने लेखक, प्रेरक व वैकल्पिक चिकित्सक मनोज कुमार कुशवाहा ने कही । उन्होंने आगे कहा कि नस नाड़ी हड्डी से संबंधित, हृदय रोग, बच्चों व बुजुर्गों की उम्र से संबंधित बीमारियां, दिमाग व तंत्र तंत्रिकाओं, फेफड़ों से संबंधित बीमारियों के इलाज, लकवा, लम्बर स्पांडिलाइसिस, सर्वाइकल स्पॉन्डलाइसिस, साइटिका, घुटने का दर्द, कई तरह के मांसपेशियों और जोड़ों की समस्या, शुगर, बीपी थायराइड में वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति बहुत ही लाभदायक है। उन्होंने बताया कि लगभग 18 वर्षों से वे लोगों का इलाज बिना सुई व बिना दवाई का वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से कर रहें हैं. हजारीबाग शहर मे राँची पटना रोड कॉआपरेटिव कॉलोनी मे अवस्थित कुश क्रांतिदर्शी वैकल्पिक चिकित्सालय मे अब तक हज़ारों मरीजों को स्वस्थ कर चुके हैं . मनोज कुमार कुशवाहा कहते हैं की वैकल्पिक चिकित्सा में आधुनिक जीवनशैली से संबंधित बीमारियों, पुराने रोगों का इलाज, सभी तरह का दर्द आदि बीमारियों का इलाज संभव है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम चला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नशे के खिलाफ सभी प्रखंडों में व्यापक स्तर से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 19 से 26 जून तक चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हजारीबाग के सभी 16 प्रखंडों में रूट प्लान के अनुसार नुक्कड़ नाटक के माध्यम युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न कलादलों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी जा रही है। नशे को न और जिंदगी को हां आधारित नाटक का मंचन किया जा रहा है।

**नशे के दुष्परिणामों से कराया जागरूक**

समाज में दिन प्रतिदिन फैल रही नशे की प्रवृत्ति की आदतों का चित्रण किया गया। कलाकारों द्वारा स्थानीय भाषाओं के माध्यम से सभी दर्शकों को नशाखोरी के विरुद्ध सामूहिक प्रयास की शपथ ली गई। इस दौरान स्थानीय लोगो को पैंपलेट,हैंड बिल का वितरण किया गया तथा एलईडी स्क्रीन के माध्यम से नशा मुक्ति से संबंधित वीडियो से लोगो को जागरूक किया गया। जन जागरूकता हेतु प्रत्येक प्रखंडों व शहरी क्षेत्र में नशा मुक्ति से संबंधित होर्डिंग्स भी लगाए गए हैं।

**इन लोगों ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक**

सुधीर दास एंड पार्टी, महिला उत्प्रेरण केंद्र, तरंग ग्रुप, एम.डी ग्रुप ऑफ थिएटर,हो इंटरटेनमेंट,युवा विकास केंद्र आदि नाट्य कलादलों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# उपायुक्त के जनता दरबार में दूर-दराज से पहुंचे फरियादी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन कार्यालय वेश्म में किया। मौके पर उपायुक्त ने लगभग दो दर्जन मामलों पर सुनवाई की तथा ऑन द स्पॉट निष्पादन के लिए संबंधित विभाग व पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित किया। इस मौके पर जमीन, दिव्यांग, पीएम आवास, भूमि अतिक्रमण, इंदिरा आवास, राशन कार्ड, मुआवजा, मारपीट, गबन, वित्तीय अनियमितता आदि मामलों की शिकायतें सुनी गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि, जिलेवासिओं का हित सर्वोपरी है। इस दिशा में जिला प्रशासन हर संभव कार्रवाई हेतु तत्पर है। सुनवाई के क्रम में बड़कागांव +2 उच्च विद्यालय के सरकारी खाते से वित्तीय अनियमितता एवं गबन करने मामला, कुटुमसुकरी, ईचाक से रीना देवी के द्वारा अबुआ आवास से वंचित रहने का के संबंध में, हजारीबाग के ओकनी, न्यू एरिया, से दुलार राम के द्वारा राशन कार्ड बनाने के संबंध में, कटकमदाग के ग्राम सिरसी से हरिजन मोहल्ले के ग्रामीणों के द्वारा चापानल उपलब्ध कराने, चकडेबो चौपारण के बालेश्वर रजक ने झोला छाप डाक्टर द्वारा जानलेवा इलाज करने एवं मोटी राशि की उगाही करने के संबंध एवं हजारीबाग के बाबा पथ, हुड़हुडु निवासी प्रमिला देवी द्वारा मारपीट से संबंधित उपायुक्त महोदया को आवेदन दिया गया। उपायुक्त ने इन आवेदनों को तत्काल निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया। इस मौके पर सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी निवेदिता राय की उपस्थिति रहीं।

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कार्य हुआ शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडलीय अस्पताल बरही में पोस्टमार्टम भवन बनकर पिछले कई माह से पड़ा था, मंगलवार को अनुमंडलीय चिकित्सक उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि मंगलवार को चौपारण थाना क्षेत्र के चोरदाहा में हुई सड़क दुर्घटना में दो मौत हुई,दोनों शव का पोस्टमार्टम शुरू कर दिया गया, अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम नहीं होने से अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र के लोगों को पोस्टमार्टम करने के लिए कम से कम 90 से 100 किलोमीटर की दूरी तय कर हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का चक्कर काटना पड़ता था, खासकर सड़क दुर्घटना असमिक मौत व अन्य कारणो से किसी गरीब परिवार की मौत हो जाए तो वह अपने शव जनों के निधन से परेशान रहते थे, दूसरी ओर शव का पोस्टमार्टम करने उनके लिए किसी चुनौती से काम नहीं था ,डॉक्टर ज्ञानी ने बताया कि स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए कुछ सहयोगी चिकित्सक को प्रशिक्षण दिलाने के बाद यह निर्णय लिया गया कि अब पोस्टमार्टम हाउस की शुरुआत संभव है, तब जाकर शुरुआत हो पाई है , बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम शुरू होने से लोगों को अब काफी सहूलियत होगी पोस्टमार्टम कार्य डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी, डॉक्टर राम अनुज कुमार, असिस्टेंट नीरज कुमार व सहयोगी सोहन पासवान के सहयोग से संपन्न हुआ, मंगलवार को चौपारण के दनुवा घाटी में हुए भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई ,जिसके बाद शवो को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, मृतकों में तिलैया के मनोहर प्रेस गली सोना पट्टी निवासी जसविंदर सिंह पिता हरभजन सिंह समेट एक अन्य शामिल है।

## ग्राम स्वराज यात्रा सातवें दिन पहुंचा गोला प्रखंड का बरियातू व साड़म पंचायत



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का ग्राम स्वराज यात्रा शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में सातवे दिन गोला प्रखंड का बरियातू से शुरू हुआ। यात्रा गोला प्रखंड का बरियातू पंचायत का कोइया, सोतई रुंडई बरियातू नावाडीह तथा साढम पंचायत का टोनागातु, सेरेगातू साढम मसरीडीह, माचा टांड़ कुजू कला में जनसंपर्क किया। राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि पंचायती राज को सशक्त बनाने और सत्ता के विकेंद्रीकरण के उद्देश्य से या यात्रा 21 दिनों के लिए रामगढ़ विधानसभा में निकाली गई है या यात्रा गांव गांव जाकर लोगों को पंचायती राज के अधिकार और लाभ के बारे में बता रही है सजग कर रही है । यह यात्रा 19 तारीख से सुभाष चौक रामगढ़ से शुरू होकर दोहा कातू पंचायत होते हुए रात्रि विश्राम सोस पंचायत भवन पर किया और आज यात्रा सुबह से रामगढ़ विधानसभा के दुलमी पंचायत से दौरे पर निकल गया ।इस यात्रा में मुख्य रूप से रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू, प्रकाश करमाली आरिफ, पूर्व युवा प्रदेश महासचिव धीरेंद्र सिंह प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी जनार्दन पाठक गुलाम सरवर लखेश्वर महतो कालेश्वर बेदिया सुरेश रविदास लुटन करमाली अफरोज अंसारी मंटू महतो कमलेश कुमार महतो गौरी शंकर महतो जीत लाल टुडू मधु महतो राज कुमार नायक विजय करमाली सुरजन नायक गोवर्धन महतो वासुदेव प्रसाद मशीन सोनी सहदेव महतो ताहिर हुसैन जय कुमार अग्रवाल,मो आरिफ मो युसूफ सिंघोली नायक विवेक नायक सराफत असलम गफ्फार, अरविंद पटेल, मो जियाउल असरफ अली, अजय करमाली लिलेश्वर महतो, सपूत महतो प्रेम प्रकाश गुप्ता, बिनोद महतो, सुनील महतो, विवेक प्रजापति, यूसुफ, अलीम, मुजाहिद, रामगढ़ ग्रामीण दिगंबर गुप्ता डुलमी प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली संदीप सिंह मदन नायक कपूर करमाली निर्मल बेदिया, राम प्रसाद महतो, नीतीश करमाली, गुलाम अली, संतोष करमाली गुलजार अंसारी मुमताज अंसारी प्रेम रंजन सिंह, कुंजलाल विश्वकर्मा, रोहित नायक असरफ अंसारी, मो हुसैन प्रदीप भोक्ता धनेश्वर भोक्ता अशोक गंजू जब्बार अंसारी तीलचंद करमाली नागेंद्र माली मोहम्मद खुर्शीद बालेसर भोक्ता विजय गुप्ता , मोहम्मद शरीफ गुलाम रसूल सुनील भोक्ता मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भैरव ठाकुर सेवादल के प्रदेश नेता परमानंद सिंह जारियो मुखिया मोहम्मद तौफीक इनाम अंसारी शमीम अख्तर आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गगन करमाली सेवादल के नगर अध्यक्ष जय कुमार अग्रवाल धीरेंद्र सिंह टिंकू खान आजाद सिंह प्रभात कुमार विक्की वर्मा संतोष कुमार युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव ताहिर अली राहुल सिंह चिराग महतो बोला साह गणेश महतो मुख लाल महतो कुंवर महतो बेणेश्वर महतो ननकू महतो अजय कुमार पवन सिंह महेश सिंह शैलेंद्र मुंडा अनवर अंसारी चतुर्गुण महतो लखेश्वर महतो विनोद ठाकुर सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## नारनोलिया अग्रवाल युवा समिति की बैठक संपन्न



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्रवाल धर्मशाला, रामगढ़ के प्रांगण में नारनौलिया अग्रवाल युवा समिति का बैठक संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने की एवं संचालन सचिव रंजन अग्रवाल ने कीद्य उनके साथ कार्यकारी समिति एवं सलाहकार समिति के सदस्य के लोग भी थे। इस बैठक में समाज के विकास को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गईद्यजिसमें तय हुआ कि नारनौलिया अग्रवाल युवा समिति का गठन सर्वसहमती से किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में मनीष अग्रवाल, सचिव सुमित अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष रवि अग्रवाल को चुना गया। इसके बाद इसके बाद 18 सदस्य का चयन किया गया इसमें मुख्य रूप से विक्की अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अमन अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रौशन श्रृजन अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, नीतीश अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, जीवन अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, प्रभाशंकर अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल को चुना गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने नव निर्वाचित सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## विकास जैसे प्रतिभावान और होनहार हर हाल में आगे बढ़ते हैं : शिल्पी नेहा तिर्की

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 25 जून. मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि विकास कच्छप जैसे प्रतिभावान खिलाड़ी और होनहार बच्चे-युवा हर हाल में आगे बढ़ते हैं चाहे परिस्थितियाँ बेहद प्रतिकूल ही क्यों ना हो. तिर्की ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र के साथ ही पूरा झारखण्ड



वैसी प्रतिभाओं से भरा हुआ है जिन्होंने अपने सीमित संसाधन और परिवार की गरीबी के बाद भी पूरी दुनिया में अपना परचम फहराया है और बेड़ो प्रखण्ड के रहनेवाले विकास कच्छप उन्हीं में से एक है. तिर्की ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में विकास अपने खाते में और भी अधिक उपलब्धियाँ दर्ज करेगा.जॉर्डन के ओमान में संपन्न सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के 48 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक विजेता विकास कच्छप, मांडर के स्टेडियम में सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत महिला के पुत्र हैं. विकास कच्छप को आशीर्वाद देते हुए श्रीमती तिर्की ने कहा कि वह हमेशा विकास जैसे प्रतिभाशाली, आकांक्षी और होनहार बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिये समर्पित हैं।

## भीषण ओलावृष्टि के नुकसान से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि का हुआ वितरण

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गाँव जैसे सिलगाई, मुरतो, नौदी एवं अन्य में विगत कुछ महीने पहले भीष्म ओलावृष्टि होने से किसानो की पुरी फसल नष्ट हो गई थी, माननीय विधायक श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने इन जगहों पर भ्रमण कर के नुकसान का जयाजा भी लिया था, और जिला एवं प्रखंड के बड़े पदाधिकारियो बात करके इसे संज्ञान मे लेकर जल्द मुआवजा राशि पीड़ितो को दिलाने के लिए मांग भी की थी। उनके अथक प्रयास के बाद आज दिनांक 25/06/2024 को पीड़ित लाभुकों को चान्हो ब्लॉक मे माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के हाथो से मुआवजे राशि के तौर पर चेक वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक मंगलेस्वर उरांव शिव उरांव दिलीप सिंह इरशाद खान, अब्दुल्ला अंसारी, अजित सिंह, मुखिया महादेव भगत, जावेद अहमद एहसान .पवन भगत दिनेश राम सुजीत शाही किशोर भगत त्रिभुवन साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई—निविदा आमंत्रित की जाती है: ई निविदा सं. : GEM/2024/B/5075093 Dt. 21.06.2024, 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनबाद मंडल के अंतर्गत सभी क्रू लॉबी में फोग सेफ डिवाइस (फ. एस. डी.) के रख रखाव एवं मरम्मत हेतु। कार्य समापन की अवधि – 01 वर्ष। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹33,53,933/–, 3. अग्रधन राशि : ₹67,100/–, 4. ई—निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई—निविदा बंद होना : 12.07.2024 को 16:00 बजे। ई—निविदा का खुलना : 12.07.2024 को 16.30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण: वेबसाइट www.gem.gov.in विशेष : ई—निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/00551/डीएचएन/ईओपीएन/टी/24–25/28

# आपातकाल के 50 वर्ष : भाजपा ने चट्टी बाजार में आयोजित किया समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** 25जून 1975की उस काली रात को जब विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र पर काला दाग लगा। लोकतांत्रिक मूल्यों को तब की कांग्रेस की सरकार द्वारा कुचल दिया गया। सरकार विरोधी लोगों को जबरदस्ती जेल में बंद कर यातनाएं दी गई। प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया गया।बहुत ही भयावह समय का वह दौर था। आज की और भावी पीढ़ी को भारतीय जनता पार्टी हमेशा याद दिलाते रहेगी कि संविधान की रक्षा की दुहाई देने वाले कांग्रेस के चाल-चरित्र 1975 में कैसा था।आज 25 जून को देश भर में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगत प्रकाश नड्डा के आह्वान पर लोकतंत्र के काले दिन के रूप में याद करते हुए आपातकाल के 50 वर्ष के बरखी पर एक कार्यक्रम चट्टी बाजार गोला रोड रामगढ़ कैंट स्थित साहू धर्मशाला में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए मुख्य अतिथि एवं मंचासिन अतिथियों द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया तथा मंचसीन अतिथियों को अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया।सभी कार्यकर्ताओं ने काला रिबन बांध कर आपातकाल को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी भवनाथपुर के विधायक भानू प्रताप शाही मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि किस तरह उस समय की कांग्रेस की इन्दिरा गांधी की सरकार ने अनुषेध 352 का दुरुपयोग करते हुए देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या कर दी।




आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना को बदलते हुए सविधान के मूलभावना के साथ खेलवार कर अपनी सरकार को बचाने में लगे। उनके रगो में लोकतंत्र की हत्या करने की रक्त बह रहा है।कार्यक्रम में जनसंघ काल के वरिष्ठ नेता जोगिंदर सिंह जग्गी, रंजीत कुमार सिन्हा,रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,प्रो संजय सिंह, राजू चतुर्वेदी, बलराम महतो, आनन्द बेदिया, अखिलेश प्रसाद, महामंत्री खिरोधर साहू रंजन फ़ौजी राजू कुशवाहा, रमेश वर्मा, दिलीप सिंह संजीव कुमार बावला, किरण देवी ,सुरेंद्र करमाली,बसुध तिवारी दीनदयाल कुमार , राजीव पामदत्त ,प्रवीण कुमार सोनू, योगेश दांगी, धीरज साहू,विजय जायसवाल, सूर्यवंश श्रीवास्तव , नमेंद्र चंचल,मनोज जायसवाल, प्रो आलोक कुमार सिंह,गणेश प्रसाद स्वर्णकार,रवि कुमार सिन्हा, संतोष कुमार शाह, सुशांत पाण्डे लक्ष्मी देवी, विनोद कुमार , सैय्यद किरमानी, उमेश प्रसाद, महेन्द्र प्रजापति,सहदेव ठाकुर,अमिता सोनी, ऋषिकेश सिंह,तरुण साहू, अभिषेक चौधरी,शिव कुमार गुप्ता, सत्यजीत सिंह , सरदार अनमोल सिंह , मिथिलेश कुमार मंडल , राजेश ठाकुर, त्रिभुवन यादव, ब्रजेश पाठक, सुमित कुमार अग्रवाल , बबलू साव, अशोक कुमार, शीतल सिंह, राजेश कुमार, ललन सिंह, जितेन्द्र साहू, कुलजीत सिंह होरा , अजीत गुप्ता , मणिशंकर ठाकुर , सर्वेश सिंह,रॉबिन गुप्ता मच्छेंद्र कुमार उपस्थित थे।आपातकाल के विरोध में जेल गए आंदोलकारियों को सम्मानित किया गया।जिला में निवास करने वाले भाजपा के प्रदेश, जिला , मंडल, शक्ति केन्द्र, बूथ के सम्मानित पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य बीजेपी के सातों मोर्चा के प्रदेश जिला और मंडल के सम्मानित पदाधिकारी गण विभिन्न प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं सहसंयोजक सहित सभी वरिष्ठ नेतागण एवं भाजपा के सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति रही।

## विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति की चारों राजस्व गांवों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मंगलवार को विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति की चारों राजस्व गांवों कुरसे, देवरिया,दुंदूआ, बलकुदरा कुरसे रोजगार एवं जन समस्याएं के लिए बैठक में हुई ।आज भुरकुंडा कोलियरी अंतर्गत खुली खदान बलकुदरा में कोयला का सम्प्रेषण डीसपेच परिवहन ट्रांसपोर्टिंग को सैकड़ों महिलाओं पुरुषों की संख्या में पहुंचकर विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति चारों राजस्व के लोग अपनी मांगों को लेकर आज चक्का जाम एवं ठप रहेगी। भुरकुंडा लोकल सेल चालू करो, हेवी ब्लास्ट करना बन्द करो,जल एवं वायु प्रदूषण बन्द करो, ग्रामीणों को पेलोडर लोडीगं की जगह मैनुअल लोडींग की जाय पी,एस,एम, में स्थानीय बेरोजगार को रोजगार मुहैया कराया जाय। जयदेव सिंह , रामदास बेदिया आदि मौजूद थे।

## निपुण समागम 2024 के अंतर्गत फाऊंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमैरेसी के तहत जिला स्तरीय टीएम मेला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** निपुण समागम 2024 के अंतर्गत मंगलवार को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ के परिसर में जिला स्तरीय टीएम मेला का आयोजन किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिले के उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया मौके पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, कार्यपालक दंडाधिकारी रीना कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, यूएसएआईडी से रश्मि भाटिया, आईपीईएल शेफाली भाटिया, प्रोमिता मजूमदार सहित अन्य ने प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि निपुण समागम 2024 का उद्देश्य बुनियादी शिक्षा एवं साक्षरता के प्रति शिक्षकों एवं समुदाय को जागरुक करते हुए कक्षा एक से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों को निपुण बनाना है इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि



बच्चों को निपुण बनाने के लिए उनमें फाऊंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी का ज्ञान होना जरूरी है उप विकास आयुक्त ने कहा कि फाउंडेशन लिटरेसी एवं न्यूमैरेसी नई शिक्षा नीति का मूलभूत आधार है जिसमें प्री प्राइमरी एवं कक्षा एक तथा कक्षा दो पर फोकस किया गया है कक्षा दो की समाप्ति तक बच्चा साक्षरता अर्थात अपने मन की बात को घर की भाषा एवं विद्यालय की भाषा में प्रकट करने में सक्षम हो इसमें शिक्षकों का काफी बड़ा योगदान है मौके पर उन्होंने सभी शिक्षकों को समय-समय पर दिए जा रहे विभिन्न दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया मौके पर उप विकास आयुक्त ने निपुण समागम के तहत गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ के परिसर में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी की सराहना करते हुए अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी शिक्षकों को आने वाले राज्य स्तरीय मेले में रामगढ़ जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के द्वारा सभी उपस्थित शिक्षकों को निपुण समागम 2024 फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमैरेसी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के प्रति कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त में अन्य अधिकारियों के साथ गांधी स्मारक पर स्पीच विद्यालय रामगढ़ के परिसर में फाउंडेशन लिटरेसी एवं डेमोक्रेसी के तहत लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शनी लगाने वाले शिक्षकों की सराहना भी की। कार्यक्रम के दौरान बेहतरीन प्रदर्शनी लगाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार राय ने किया।

## उरीमारी परियोजना को सीटीओ मिलने पर राकोमयू ने महाप्रबंधक को बुके देकर किया सम्मानित

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में मंगलवार को राकोमयू के सभी पदाधिकारीयो ने बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय स्थित महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह को उरीमारी परियोजना को 34 हेक्टेयर भूमि का झारखंड सरकार द्वारा किलियररेंश मिलने कि खुशी में बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राकोमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि उरीमारी परियोजना के जमीन को झारखंड सरकार ने किलियररेंश देकर यहां के विस्थापितों ग्रामीणों को रोजगार छिनने से बचाया है। सीसीएल उरीमारी परियोजना को सीटीओ मिलने से उसका भविष्य उज्जवल हो गया है। उरीमारी परियोजना से सटे गांव के अन्य विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। इसदौरान राकोमयू के सभी पदाधिकारीगण ने महाप्रबंधक को बधाई दी है। राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने उरीमारी क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओ को महाप्रबंधक के समक्ष रखा। जिसमे उरीमारी डिस्पेंसरी व ग्रामीण बैंक को उरीमारी खान संख्या 3/4 के समीप शनिवार बाजार के पास स्थानांतरित किया जाए। उरीमारी शनिवार बाजार से मेन रोड होते हुए उरीमारी परियोजना तक सीसीएल सीएसआर फंड से सड़क निर्माण कराया जाए। उरीमारी चेकपोस्ट से मदरसा व पिला क्वार्टर होते हुए सी टाइप क्वार्टर तक सड़क की मरम्मत व कालीकरण किया जाए। वहीं इस मौके पर विस्थापित नेता कानू मरांडी, महादेव बेसरा, विश्वनाथ मांझी, उपमुखिया सतीश कुमार,डा जीआर भगत, दीपक विश्वकर्मा,टहल गोप,चन्दू जयसवाल, राधेश्याम आदि लोग मौजूद थे।



## 5 को एजीएम और 28 को होगा प्रेस क्लब का चुनाव

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रेस क्लब रामगढ़ कार्यकारिणी की बैठक प्रेस क्लब के पीसीआर भवन में मंगलवार को क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वही बैठक का संचालन क्लब के सचिव योगेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रेस क्लब रामगढ़ का एजीएम आगामी 5 जुलाई को प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं 28 जुलाई को क्लब का चुनाव संपन्न करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सभी कार्यकरिणी के सदस्यों को तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया गया। बैठक में क्लब के लेखा-जोखा पर चर्चा की गई। क्लब की व्यवस्था पर चर्चा की गई। प्रेस क्लब को मजबूत बनाने के लिए कई प्रस्ताव लाये गये।बैठक में प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सचिव योगेंद्र कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष तरूण बागी, संयुक्त सचिव दीपक प्रसाद कार्य कारिणी सदस्यों में उमेश सिन्हा, दिनेश कुमार, मनोहर लहेरी, राकेश कुमार पाण्डेय, देवाशु शेखर मिश्रा, दुर्वेज आलम, मो वलीउल्लाह उपस्थित थे।



**कार्यालय नगर परिषद रामगढ़**

**इच्छा की अभियुक्ति**

एतत द्वारा नगर परिषद रामगढ़ को E-Waste से मुक्त करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत E-Waste Collection कार्य से संबंधित एजेंसी इत्यादि को E-Waste निष्पादन कार्य हेतु आमंत्रित किया जाता है। जिन एजेंसियों के द्वारा किसी भी नगर निकाय में उक्त के संबंध में कार्य किया जा रहा होगा उन्हें नगर परिषद कार्यालय द्वारा E-Waste Collection के निष्पादन हेतु से संबंधित कार्य हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। इच्छुक एजेंसी दिनांक– 01.07.2024 तक आवेदन कार्य अवधि में नगर परिषद रामगढ़ में जमा कर सकते है।
**नोटः**– आवश्यक जानकारी के लिए नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय के दूरभाष संख्या–6553–295014 पर सम्पर्क कर सकते है।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद रामगढ़

PR 327633 District(24-25)#D

**कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा**

आम सूचना
राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधित आवश्यक सूचना
दिनांक 13.07.2024 स्थानः– व्यवहार न्यायालय, चतरा।
निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के द्वारा व्यवहार न्यायालय, चतरा में दिनांक 13.07.2024 को समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से कार्य समाप्ति तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली विभाग से संबंधित मामले |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस पर व्यवहार न्यायालय, चतरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,चतरा
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा

PR 327565 Law(24-25).D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 06/2024-25 (प्रथम आमंत्रण) P R No. 326605 द्वारा प्रकाशित है, जो गुमला शहरी पाईप जलापूर्ति योजना के संचालन से संबंधित में निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :–

1. प्राक्कलित राशि :–35,26,775.00
2. वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि :–25–06–2024 अपराह्न 04:00 बजे
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :– 02–07–2024 अपराह्न 05:00 बजे तक
4. सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :– 02–07–2024 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि :– 03–07–2024 अपराह्न 05:00 बजे तक
6. उक्त निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :– 06–2024–25 प्रथम आमंत्रण है।

नोट : निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.327678 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्प कालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/02/2024-25
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज पंचायत चीरू राजकीय मध्य विद्यालय लावागड़ा में चाहरदिवारी निर्माण कार्य। | 59,82,500 | 1,19,700 | 10000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा पंचायत लाधूप राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनातू में चाहरदीवारी निर्माण कार्य। | 36,58,858 | 73,200 | 5000 | 3 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज पंचायत सलैया उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटांग में चाहरदीवारी निर्माण कार्य। | 24,53,800 | 49100 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 28.06.2024 से दिनांक 04.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.07.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 327620 Rural Development(24-25)#D

## एसएनएमएमसीएच में ब्लड बैंक के कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रोटी बैंक यूथ क्लब के द्वारा धनबाद एसएनएमएमसीएच हॉस्पिटल में रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे ब्लड बैंक के सभी कर्मचारियों को आज धनबाद के विधायक राज सिन्हा के सौजन्य से 28 कर्मचारी को स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मान दिया गया। संस्था के अध्यक्ष रवि शेखर ने बताया कि ब्लड बैंक में जितने भी कर्मचारी काम कर रहे हैं, उनका लोगों को बचाने में बहुत बड़ा योगदान है। 24 घंटा ब्लड बैंक में काम करते हैं और बहुत बार ऐसा भी देखा गया है कि अगर कोई भी जरूरतमंद लोग आते हैं और उनका ब्लड नहीं मिल पाता है तो वहां के कर्मचारी खुद डोनेट करके उन्हें ब्लड देते हैं। विधायक राज सिन्हा ने बताया कि यह बहुत बड़ी बात है की ब्लड बैंक के कर्मचारियों को रोटी बैंक संस्था के द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया। ब्लड डोनेट करने वाले को तो सभी करते हैं लेकिन इनका मनोबल बढ़ाने के लिए आप लोग का यह कार्य बहुत ही सहरनिय है। एसएनएमएमसीएच के डॉ वी. के. पांडे, डॉ मृत्युंजय, डॉ आशुतोष कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में भूली ब्लड डोनर ग्रुप के रवि सिंह एवं रोटी बैंक यूथ क्लब के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## स्कार्पियों डिवाइडर में चढ़ा बाल-बाल बचा बाईक सवार

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के मारवाड़ी पट्टी के सामने स्कार्पियों के आगे अचानक से आए बाइक को बचाते हुए स्कार्पियों डिवाइडर पर चढ़ गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ है। चालक ने बताया कि उसके स्कार्पियों के आगे बाइक आ गई जिस पर सवार युवक को बचाने के चक्कर में स्कार्पियों बेकाबू हो गया ओर डिवाइडर पर चढ़ गया।



## मध्य विधालय में बच्चों के बीच किया गया शैक्षिक कीट वितरण

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत मलुवाटांड पंचायत के पराँचीडीह गांव मे उत्क्रमित मध्य विद्यालय मे मंगलवार को बच्चों के बीच शैक्षिक कीट वितरण किया गया। कीट मे रेखागणित बॉक्स, पेन, पेंसिल इत्यादि शामिल था। कक्षा प्रथम से कक्षा आठ तक के सभी बच्चों के बीच वितरण किया गया। यह वितरण कार्य झारखंड शिक्षा विभाग की और से किया गया। सरकार के इस पहल से गरीब बच्चों को सुविधा के साथ साथ शिक्षा के पार्टी बच्चों को प्रोत्साहित करता है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामदेव राणा, सहायक शिक्षक टोडी नारायण वर्मा, सहायक शिक्षिका नीलम चौधरी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष रीना देवी, सदस्य बबीता वर्मा, सविता देवी झलिया देवी, प्रवीण कुमार, जितेन्द्र वर्मा मोहन वर्मा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सागर वर्मा इत्यादी लोगों की उपस्थिति रही।



## अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक डे खेल प्रतियोगिता बास्केटबाल में सिजुआ क्लब विजेता व डिनोबीली स्कूल, कोराडीह उपविजेता




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में जिले में जारी सप्तहव्याप खेल कार्यक्रम के तहत आज डिनोबीली स्कूल, कोराडीह में बास्केटबॉल की स्पर्धा आयोजित हुई। स्कूल के खेल शिक्षक कल्लोल सामंता के देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच के दौरान डिनोबीली स्कूल कोराडीह की टीम को सिजुआ बास्केटबॉल क्लब की टीम ने 26 - 22 अंक से परास्त करते हुए ओलंपिक डे ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

## दरभंगा एवं पूर्णिया कोर्ट से सरहिंद के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी क्रम में पूर्णिया कोर्ट एवं दरभंगा से सरहिंद के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 05569/05570 पूर्णिया कोर्ट-सरहिंद-पूर्णिया कोर्ट समर स्पेशल - गाड़ी सं. 05569 पूर्णिया कोर्ट-सरहिंद समर स्पेशल 26.06.2024 को पूर्णिया कोर्ट से 20.00 बजे खुलकर 28.06.24 को 03.00 बजे सरहिंद पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05570 सरहिंद-पूर्णिया कोर्ट समर स्पेशल 28.06.2024 को सरहिंद से 05.00 बजे खुलकर 29.06.24 को 15.30 बजे पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन बनमनखी,दौरम मधेपुरा, सहरसा, सिमरी बख्तियारपुर, मानसी, खगड़िया, हसनपुर रोड, समस्तीपुर, दरभंगा, कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकेगी ।

इस स्पेशल ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 15 कोच होंगे ।

2.गाड़ी सं. 05597/05598 दरभंगा-सरहिंद-दरभंगा समर स्पेशल - गाड़ी सं. 05597 दरभंगा-सरहिंद समर स्पेशल 27.06.2024 को दरभंगा से 05.30 बजे खुलकर अगले दिन 04.30 बजे सरहिंद पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 05598 सरहिंद-दरभंगा समर स्पेशल 28.06.2024 को सरहिंद से 06.30 बजे खुलकर अगले दिन 10.00 बजे दरभंगा पहुंचेगी ।

अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन कमतौल, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 08 एवं साधारण श्रेणी के 05 कोच होंगे ।

### लोयाबाद में उर्से जहांगीरी शुरू

## यह उर्स अल्लामा सैयद शाह अब्दुल हयी चटगामी र.अ. की याद में पूरी दुनिया में मनाया जाता है : आसवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** हर साल की तरह इस साल भी लोयाबाद में उर्से जहाँगीरी बहुत ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। इसकी जानकारी प्रबन्धक सूफी मक़सूदुल हसन आसवी और सूफ़ी गुलाम ग़ौस आसवी ने दी। उन्होंने बताया कि इसमें आस पास के श्रद्धालुओं के साथ साथ दूर दराज़ से भी चल कर लोग शामिल होने के लिए आते हैं। यह उर्स बांग्लादेश में आराम फरमा फखरुल आरिफ़ीन अल्लामा व मौलाना हज़रत सैयद शाह अब्दुल हयी चटगामी र.अ. की याद में पूरी दुनिया में मनाया जाता है। धनबाद के लोयाबाद में यह पिछले क़रीब पैंतीस साल से लगातार हो रहा है। मंगलवार की रात में बाद नमाज़े एशा मीलाद शरीफ़, हल्क़ा-ए-ज़िक्र, शब बेदारी हुई। मौलाना अब्दुल ख़ालिक़ ने औलिया ए कराम की शान में बयान दिए। नातख्वां में फ़ैज़ाने मुर्शिद और कौसर रज़ा ने मनक़बत इश्के नबी में डूबे हुए कलाम पेश किए। औरंगाबाद से आए हुए नातख्वां ज़ियाउर्रसूल ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए। साथ ही, आज बुधवार को बाद नमाज़े फ़ज्र कुरानख्वानी, 10 बजे दिन कुल शरीफ़, जोड़ापोशी, महफ़िले सिमा और लंगरे आम, दुआ ए ख़ैर का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। यह उर्स पाक हज़रत अल्लामा क़ारी सूफ़ी ज़ियाउल लतीफ़ आसवी साहब क़िबला, मद्द ज़िल्लहुल आली, सज्जादानशीन व मतवल्ली और पीरज़ादा हज़रत डॉ. मौलाना सूफ़ी गुलाम यज़दानी आसवी नायब सज्जादानशीन व मतवल्ली, दरगाहे मोअल्ला आसविया राशिदिया, चांद औलिया, मधपुर शरीफ, उतरौला, ज़िला बलरामपुर, यूपी से सरपरस्ती में हो रही है। इस लिए शिरकत की अपील करते हुए जुमला मुहिब्बाने औलिया से पुर ख़ुलूस अपील की गई है कि सभी इस जश्न के सभी प्रोग्राम में शामिल होकर फैज़ से मालामाल हों।



### जीतपुर कोलियरी चालू कराने को लेकर ठेका मजदूरों ने शुरू किया आंदोलन

## भूख हड़ताल की दी चेतावनी



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सेल कंपनी के बंद जीतपुर कोलियरी में उत्पादन कार्य चालु करने सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को जनता मजदूर संघ के बैनर तले ठेका मजदूरों ने कोलियरी के मुख्य गेट पर दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू किया। मजदूरों का नेतृत्व संघ के शाखा सचिव टोकनाथ तिवारी एवं अध्यक्ष रवींद्र गोप ने किया। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने जमकर प्रबंधन विरोधी नारे लगाते हुए कोलियरी कि बंदी के लिए अधिकारियों को जिम्मेवार ठहराया। श्री तिवारी ने कहा कि खदान में चाल से पानी का रिसाव हो रहा है। प्रबंधन और डीजीएमएस के अधिकारी साजिश रच कर खदान को हमेशा के लिए बंद करना चाह रहें हैं। प्रबंधन कि गलत मंशा साफ दिख रही है तभी तो मजदूरों का पीएफ कि कटौती को बंद किया गया है। ठेका मजदूरों को आवास खाली करने को लेकर नोटिस दिया जा रहा है। 100 वर्ष पुरानी सेल के एकमात्र जीतपुर कोलियरी को अधिकारियों के साजिश के चलते डीजीएमएस और सिंफर द्वारा पानी रिसाव कि जांच के आड़ में जानबूझ कर खदान को चालू कराने कि दिशा में टालमटोल कर रही है।

## टुंडी प्रखण्ड परिसर में भ्रष्टाचार व हो रहें अन्याय के विरुद्ध धरना एवं प्रदर्शन जारी रहेगा : विदेश दा



दीपक कुमार पाण्डेय@प्रभात मंत्र

**टुंडी/धनबाद :** टुंडी प्रखण्ड परिसर में एक दिवसीय भ्रष्टाचार एवं अफसरशाही के विरुद्ध धरना एवं प्रदर्शन किया गया। धरना एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में हजारों - हजार की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष ने हिस्सा लिया ,जिसका नेतृत्व मनियाडीह के पूर्व मुखिया विदेश दा ने किया । विदेश दा ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की अधिकारी और कर्मचारी आयें दिन हर छोटे-छोटे कार्यो के लिए तकनीकी बहाना बनाकर क्षेत्र के जनता को परेशान किया करते हैं, और यह सारा खेल केवल मुद्रा मोचन हेतु किया जाता हैं। यहां तक की वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन के लिए भी बगैर राशि लिए कार्य नहीं करते हैं । साथ ही श्री दा ने कहा की अब तक कुछ अधिकारी एवं छुटभैय्ए वैसे नेतागण जिनका टुंडी विधानसभा से को लेना-देना नहीं हैं वे सभी चारागाह के रूप में इस विधानसभा को अब तक देखते रहें हैं , उन्होंने शख्त और चेतावनी भरें लहज़े में कहा अब उनकी यह मनमानी नहीं चलेगी। उन्होंने सभा में सम्बोधन के क्रम में अपना निजी दुर्भाष नम्बर लिखवाया और कहा यदि कोई अधिकारी कार्य करने में आनाकानी करता हैं ,और प्रत्यक्ष/ अप्रत्यक्ष रूप राशि की मांग करता हैं तों मेरे फ़ोन नम्बर पर सम्पर्क करें, मैं समाधान करने का अथक प्रयास करूंगा। धरना कार्यक्रम में उपस्थित हुए जेबीकेएसएस पार्टी के धनबाद लोकसभा से रह चुके प्रत्याशी एकलाख अंसारी ने कहा भ्रष्ट पदाधिकारी नहीं चेते तों होगा जोरदार प्रदर्शन। कार्यक्रम का संचालन रोहित रंजन सिंह ने किया। धरना एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से विदेश दा, छोटू अंसारी, रहीम अंसारी, गंगाधर सिंह, चिन्तामणी दे, पूरण दा, मदन दत्ता, परेस सेन एवं छोटू रक्षित इत्यादि के अलावा हजारों - हजार की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष अन्तिम क्षण तक डटे रहें।

## आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी व सफाई कर्मियों ने एजेंसी के खिलाफ निकाला जुलूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह सदर अस्पताल में आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी और सफाई कर्मियों ने एजेंसी के खिलाफ जुलूस निकाल प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारी नेता अशोक सिंह नयन, रघुनंदन विश्वकर्मा समेत कई सफाई और स्वास्थ कर्मी शामिल हुए। आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी के खिलाफ कर्मियो ने इस दौरान वेतन भुगतान नहीं करने और पीएफ में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी किया। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने सिविल सर्जन के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। वंही सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा ने कहा की प्रदर्शन में उनके न तो सफाई कर्मी थे, और न ही कोई स्वास्थकर्मी। फिर वो कैसे कह दें की आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियो ने जुलूस निकाला। क्योंकी सारे कर्मी अपने अपने ड्यूटी पर तैनात थे। और अगर कुछ कर्मी होगी, तो इसकी उन्हे कोई जानकारी नहीं। इधर आउट सोर्सिंग एजेंसी बालाजी के साइट इंचार्ज गौरव कुमार ने कहा की हर कर्मियो का वेतन भुगतान हो चुका है। सदर अस्पताल के सारे कर्मियो का अप्रैल तक और सफाई कर्मियों का मई तक 60 लाख तक का भुगतान कर दिया गया है। ऐसे में उनकी जानकारी में नही है कि किसी कर्मी द्वारा जुलूस निकाला है।




## सरिया के प्रखंड बने 17 साल लेकिन आज भी बगोदर पर निर्भर : प्रीति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** अनुमंडल में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर के बर्खास्तगी को लेकर सरिया प्रमुख प्रीति कुमारी ने जिले के उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई की माँग की है । उपायुक्त को दियें पत्र में सरिया प्रमुख प्रीति कुमारी ने कही है कि सरिया अंचल कार्यालय में पूर्व में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर उदय कुमार द्वारा अवैध रुप से पैसे की उगाही एंव अंचल कार्यालय पहुँचने वाले फरियादियों के साथ दुर्व्यवहार करने जैसे क ई गंभीर आरोप लगा था जिसके उपरांत जिला कार्यालय द्वारा उक्त मामले की जाँच कर आरोप को सही पाते हुए उसे अंचल कार्यालय से हटा दिया गया था लेकिन पुनः उक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर ने अपनी सांठगांठ से सरिया अंचल कार्यालय के भवन मे ही संचालित अनुमंडल कार्यालय में पुनः बतौर कम्प्यूटर ऑपरेटर अपनी नियुक्ति करवा ली । प्रमुख ने आरोप लगाया है कि उक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर सरिया अंचलाधिकारी से सांठगांठ कर उनके लिए क ई तरह के गलत कार्यों में उगाही का काम करता है जिसकी चर्चाएं आये दिन सरिया बाजार व आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है इसलिए इसे अबिलम्ब संज्ञा न में लेते हुए उचित कार्रवाई की माँग की है । वहीँ उदय कुमार ने बताया की हमें किसी ने नहीं हटाया है विभाग के द्वारा सभी ऑपरेटर का तबादला हुवा था उसी मे मेरा भी हुवा था, मेरे खिलाफ अगर प्रमाण है तो साबित करें। वहीं एक दूसरे आवेदन में सरिया प्रमुख ने मुख्यमंत्री,राज्यपाल और झारखंड कार्मिक विभाग को आवेदन प्रेषित करते हुए कही है कि सरिया प्रखंड और अंचल का अस्तित्व 2008 में ही हुआ है । अस्तित्व में आने के बाद और 17 वर्ष बीत जाने के बाद भी सरिया प्रखंड सह अंचल में क ई विभागों के पद आज भी खाली पडे हुए हैं । और इन पदों पर प्रभार के भरोसे कार्य सम्पादित हो रहें हैं जिसका असर क्षेत्र में संचालित क ई विकास व जनहित की योजनाओं पर पड रहा है । जिसे देखते हुए अबिलम्ब सरिया में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सीडीपीओ, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, जनसेवक ,पंचायतसेवक , बीपीआरओ, एजीएम, जीपीएस आदि पदों का सृजन कर स्वतंत्र नियुक्ति कराने की माँग की है ।




## पाठशाला ने बच्चियों को दिए निःशुल्क साइकिल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पाठशाला एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक देव कुमार वर्मा की माताजी मधु देवी द्वारा भागाबस्ती शाखा में कक्षा 5 की नित्या और नैना को साइकिल और नए कपड़े दिये। बताते चले की पाठशाला पिछले 10 वर्षों में अब तक लगभग 1500 से ज्यादा बच्चों को कक्षा एक से लेकर इंजीनियरिंग तक की पढ़ाई का खर्चा वहन कर चुकी है। साथ ही पाठशाला के कई बच्चों ने दसवीं के सीबीएसई और 12वीं के सीबीएसई परीक्षा में परचम लहराया है। पाठशाला की जिन बच्चों ने 10वीं और 12वीं में अच्छे अंक लाए हैं उसमें ओम आदित्य, अनिकेत, आशीष, श्रुति, रिया आदि सम्मिलित हैं। पाठशाला के प्रधानाचार्य नीलकंठ महतो ने बताया कि आने वाले 10 दिनों के अंदर 50 बच्चियों को साइकिल वितरण करने की योजना बनाई गई है जिसमें कुल लागत करीब 3 लाख रुपए की होगी। इसके लिए आम जनों से भी सहयोग मांगा गया है। इस योजना के सफलतापूर्वक संचालन मे विद्यालय के शिक्षक शिवकुमार शर्मा, सुनील सरकार, प्रिया और विजय आदि का योगदान रहा।

## अमरेश सिंह ने जर्जर सड़क को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित धनबाद नगर निगम आयुक्त रवि राज शर्मा के कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता अमरेश सिंह के नेतृत्व में खरिकाबाद प्रामाणिक बस्ती के निवासियों ने क्षेत्र में मुख्य सड़क का निर्माण और पानी उपलब्धता के लिए मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर आयुक्त ने प्राथमिकता से जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया में भेजने का आश्वासन दिया। नगर आयुक्त से खरीकाबाद प्रमाणिक बस्ती क्षेत्र की 4 किलोमीटर जर्जर सड़क का निर्माण हेतु ज्ञापन सोपा गया है। खरिकाबाद प्रमाणिक बस्ती से भूली जाने वाली रोड में आउटसोर्सिंग की भारी भरकम गाड़ियां चलती है जिससे रोड काफी जर्जर और खतरनाक हो चुका है। इस सड़क में छोटी वाहनों के साथ-साथ बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्गों का चलना मुश्किल हो गया है जो काफी गंभीर मुद्दा है। वार्ता के पश्चात नगर निगम आयुक्त का आश्वासन मिला है कि जल्द ही इस दिशा में कारगर कदम उठाकर सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर निकाली गई साइकिल रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** दिनांक 25 जून 2024 को मादक पदार्थो के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर समाज कल्याण विभाग के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूली बच्चों ने साइकिल से इस रैली में हिस्सा लिया। जागरूकता रैली को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर एवं डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यह जागरूकता रैली सिटी सेंटर से शुरू हो कर रणधीर वर्मा चौक तक गई। रैली के समापन पर सभी ने नशा के खिलाफ शपथ भी लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने के लिए समाज से अपील की। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा शरीर में रोगों और आपराधिक गतिविधियों की जड़ है। नशे का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान-सम्मान खो देता है। लोगों के साथ परिवार और समाज के विकास में नशा सबसे बड़ी रुकावट है। नशा एक अभिशाप है, जो दिन प्रति दिन समाज में धुएं की तरह फैलती जा रही है।




### जीटीए आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने एचपीसी भुगतान की मांग करने वाले मजदूरों को दिखाया बाहर का रास्ता

## जीटीए के मजदूरों ने काम से बैठाये जाने के नोटिस के बाद कंपनी का किया चक्का जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** कैलूडीह स्थित जीटीए आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा मंगलवार को एचपीसी भुगतान की मांग करने वाले 25 मजदूरों को बैठाये जाने के नोटिस के बाद मजदूरों ने अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया है। जीटीए आउटसोर्सिंग में यहां शुरू से विवादों में रहा है। प्रबंधन की मनमानी चरम पर है। इधर मजदूरों को अचानक नोटिस देकर बठाये जाने की सूचना के बाद मजदूर आउटसोर्सिंग में अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया है। आउटसोर्सिंग के मजदूर नेता शहजाद अंसारी 25 मजदूरों के समर्थन में अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर धरना पर बैठ गए हैं। शहजाद अंसारी ने उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सहित 11 प्रशासनिक पदाधिकारी को अनिश्चितकालीन बंदी की सूचना दे दी है। शहजाद ने पत्र में कहा है कि है कि अवैध कमेटी के बहकावे में आकर आउटसोर्सिंग कंपनी ने 25 मजदूरों को 1 जुलाई 2024 से निकालने का नोटिस चिपका दिया है.मजदूर एचपीसी भुगतान, आइडेंटी कार्ड आदि की मांग लंबे अरसे से कर रहे हैं। प्रबंधन हर बार आंदोलन को दबाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। शहजाद ने प्रबंधन पर दमनात्मक नीति अपनाने का आरोप लगाया है।शहजाद ने बताया कि 2 दिन पूर्व हुए आंदोलन के बाद प्रबंधन में समय दिया था की वार्ता कर बात करेंगे प्रबंधन मजदूरों का शोषण करना चाहती है। लठैतों के बल पर कंपनी चलना चाहती है।



## इंदिरा गांधी में रायबरेली से चुनाव हारने के बाद संविधान को ताख में रख देश में लगाई थी इमरजेंसी

# भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला द्वारा हटिया गार्डेन में काला दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 25 जून 1975 को कांग्रेस के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा रायबरेली चुनाव हार जाने के बाद संविधान को ताक में रखकर देश में इमरजेंसी लगाने का काम किया था। जिसके 50 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला द्वारा हटिया गार्डन में काला दिवस मनाया गया। इमरजेंसी के दौरान भारतीय जनसंघ के कार्यकर्ताओं को बिना वजह गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। उनमें से एक उमेश कास्यकार इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। उन्होंने अपने स्मरण में बताया की इमरजेंसी एक काला कानून था उस वक्त रायबरेली के उम्मीदवार राज नारायण द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर कहा गया था कि सरकारी तंत्र का इन्होंने दुरुपयोग किया है और उसके परिणाम स्वरुप हार को जीत में बदल गया है। जिसे इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सही माना और उस वक्त की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को




पराजित घोषित किया था। इसके बाद 24 जून की मध्य रात्रि को तत्कालीन राष्ट्रपति से मिलकर पूरे देश में इमरजेंसी लगाई गई थी। इमरजेंसी के दौरान उन्होंने कई ऐसे कार्य किया जिससे जनता का उत्पीड़न हुआ। उन्होंने जबरदस्ती नसबंदी लोगों की कार्रवाई और देश भर के विरोधी दल के नेताओं को जेल में डालने का काम किया था। हम लोगों ने इसका विरोध किया जिसके परिणाम स्वरूप मुझे और रामसुंदर प्रसाद जैसे नेताओं को जेल में डालने का काम किया गया था। इस इमरजेंसी का विरोध लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में किया गया जिसे छात्रों एवं पूरे देश के नागरिकों ने समर्थन किया। जिला प्रभारी एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सुनीता सिंह ने कहा की जो इल्जाम आज कांग्रेस द्वारा नरेंद्र मोदी सरकार के ऊपर लगाया गया कि उन्होंने संविधान बदलने का काम किया जो कि सरासर गलत है और जनता को दिग्गभ्रमित करने का काम किया गया। जबकि नरेंद्र मोदी जी की सरकार के द्वारा भारत के हर नागरिक को आवास,नल के द्वारा हर घर में जल पहुंचाना हर गांव तक पहुंच पथ बनवाना,प्रत्येक गांव तक बिजली पहुंचाना,किसानों को किसान सम्मान निधि देना, आदि कई जनहित में कार्य किया जा रहे थे जिसे कांग्रेस ने जनता को दिग्भ्रमित करने का काम किया है। झारखंड में अभी भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव के दरमियान 55 विधानसभा सीटों में अपना बहुमत मिला है और आने वाले दिनों में जनता के साथ लेकर भारतीय जनता पार्टी झारखंड में अपनी सरकार बना, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि आज देश के सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति के रूप में एक आदिवासी महिला को बनाया गया है जिसके रहते किसी भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या पिछड़ा वर्ग का आरक्षण को समाप्त नहीं किया जा सकता है यह जनता को विश्वास करना चाहिए। लोकसभा चुनाव के दरमियान कांग्रेस के उम्मीदवारों द्वारा संविधान के पुस्तक लेकर लोगों को दिग्गभ्रमित करने का काम किया गया है। इसके अलावा जनता को उन्होंने 100000 प्रतिवर्ष देने का वादा किया जबकि उसकी सरकार झारखंड में है उसे लागू करना चाहिए। पिछले झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस ने इसी तरह का लोभ जनता को देने का काम किया था प्रत्येक माह ?6000 साल में 72000 देने का वादा किया था जो कि आज 4-30 वर्ष बीतने के बावजूद इसे उसने लागू नहीं किया,5 लाख लोगों को नौकरी देने एवं बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का भी वादा किया था। आज झारखंड सरकार का कार्यकाल पूरा होने पर है उसके बावजूद इन घोषणाओं को लागू नहीं किया गया है जनता को इसे समझने की आवश्यकता है। वो पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो परमेश्वर साहू ने भी सभा को संबोधित किया धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने किया एवं मंच संचालन जिला मंत्री अनिल उरांव ने किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष कलावती देवी, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रकाश नायक इस कार्यक्रम के सहसंयोजक विमल कांत सिंह, जिला की नेत्री एवं वार्ड पार्षद संगीता कुमारी, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश महतो, अनूप महतो, ओम प्रकाश गुप्ता, मंगल यादव, बृजनंदन यादव आदि दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सभ्य समाज के लिए नशापान एक कलंक : इमरान खान



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व नशापान निषेध दिवस पर डा. एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसाइटी के प्रवक्ता इमरान खान कहते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं। युवा देश के वर्तमान और भविष्य युवाओं पर टिका है, आज अनेक मंचो पर भारत को विश्व गुरु बनाने की बात सरलता से सुनाई दे जाती हैं। परंतु सच्चाई ये है कि भारत के युवा आज दिन प्रतिदिन नशे के चंगुल में फसते जा रहे हैं। कहीं बड़ों से प्ररित हो कर तो कहीं फैशन के चक्कर में बच्चे और युवा ही नहीं अधेड़ भी इस दलदल में फंसते जा रहे हैं। तम्बाकू, शराब, गांजा, भांग अफीम हेरोइन के अलावे डेनडराइड, पेट्रोल, विक्स को सुंघकर भी नशा किया जा रहा है अब तो विक्स को ब्रेड में लगाकर खाने के मामले भी देखने को मिल रहे हैं ड्रगस का एक ही सूई के इस्तेमाल करने से एड्स व हेपेटाइटिस बी जैसी बिमारी में इजाफा हो रही है, साथ ही साथ अपराध में भी बढ़ोतरी हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की माने तो केवल तम्बाकू के सेवन से 8 मिलियन लोग की मौत हो जाती है। समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की फरवरी 2023 में सदन में रखी गई रिपोर्ट बताती है कि सन, 2018 में 19,450 सन 2019 में 57,867 सन 2020 में 54,758 सन 2021 में 68,144 सन 2022 में 66,758 मामले में नशीली दवाओं से जुड़े अपराध के मामले सामने आए। मार्च 2023 में राज्य सभा में रखी गई रिपोर्ट कि माने तो 10 से 17 आयु के 30 लाख बच्चे एल्कोहल के दुरुपयोग से, 2 लाख बच्चे कोकेन के दुरुपयोग से पिड़ित हैं तो 18 से 75 वर्ष की आयु की बात करें तो 15 करोड़ 10 लाख लोग एल्कोहल के व 10 लाख लोग कोकेन के दुरुपयोग से पिड़ित हैं। चिंता की बात यह है कि झारखंड में तंबाकू का उपयोग 13 से 15 साल के किशोरों में तेजी से बढ़ा है. ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे के अनुसार झारखंड में 5.1 फीसदी स्कूल गोइंग बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं. इसमें सात फीसदी किशोर और 3.3 फीसदी किशोरी शामिल हैं. इधर, किशोरावस्था में तंबाकू के बढ़ते उपयोग को लेकर डब्लूएचओ भी गंभीर है. नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे -5 के आंकड़ों के अनुसार झारखंड में 15 साल से ऊपर की उम्र वाले 47.4 फीसदी पुरुष तंबाकू का उपयोग करते है. इसमें ग्रामीण इलाकों के 51 फीसदी और शहरी क्षेत्र के 37.2 फीसदी पुरुष शामिल हैं. इसी उम्र में ग्रामीण इलाके की 9.6 और शहरी क्षेत्र में 4.8 फीसदी महिलाएं तंबाकू का सेवन करती हैं।

## 25 जून का आपातकाल भारत के इतिहास में काला अध्याय : लक्ष्मण बड़ाईक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल लगाया गया था। आपातकाल लगाने के विरोध में काला दिवस मनाते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर में मौन जुलूस निकाला गया। मौन जुलूस के पश्चात आपातकाल के दिनों को याद करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि 25 जून 1975 के राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान भारत में देखी गई राजनीतिक अशांति का सबसे लंबा चरण था आपातकाल की अवधि 25 जून 1975 की आधी रात से शुरू होकर 21 मार्च 1977 को उनकी वापसी तक लगभग 21 महीने तक चली राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 को लागू करके और देश में आंतरिक गड़बड़ी को आपातकाल घोषित करने का एकमात्र कारण बताते हुए राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की इस दौरान नागरिकों के मौलिक




अधिकारों पर प्रतिबंध के साथ-साथ प्रेस पर भी सेंसरशिप लगा दी गई थी भारतीय इतिहास में इस आपातकाल को काला अध्याय के रूप में जाना जाता है। वहीं मौन जुलूस के बाद आपातकाल को याद करते हुए पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा ने कहा की 25 जून 1975 का आपातकाल स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया गया और प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया गया प्रधानमंत्री के बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया जयप्रकाश नारायण ने इसे भारतीय इतिहास के सर्वाधिक काली अवधि कहा था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक श्रद्धानन्द बेसरा सहसंयोजक दीपनारायण दास राकेश रविकांत अनूप प्रसाद हीरा राम महेश साहु अनूप केशरी रामविलास बड़ाईक नवीन सिंह सत्यनारायण प्रसाद पिंकी प्रसाद महावीर बड़ाईक मानकीलाल घनश्याम सिंह देवकीनंदन साय मनिंदर बिंझिया रामकिशुन केशरी गजानंद बेसरा मानोज केशरी लिबनुस टेटे करण सिंह सुधीर मांझी परमेश्वर पंडा मोजूद थे।

# जिला निरिक्षण समिति ने बाल देखरेख संस्थाओ का त्रैमासिक निरीक्षण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला निरीक्षण समिति के पांच सदस्यीय टीम जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, डॉ बी के पांडेय, अनुरंजन कुमार संरक्षण पदाधिकारी संस्थानिक देखरेख, मनोरमा मिंज, सदस्य, सी डब्ल्यू सी और जय प्रकाश शर्मा ने किशोर न्याय( बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अंतर्गत जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं का निरीक्षण किया जिसमें बालिकाओं के लिए छतर बगीचा स्थित होप और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए नदिया में विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण ग्रामीण समाज एग्जाम कल्याण विकास मंच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाल देखरेख संस्थान में बालकों को देखभाल करने की स्थिति, सफाई, सुरक्षा, सीसीटीवी



कैमरे के क्रियाशील होने एवं भोजन मेन्यु के अनुसार दिये जाने संबंधित चर्चा की गई और कुछ महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। समिति के सदस्य शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. के. पांडेय के द्वारा आवासित बालकों का चिकित्सीय जांच की गई। जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए लोहरदगा में तीन बाल गृह का संचालन किया जा रहा है, जिसमें 6 वर्ष से छोटे बच्चों के लिए विशिष्ट दत्तक ग्रहण, 6 वर्ष से बड़े बालकों के लिए समर्पण और 6 वर्ष से बड़ी बालिकाओं के लिए होप संस्था है। जिले में कहीं भी किसी को यदि कोई अनाथ या गुमशुदा बच्चा मिले तो बाल कल्याण समिति या इन संस्थाओं से संपर्क किया जा सकता है या 1098 पर कॉल कर जानकारी दी जा सकती है। साथ ही जय प्रकाश शर्मा ने अपील की इन बेसहारा बच्चों के लिए कुछ सहयोग और सेवा हो सके तो करने का प्रयास करें।

## पुत्री ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध कराया प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क दुर्घटना में बरही कनैली मोड़ में पिता के मौत पर पुत्री ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध आरोप लगाते हुए सेन्हा थाना में कराया प्राथमिकी दर्ज विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही कनैली मोड़ के समीप बीते शनिवार को टोटो निवासी चंद्रपाल सिंह अपने नाती के साथ लोहरदगा से आम बेचने के बाद घर लौट रहे थे। उसी क्रम में बरही कनैली मोड़ मेला टांड़ के समीप पीछे से आ रहा ट्रैक्टर चालक लापरवाही व तेज रफ्तार से ट्रैक्टर चलाते हुए चालक ने लूना मोटरसाइकिल जे एच 08 बी 5066 धक्का मारते हुए रौंद कर घटना को अंजाम दे गाड़ी ले फरार हो गया। जिस पर बताते हुए मृतक की पुत्री ललिता देवी ने कहा कि घटना के पूर्व पता चला कि मेरे पिता आम बेचने लोहरदगा आए हुए हैं। तो उसके बाद हम अपना पुत्र त्रिश कुमार ले कर पिताजी से मिलने गए थे।और अपने पुत्र को पिता के साथ भंडरा थाना क्षेत्र के मसमनो टोटो ग्राम भेज दिये। जिसे घर जाने के समय मेरे पिता चंद्रपाल सिंह का लूना मोटरसाइकिल को अज्ञात ट्रैक्टर चालक धक्का मार कुचलते हुए घटना स्थल से गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी देते हुए तथा अज्ञात ट्रैक्टर चालक पर आरोप लगाते हुए चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का प्रशासन से पुत्री ने अपील किया है। वही थाना प्रभारी अजित कुमार ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि मृतक के पुत्री द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में घटना को संज्ञान में लेते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 47/24 दर्ज कर धारा 279,304(ए) आईपीसी के तहत अज्ञात वाहन एवं चालक के विरुद्ध कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

## गजराज ने उजाड़ा अनेको का अशियाना, दहशत में रातजगा कर रहे हैं ग्रामीण, पलायन को मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत इन दिनो लगातार गजराज के आंतक से ग्रामीणो मे भय का माहौल, रात जगा कर भय से पलायन को विवश हैं ग्रामीण। प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जुन सोमवार को रात्रि कैरो थाना क्षेत्र के टाटी गाँव निवासी राम मुंडा पिता बेजा मुंडा के घर को गजराज ने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। राम मुंडा ने बताया कि जब हम सभी परिवार खाना खाकर सो रहे थे तभी अचानक दीवार गिरने की आवाज सुनाई दी, अचानक हम सभी घर से उठकर बाहर आ गये, बाहर आने के बाद देखा कि 12 से 15 हाथी का झुंड मेरे घर को तोड़ रहे थे, हमलोग जान बचाकर दुर चले गये थोड़ा से लेट करते तो सिधे जान माल मे क्षति पहुंचता। इस प्रकार गजराज के टीम ने काफी लोगो के घर को उजाड़ा वही घर मे रखे हुये धान चावल जैसे अनाज को भी सफाचट कर गये हैं। ग्रामीणों ने प्रेस के माध्यम से वन विभाग से हाथियो के झुंड को दुर खदेड़ने की बात एवं क्षेत्र मे रात्रि को विद्युत व्यवस्था निरंतर बहाल रखने की भी बात कही है। विदित है कि कैरो एडादोन गाँव मे विगत एक दिन पुर्व ही हाथियो के झुंड ने ग्रामीणो को दौड़ाने से एक व्यक्ति रात्रि मे भागने के क्रम मे कुंए मे डूबकर उसकी मौत भी हो गई थी।

# हर युवाओं को काम और हर चेहरे पर मुस्कान लाएगा झारखंड पार्टी : एनोस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** हर युवाओं को रोजगार देते हुए हर चेहरे पर मुस्कान लाया जाएगा। प्रखंड के लोगों को हाथी के उत्पात से निजात दिलाते हुए हर खेत में फसल लहलाने की व्यवस्था की जाएगी। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों की पूरी राजनीति झूठ के पुलिंदे पर टिकी हुई है। उन्होंने झारखंड पार्टी के कार्यकर्ताओ को घर-घर जाकर लोगों की समस्या को सुनने और पार्टी स्तर से समस्या को दूर करते हुए विपक्षी पार्टियों द्वारा फैलाई जा रहे झूठ का पर्दाफाश करने की बात कही। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी लोगों की सेवा को ही राजनीति का धर्म मानता है और इसी धर्म को मानते हुए पार्टी आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्यार की बदौलत झारखंड



पार्टी में लगातार तीन बार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। और विकास का कार्य करके दिखाया है। उन्होंने क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए युवा नेता संदेश एक्का को समर्थन देने की अपील की। मौके पर संदेश एक्का, बिरसा मांझी, सहदेव सिंह, सरोजनी कुजुर, बिमला कुल्लू, नोवेल सेरेंग, लुकस केरकेट्टा, बालगोबिंद सिंह,नारायण साहु, अनिता लकड़ा,पावलिना खेस, नूतन केरकेट्टा, बिनसेंट केरकेट्टा सहित कई लोगों उपस्थित थे।

**युवाओं के भागीदारी से बेहतर होगा देश का भविष्य : संदेश**

झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने अपने संबोधन में युवाओं में जोश भरने का काम किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जितनी अधिक होगी, राष्ट्र का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने युवाओं को राजनीति में आने की जो आवश्यकता जताते हुए कहा कि राजनीति देश को दिशा देने और बदलाव लाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। संदेश ने कहा कि युवा जब राजनीति में आते हैं तो वे एक नई ऊर्जा के साथ नई सोच भी लाते हैं। उन्होंने क्षेत्र की सभी समस्याओं को दूर करने के लिए झारखंड पार्टी को अपना प्यार और स्नेह देने की बात कही। बोलबा प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के नेताओं ने झारखंड पार्टी का दामन थामा। कांग्रेस पार्टी के संदीप तिर्की, तेरनियस तिर्की ने झापा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने पार्टी का अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया।

## कुडू में नहीं थम रहा हाथियों का आतंक, 15 दिनों में दर्जनों घरों और खेत में लगी फसल को किया बर्बाद



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू में हाथियों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। पिछले एक पखवाड़े से परखण्ड के विभिन्न गांव में घूम रहे इन हाथियों ने लगभग तीन दर्जन घरों को तोड़ दिया और खेतों में लगी फसलों को नष्ट कर दिया है। सोमवार की रात हाथियों का यह झुंड परखण्ड के इटरा बड़मारा गांव पहुंचा और फिर अपनी विध्वंशक कारवाई शुरू कर दी। और मनोज उरांव, संगीता उरांव, नागेश्वर उरांव, अकलू भगत के घरों को तोड़ डाला। प्रतिदिन किसी न किसी गांव में हो रहे हाथियों के इस हमले से क्षेत्रवासियों की नींद उड़ी हुई है। खासकर सुदूरवर्ती और जंगल्वर्ती इलाके में बसे गांव के लोगो को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग पूरी रात जागकर अपने घरों और फसलों की रखवाली करने पर मजबुर हैं। पीड़ित ग्रामीण प्रशासन से हाथियों से निजात दिलाने और नुकसान कि भरपाई के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

# जिला स्तरीय 63 वीं प्री सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखंड के निदेश के आलोक में झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा (शिक्षा विभाग) के तत्वाधान में 63वीं प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का जिला स्तरीय आयोजन संत स्तानिसलॉस उच्च विद्यालय, लोहरदगा के मैदान में की गई। यह आयोजन दिनाँक 25 से 27 जून 2024 तक अंडर-17 (बालक और बालिका) वर्ग तथा अंडर-15 बालक वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। आज प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, उप विकास आयुक्त, लोहरदगा,नीलम आईलीन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा सह डीपीओ, जेईपी, लोहरदगा, अशोक पांडेय, एपीओ, विश्वास दीपक झा, एपीएम सह प्रभाग




प्रभारी, आकाश कुमार, फील्ड मैनेजर एंव जीतेन्द्र मित्तल, सीआरपी, लोहरदगा आदि के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उपविकास आयुक्त, लोहरदगा ने कहा कि खेल खिलाड़ियों में अनुशासन और उनमें टीम भावना के साथ साथ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है। खेलों में निरंतर अभ्यास करने से ही सफलता मिलती है। साथ ही फुटबॉल प्रतियोगिता का यह खेल छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व में निखारने का कार्य करती है। लगातार अभ्यास करने से इसमें निखार आता है। राज्य स्तरीय खेल के लिए शुभकामना दिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा ने कहा कि राज्य स्तर पर जिले का प्रदर्शन अच्छा हो इसके लिए यह आवश्यक है कि चयनित टीम लगातार अभ्यास करें एवं खेल की बारीकियां को समझे तथा खेल को खेल की भावनाओं से खेलें। इस प्रतियोगिता में जिला के प्रखण्ड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के सभी प्रखण्ड विजेता टीमों के अंडर-17 वर्ग में बालक और बालिका और अंडर ढ्5 वर्ग में बालक की टीमें भाग ली। कार्यक्रम के मंचीय संचालन अशोक पांडेय ,एपीओ, लोहरदगा द्वारा किया गया। जिला स्तर पर विजयी टीम प्रमंडल स्तर पर जुलाई 2024 से होने वाले प्रतियोगिता में जिला का रांची में प्रतिनिधित्व करेगी। मैच के सफल संचालन हेतु शिक्षा विभाग से संजय उरांव, शैलेन्द्र सुमन, जीतेंद्र मित्तल, रश्मि खेस, खुशबू सिंह, सारू उराँव, रंजू साहू, संतोष टोप्पो, विपिन किशोर, ज्ञानप्रकाश कुजूर आदि अपना योगदान दे रहे हैं। साथ ही चिकित्सा विभाग के चिकित्साकर्मी भी खेल के दौरान अपनी सेवा दे रहें हैं। मैच का संचालन लोहरदगा जिले के रजिस्टर्ड रेफरियों द्वारा किया जा रहा है जिनमें अनिल मुंडा, बासुदेव उराँव, इंदु उराँव, अभिषेक साहू, सूरज उरांव, अंगद लोहरा, कृष्णा उराँव, शिवा उराँव, आशीष उराँव, रीतू कुजूर, सोनी कुमारी, निर्मला कुमारी आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार पांडेय, फील्ड मैनेजर आकाश कुमार,प्रशिक्षक अरुण राम, महबूब आलम,डाइट चिरी के प्रभारी प्राचार्य अमृता ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एपीओ अशोक कुमार पांडेय ने बतलाया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य सतत विकास करना, स्वमूल्यांकन करना होता है। परिस्थितियों के बदलने के साथ ही अपने आप को भी परिवर्तन करना होगा। शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि होता है, हमारा भी दायित्व है कि हम विद्यालय के बच्चों को बेहतर माहौल देखकर उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग करें। फील्ड मैनेजर आकाश कुमार




ने बतलाया कि प्रशिक्षण कार्यशाला से शिक्षकों के में बौद्धिक विकास होता है, परिणाम स्वरुप बेहतर कार्य करने में हम सक्षम हो सकेंगे। प्रशिक्षके अरुण राम ने बतलाया कि पीएम श्री विद्यालय का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया है यह स्वयं में हीं उपलब्धि भरा है। पीएम श्री विद्यालय के सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्कूल लीडरशीप, मेन्टल हेल्थ, पीएमश्री स्कूल का एक्शन प्लान, नवाचार, आत्मरक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रोजेक्ट इम्पेक्ट इत्यादि विषयों पर जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षणोपरांत सभी अपने विद्यालय में बेहतर कर सकेंगे। प्रशिक्षक महबूब आलम ने बतलाया कि शिक्षण सत्र में उपस्थित सभी शिक्षकों के द्वारा समय उपस्थिति का अनुपालन कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसका सीधा लाभ बच्चों को मिलेगा। अमृता सिन्हा ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि प्रशिक्षण के दौरान एक दूसरे से जानकारी साझा कर कई उपयोगी जानकारी प्राप्त की जा सकती है जो आने वाले दिन में बेहतर कार्य योजना के निर्माण में सार्थक सिद्ध होगा। इस अवसर पर सुजाता कुजूर, रश्मि कुजूर, मीरा उरांव, चंचल कुमारी, आरती, सोनी टोप्पो, सजीत एक्का, पीतरूस उरांव, पंकज कुमार, राजश्री भगत सहित जिला के सभी पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया।

## चलते चलते एक नजर

### पानी सत्याग्रह पर बैठीं जलमंत्री आतिशी की तबीयत बिगड़ी, आईसीयू में भर्ती



**नई दिल्ली :** दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए बीते पांच दिनों से अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' पर बैठी जल मंत्री आतिशी की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है और अनशन पर विराम लग गया। आम आमदी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि उनका ब्लड शुगर लेवल गिरकर 36 पर आ गया है। डॉक्टरों द्वारा उनकी जान को खतरा बताने पर हम उन्हें रात को ही एलएनजेपी अस्पताल लेकर आए। वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने बताया कि आतिशी को आईसीयू में रखा गया है। हम सभी उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 3 सप्ताह से हरियाणा की भाजपा सरकार दिल्ली के हक का 100 एमजीडी नहीं दे रही है, जिससे 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। आतिशी ने दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए तमाम प्रयास किए, लेकिन कोई हल नहीं निकला। इसलिए मजबूर होकर पिछले पांच दिनों से वो भूख हड़ताल पर थीं। हम प्रधानमंत्री को पत्र भी लिख रहे हैं और संसद में भी पानी का मुद्दा उठाएंगे। उपराज्यपाल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से बात की है।राज्यसभा सदस्य एनडी गुप्ता ने कहा कि यह केवल आम आदमी पार्टी की नहीं, बल्कि हर दिल्लीवासी की गुहार है कि हरियाणा और केंद्र सरकार दिल्ली को उसके हक का पानी दे।

### कांग्रेस की पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की मुख्यालय में बैठक हुई। दो घंटे तक चली बैठक में आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अपनाई जानी वाली रणनीति पर चर्चा हुई। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। आज मंगलवार को हुई बैठक के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव में महाराष्ट्र द्वारा स्पष्ट संदेश देने के बाद देश अब बदलाव की ओर देख रहा है। हम महाराष्ट्र में हम लोकसभा चुनाव बिलकुल विपरीत परिस्थिति में लड़े। ऐसे में अभी से ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लगेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अपने पोस्ट में कहा, मैं पार्टी के अच्छे प्रदर्शन के लिए महाराष्ट्र कांग्रेस के हर एक नेता, कार्यकर्त्ता को बधाई देता हूं, बूथ एजेंट को बधाई देता हूं और हम महाराष्ट्र की जनता को धन्यवाद करते हैं।卐 उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने महाराष्ट्र को देश का सबसे समृद्ध और विकाशील राज्य बनाया था, पर भाजपा की सरकार ने उद्योग चौपट कर दिया।

### मुख्यमंत्री से मिले भारतीय सेना के कमांडिंग-इन-चीफ रामचंद्र तिवारी

# सेना की बहाली में आदिवासियों को मिले अवसर : चंपाई सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ,ईस्टर्न कमांड और लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जाट रेजीमेंट, बिहार रेजीमेंट, पंजाब रेजीमेंट, सिख रेजीमेंट और मद्रास रेजीमेंट आदि की तर्ज पर आदिवासी रेजीमेंट बनाने से संबंधित अपनी भावना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आदिवासी रेजीमेंट के गठन से देश भर के आदिवासियों को सेना में अलग पहचान भी मिलेगी ।

### झारखंड में भी इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी बनाने में राज्य सरकार सहयोग करेगी

इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने झारखंड में भी पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन का प्रस्ताव रखा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में सेना द्वारा प्रस्ताव मिलने पर सरकार पूरा सहयोग करेगी। ज्ञातव्य है कि सेना के इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी में भूतपूर्व सैनिक होते हैं, जो पर्यावरण के लिए कार्य करते हैं। झारखंड में इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सेना भी बड़े स्तर पर अपना योगदान कर सकेगी। खासकर इस राज्य के भौगोलिक परिवेश को देखते हुए जंगलों और खनन क्षेत्र में वृक्षारोपण और अन्य माध्यमो से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

### फौज बहाली में आदिवासियों को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले



मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना में झारखंड के आदिवासी युवा अपनी सेवा देते आ रहे हैं । फौज बहाली में यहां के आदिवासियों को और ज्यादा से ज्यादा अवसर प्राप्त हो, इसमें सेना आदिवासियों को आगे लाने की दिशा में पहल करें। लेफ्टिनेंट जनरल श्री रामचंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया क इस दिशा में सेना की स्थानीय जीओसी के माध्यम से आदिवासियों को सेना बहाली के योग्य तैयार करने के लिए प्रशिक्षण समेत अन्य सभी सहयोग किया जाएगा।

### डूरंड कप के आयोजन में सहयोग करने के लिए जताया आभार

लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने बताया कि डुरंड कप एशिया की सबसे पुरानी और विश्व की दूसरी सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है।

इस बार जमशेदपुर की मेजबानी में इस प्रतियोगिता का आयोजन होना है, जिसमे राज्य सरकार हर स्तर पर सहयोग कर रही है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल राजेंद्र पुरी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, कर्नल वीएस आडकर और मेजर जनरल एमपी सिंह मौजूद थे।

# सदर अस्पताल में लापरवाही का आलम झामुमो ने की डीसी से कार्रवाई की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा सदर अस्पताल में लापरवाही का जबरदस्त आलम बना हुआ है। यहां आए दिन लागातर मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में झामुमो के प्रतिनिधि मंडल ने डीसी शेखर जमुआर को आवेदन सौंप कर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की शिकायत करते हुए प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। डीसी को सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि सदर अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों द्वारा लगातार लापरवाही की जा रही है। गत सोमवार की संध्या पचपड़वा में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके शव को सदर हॉस्पिटल लाया गया। इस दौरान यहां कोई भी कर्मी, प्रबंधक या चिकित्सक सहयोग के लिए मौजूद नहीं थे। वास्तविक जानकारी के लिए रात्रि नौ बजे से 11 बजे का तक सीसीटीवी की जांच कराई जा सकती है। आवेदन में कहा गया है कि हत्या जैसे गंभीर अपराध में जहां एक ओर पुलिस प्रशासन तथा जिला प्रशासन सक्रियता के साथ सजग होकर काम कर रही थी।

वहीं दूसरी और अस्पताल प्रबंधन का लापरवाह रवैया सोच से परे था। ऐसी हरकतों से स्थानीय जन प्रतिनिधि की बदनामी हो रही है। झामुमो नेताओं ने कहा है कि इस मामले की जांच कर लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। यदि भविष्य में पुनः ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो जनहित में ऐसे भ्रष्ट, असंवेदनशील एवं लापरवाह अधिकारियों का झामुमो लोकतंत्रिक रूप से विरोध करेगी। आवेदन सौंपने वालों में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर आदि का नाम शामिल है।

# एसपीडी कॉलेज में मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गढ़वा :** सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज में मंगलवार को एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि मादक पदार्थों के निरंतर उपयोग से मनुष्य में अनेक तरह की शारीरिक विकृतियां आ सकती हैं।प्राचार्य ने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्थिति को विकृत कर देता है। ऐस करने से व्यसनी की आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है और उसके सामाजिक संबंध खराब हो जाते हैं। व्यक्ति अपने समस्याओं के समाधान के लिए मादक पदार्थों का प्रयोग करने लगता है। समस्याओं के हल के बजाए उसकी समस्याओं में वृद्धि होने लगती है। मादक पदार्थ शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को नष्ट करना आरंभ कर देते हैं। इस स्थिति में वह स्वयं के लिए किसी प्रकार का उपार्जन करने में असमर्थ हो जाता है जबकि व्यसन से उसके मादक प्रदार्थ को खरीदने के लिए अधिक धन की आवश्यकता पड़ती है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कमलेश सिन्हा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. धीरज कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर मोजाहिम अंसारी, आयुष केशरी, अभिषेक कुमार, विकास कुमार, नितेश कुमार तिवारी, छोटू कुमार, दिवाकर कुमार रजक, सुरज कुमार, बिरेन्द्र कुमार, पिंकी कुमारी, सलोनी पाण्डेय, आशा कुमारी, मीना कुमारी, संतोष चौधरी, निशा कुमारी आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने आपातकाल लगा कर भारतीय राजनीति के इतिहास पर लगाया कलंक : जेपी नड्डा

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी मंगलवार को आपातकाल को काला दिवस के रूप में मना रही है। आज भाजपा मुख्यालय में आयोजित लोकतंत्र के काले दिन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगा कर भारतीय राजनीति के इतिहास पर कलंक लगाया है। कांग्रेस की सोच में उनकी कार्यशैली में प्रजातंत्र की कोई गुंजाइश ही नहीं है। जिसने विरोध किया, उसे समाप्त करने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी है।नड्डा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज भी कांग्रेस जिस तरह से आचरण कर रही है, उससे उनके रौबदार रवैये का पता चलता है। वे लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव सशर्त कराना चाहते हैं। विडंबना यह है कि कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में, जहां इंडी गठबंधन सत्तारूढ़ है, वहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद सत्तारूढ़ दल के सदस्यों के पास है। तेलंगाना में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों अपने बनाए हैं। कनार्टक में इनका ही स्पीकर और इनका ही डिप्टी सपीकर है। पश्चिम बंगाल में भी टीएमसी का ही स्पीकर और डिप्टी स्पीकर है। ये ऐसे लोग हैं, जो दोहरे मापदंड में जीते हैं। यह कांग्रेस पार्टी का पाखंड है, जो बेनकाब हो रहा है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे आपातकाल का दंश झेल चुके लोगों से मिलें और यह जानने की कोशिश करें कि तब स्थिति क्या थी।

# पेपर लीक पर अध्यादेश लाई योगी सरकार

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी मंगलवार को आपातकाल को काला दिवस के रूप में मना रही है। आज भाजपा मुख्यालय में आयोजित लोकतंत्र के काले दिन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगा कर भारतीय राजनीति के इतिहास पर कलंक लगाया है। कांग्रेस की सोच में उनकी कार्यशैली में प्रजातंत्र की कोई गुंजाइश ही नहीं है। जिसने विरोध किया, उसे समाप्त करने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी है।नड्डा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज भी कांग्रेस जिस तरह से आचरण कर रही है, उससे उनके रौबदार रवैये का पता चलता है। वे लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव सशर्त कराना चाहते हैं। विडंबना यह है कि कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में, जहां इंडी गठबंधन सत्तारूढ़ है, वहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद सत्तारूढ़ दल के सदस्यों के पास है। तेलंगाना में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों अपने बनाए हैं। कनार्टक में इनका ही स्पीकर और इनका ही डिप्टी सपीकर है। पश्चिम बंगाल में भी टीएमसी का ही स्पीकर और डिप्टी स्पीकर है। ये ऐसे लोग हैं, जो दोहरे मापदंड में जीते हैं। यह कांग्रेस पार्टी का पाखंड है, जो बेनकाब हो रहा है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे आपातकाल का दंश झेल चुके लोगों से मिलें और यह जानने की कोशिश करें कि तब स्थिति क्या थी।

### बांग्लादेशी आतंकी मॉड्यूल का एक और आतंकवादी हावड़ा स्टेशन के पास गिरफ्तार

**कोलकाता :** बांग्लादेश के प्रतिबंधित आतंकी संगठन शहादत मॉड्यूल के एक और सदस्य को पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। वह बंगाल छोड़कर भागने की फिराक में है, लेकिन एसटीएफ की टीम ने लोकल थाने की मदद से उसे हावड़ा स्टेशन के पास घेरकर धर दबोचा। एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी का नाम हारिज शेख है, जो नदिया जिले के मायापुर का रहने वाला है। शनिवार को पश्चिम बर्दवान के कांकसा इलाके से मोहम्मद हबीबुल्लाह नाम के एक आतंकवादी को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था।

### गैसोलीन के साथ 12 प्रतिशत इथेनॉल का उत्पादन करता है भारत प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज यहां भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय चीनी संगठन (आईएसओ) की 64वीं परिषद बैठक का उद्घाटन किया। उद्घाटन भाषण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लगभग 5 करोड़ किसान गन्ने की खेती में लगे हुए हैं और यह उद्योग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के पर्याप्त अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत गैसोलीन के साथ 12 प्रतिशत इथेनॉल का उत्पादन करता है। जल्द ही हम 20 प्रतिशत का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

झारखण्ड उच्च न्यायालय

ई-सेवाओं के लिए QR निर्देशिका

निम्नलिखित सेवाओं हेतु एवं वेबसाइट पर जाने हेतु क्यू.आर. कोड को अपने स्मार्ट फोन से स्कैन करें

झारखण्ड उच्च न्यायालय झारखण्ड उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट

डिस्प्ले बोर्ड न्यायालयों में चल रहे सुनवाई की स्थिति जानने हेतु

ऑनलाइन कोर्ट शुल्क वादी/अधिवक्ता द्वारा ऑनलाइन शुल्क भुगतान करने हेतु

झालसा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की आधिकारिक वेबसाइट

वाद सूची झारखण्ड उच्च न्यायालय की संपूर्ण वाद सूची देखने के लिए

ई-न्यायालय सेवाएँ सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमिटि द्वारा प्रदान की गई ई-न्यायालय सेवाएँ

न्यायिक अकादमी झारखण्ड न्यायिक अकादमी झारखण्ड की आधिकारिक वेबसाइट

मामले की स्थिति/ आदेश और निर्णय झारखण्ड उच्च न्यायालय के आदेश और निर्णय की जानकारी हेतु

ई-फाइलिंग ऑनलाइन केस दर्ज करने हेतु

झारखण्ड के जिला अदालत झारखण्ड के जिला अदालत के वेबसाइट को देखने के लिए

ऑनलाइन अभिप्रमाणित प्रतियाँ आदेश एवं निर्णय की अभिप्रमाणित प्रति हेतु ऑनलाइन आवेदन

ई-एस.सी.आर. सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के छपने योग्य निर्णयों को ऑनलाइन खोजने के लिए

उच्च न्यायालय का आभाषी दौरा नवनिर्मित उच्च न्यायालय का आभाषी दौरा

ई-भुगतान नए वाद एवं मौजूदा मामलों के लिए डिजिटल भुगतान

तकनीकी टीम सी.पी.सी. कार्यालय, झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा तैयार

PR NO-327692 (Law) 24-25